| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 26.8 | 23.1 |
| जमशेदपुर | 24.2 | 17.7 |
| डालटनगंज | 28.0 | 18.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

गुरुवार 21 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 333

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





पेज 09

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,600 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### राधाकृष्णन ने तेलंगाना में शपथ ग्रहण की



**हैदराबाद।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में शपथ ली. तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में सीपी राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. तमिलिसाई सुंदरराजन के इस्तीफे के बाद सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना और पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

### पहले फेज के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने पहले फेज में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी. पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है, जिसके लिए नामांकन की प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू हो गई है. पहले फेज में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है. हालांकि, बिहार में पहले चरण में जिन लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है, उनके लिए आखिरी तारीख 28 मार्च की गई है.

### पीलीभीत से वरुण ने नामांकन पत्र खरीदा

**पीलीभीत (उप्र)।** पीलीभीत से भाजपा के सांसद वरुण गांधी के प्रतिनिधियों ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्रों के चार सेट खरीदे. वरुण गांधी के प्रवक्ता एमआर मलिक ने बताया कि गांधी के निर्देश पर उन्होंने नामांकन पत्रों के चार सेट खरीदे हैं, जिनमें दो हिंदी और दो सेट अंग्रेजी भाषा में हैं. सीट बदलने की अटकलों को विराम देते हुए उन्होंने कहा, गांधी इसी सीट से भाजपा के उम्मीदवार होंगे. हालांकि भाजपा ने अभी तक पीलीभीत से उम्मीदवार घोषित नहीं किया है.

### धौनी के साथ ठगी केस में कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धौनी की ओर से दर्ज मामले में संज्ञान लिया है. दरअसल अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ महेंद्र सिंह धौनी ने कंप्लेन केस किया है. जिसपर न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत में सुनवाई चल रही है. यह मामला 15 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े से जुड़ा हुआ है. मिहिर दिवाकर धौनी के करीबी दोस्त और बिजनेस पार्टनर भी रहे हैं.

**चुनावी समर 2024**

बुधवार को कांग्रेस पार्टी फुल फॉर्म में नजर आयी. भाजपा समेत कई दलों के बड़े नेताओं को पार्टी ने अपने खेमे में कर लिया. झारखंड से वर्तमान में मांडू विस सीट से विधायक जेपी पटेल (भाजपा में थे), बिहार से पूर्व सांसद पप्पू यादव, जम्मू-कश्मीर से पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह, यूपी से दानिश अली कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए. पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का विलय भी कांग्रेस में कर दिया है. इस तरह 20 मार्च को कांग्रेस राजनीतिक पिच पूरी तरह से एक्टिव नजर आयी.

# झारखंड से पटेल, बिहार से पप्पू कांग्रेस में

## झारखंड में कांग्रेस की बड़ी सेंधमारी

- भाजपा को उसी के अंदाज में जवाब देने की तैयारी में इंडिया गठबंधन, पटेल हजारीबाग से हो सकते हैं कांग्रेस प्रत्याशी
- जेपी पटेल ने कहा : भाजपा ने हमारे पिता के सपने को पूरा नहीं किया, झारखंड में सभी सीट इंडिया गठबंधन को मिलेगी

कौशल आनंद। रांची

भाजपा के दो बड़े झटके बाद झारखंड में अब कांग्रेस ने बड़ी सेंधमारी कर दी है. पूर्व झामुमो नेता और वर्तमान में मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल कांग्रेस में शामिल हो गए. दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में पटेल ने कांग्रेस का दामन थामा. इस मौके पर राष्ट्रीय मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल नेता एवं मंत्री आलमगीर आलम आदि मौजूद थे. इन्होंने पटेल को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी.

**झारखंड गठन में टेकलाल महतो की अहम भूमिका, अब पूरा करेंगे : पटेल :** कांग्रेस में शामिल होने के बाद भाजपा विधायक जेपी पटेल ने कहा कि मैं किसी पर आरोप नहीं लगा रहा, मगर 2019 के लोकसभा चुनाव में 11 लोकसभा क्षेत्र में प्रचार करने का काम किया. टेकलाल महतो और उनके विचारों को लेकर भाजपा के लिए प्रचार किया. इतना ही उनके सहयोगी दल आजसू का भी प्रचार करने का काम किया. अपने समाज के लोगों के बीच जाकर प्रचंड बहुमत दिलाने का काम किया. मगर परिस्थिति ऐसी बनी. हमारे पिता झारखंड आंदोलन की बात करें तो विनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन के बाद टेकलाल महतो की अहम भूमिका रही. हमें उम्मीद थी कि मैं भाजपा में जाकर अपने पिता के सपने को साकार करने का काम करेंगे, मगर ऐसा नहीं हो सका. महागठबंधन के हमारे पिता हमेशा ही समर्थक रहे. इंडिया गठबंधन राहुल गांधी के नेतृत्व में दौड़ रहा है. उसका असर 2024 के चुनाव में दिखेगा. झारखंड में एक अलग राहुल गांधी के प्रति रुझान बढ़ा. झारखंड के 14 में से 14 सीट इंडिया गठबंधन को मिलेगी.



### कई नेता संपर्क में, आने वाले दिनों में कई और आएंगे : मीर

झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आने वाली राजनीति के लिए आज का इवेंट पटेल जी का कांग्रेस में शामिल होना, हम सब के लिए बड़ा संकेत हैं. इस तरह के काफी वरिष्ठ नेता, चाहे वह झारखंड हो या पश्चिम बंगाल, पिछले 23 दिनों से कई साथी कांग्रेस के संपर्क में हैं. कुछ तो कारण हो सकता है चुनावी मौसम, मगर कुछ ऐसे ज्वाइनिंग होगी, जो कांग्रेस पार्टी और भाजपा के नीतियों में फर्क को उजागर करता है.

## हजारीबाग लोकसभा: जेपी पटेल के कांग्रेसी होने के मायने

**रांची।** मांडू से तीन बार विधायक रहे जेपी पटेल बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए. प्रदेश भाजपा के वह सचेतक थे. पटेल वर्तमान में भाजपा से मांडू विधायक हैं और पार्टी में उनकी एक मजबूत पहचान रही है. माना जा रहा है पटेल को कांग्रेस हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाएगी. अगर ऐसा होता है, तो भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी. इसे हम लोकसभा व विधानसभा चुनावों व हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जातीय समीकरण से आसानी से समझ सकते हैं.

लोकसभा चुनाव को लेकर देखें, तो यदुनाथ पांडेय अपवाद थे. जेपी पटेल के पिता टेकलाल महतो जब तक लोकसभा चुनाव लड़ते रहे, तब तक भाजपा हारती रही. जब टेकलाल महतो गिरिडीह से चुनाव लड़ने चले गए, तब यशवंत सिन्हा चुनाव जीत पाए थे. पिछले दो-तीन लोस चुनावों को देखें, तो कांग्रेस के प्रत्याशी बिना प्रचार और मेहनत किए भी दो से ढाई लाख वोट लाते रहे हैं.

### विधानसभा परिणाम के आधार पर स्थिति

- **मांडू:** जेपी पटेल को छोड़ दें, दो यहां से भाजपा का समीकरण हमेशा से कमजोर रहा है. यह सीट जदयू के खाते में रही. जदयू से खीरू महतो सिर्फ एक बार चुनाव जीते.
- **बरकट्ठा :** विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा के लिए राह कठिन ही रही है. बहुत पहले चित्तरंजन प्रसाद भाजपा से विधायक रहे थे. जिसके बाद कभी नहीं.
- **बरही :** क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं. वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस के पूर्व विधायक मनोज यादव को अपने खेमे में लेकर भाजपा ने टिकट दिया. अकेला यादव एक दिन पहले कांग्रेस से टिकट लेकर लड़े और जीत गए. चुनाव से दो दिन पहले मोदी की रैली भी भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव को नहीं जीता पायी थी.
- **हजारीबाग :** देवदयाल कुशवाहा के बाद यह सीट भाजपा के हाथ से निकल गयी थी. सौरभ नारायण सिंह ने जब मैदान छोड़ दिया, तभी भाजपा से मनीष जायसवाल जीत पाए.
- **रामगढ़ :** पिछली बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी. उप चुनाव हुए तो आजसू ने जीत दर्ज की. भाजपा के पक्ष में हालात नहीं हैं.
- **बड़कागांव :** पिछले 15 साल से योगेंद्र साव के परिवार का इस विधानसभा क्षेत्र पर कब्जा है.

### इन घटनाक्रमों का असर

**जयंत सिन्हा :** जयंत सिन्हा को लेकर हजारीबाग का प्रबुद्ध वर्ग पांच सालों तक परेशान रहा. 1300 वोट से जीतने वाले को मंत्री पद और करीब पांच लाख वोट से जीतने वाले को किनारे करने को लेकर नाराज रहे. यहां तक कि टिकट भी काट दिया गया. टिकट कटने तक से कम परेशानी होती, लेकिन जिस तरह जयंत सिन्हा ने टिकट बंटवारे से एक दिन पहले खुद को राजनीति से अलग कर दिया, वह लोगों को खल रहा है.

**अंबा प्रसाद :** पूर्व मंत्री व कांग्रेस के नेता योगेंद्र साव और बड़कगांव से विधायक अंबा प्रसाद के यहां पिछले दिनों ईडी ने छापेमारी की. इस छापेमारी की वजह से तेली समाज आहत महसूस कर रहा है.

## पप्पू यादव ने 'जाप' का विलय किया



भाषा। नयी दिल्ली

पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए और अपनी जन अधिकार पार्टी (जाप) का विलय कर दिया. यादव और उनके पुत्र सार्थक ने कांग्रेस मुख्यालय में देश की सबसे पुरानी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. कांग्रेस के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश और पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी में उनका स्वागत किया. यादव ने कहा, मेरी विचारधारा हमेशा कांग्रेस की विचारधारा के करीब रही है...राहुल गांधी जी संघर्ष के प्रतीक हैं. उन्होंने देश के लिए एक उम्मीद जगाई है. उन्होंने कहा, कांग्रेस और लालू यादव मिलकर 2024 जीतेंगे और 2025 जीतेंगे. पप्पू यादव की पत्नी रंजीत रंजन भी कांग्रेस की नेता हैं और वह राज्यसभा सदस्य हैं. माना जा रहा है कि पप्पू यादव कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं.

### पूर्व सांसद लाल सिंह कांग्रेस में शामिल हुए



**पूर्व सांसद** और जम्मू-कश्मीर सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए. कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर प्रभारी भरत सिंह सोलंकी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वकार रसूल वाणी ने उनका पार्टी में स्वागत किया. सोलंकी ने कहा, चौधरी लाल सिंह के आने से जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस मजबूत होगी.

### कांग्रेस में शामिल हुए दानिश अली



**लोकसभा** सदस्य दानिश अली भी बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए. वह अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं. कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने पार्टी में उनका स्वागत किया. अली ने पिछले दिनों कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कसा राहुल पर तंज, कहा

## राजनीति में कुछ बार-बार लॉन्च हो रहे

भाषा। नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में कुछ को बार-बार लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है, जबकि स्टार्ट-अप की दुनिया में जब कोई एक असफल होता है तो इस स्थिति में दूसरा रास्ता अख्तियार कर लेता है. मोदी ने यहां स्टार्ट-अप महाकुंभ में किसी का नाम लिए बिना स्टार्ट-अप और राजनीति की तुलना करते हुए कहा, स्टार्ट-अप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ज्यादा...और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है.

शक्ति-ईवीएम पर ईसी से शिकायत

### भाजपा ने कहा- फौरन एक्शन लीजिए वरना...

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाली टिप्पणी और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर दिए गए बयान को लेकर चुनाव आयोग में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. बुधवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी बुधवार को नयी दिल्ली में भारत के चुनाव आयोग कार्यालय पहुंचे और वायनाड सांसद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की.

## अयोध्या पहुंची देसी गर्ल...



देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बुधवार को अयोध्या पहुंचीं. पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ राम लला के दर्शन भी किए. -फोटो : पीटीआई

## बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द, 15 मार्च को हुआ था एग्जाम

संवाददाता। पटना

बिहार में फिर से परीक्षा रद्द की गई. बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया है. बीपीएससी की ओर से इसके लिए नोटिस जारी कर दी गई है. बीपीएससी ने लिखा कि आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा लिखित सूचना दी गई है कि 15 मार्च को दो पालियों में ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र परीक्षा के पूर्व ही संगठित गिरोह के पास पहुंच गये थे. आर्थिक अपराध इकाई द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान और विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है. पेपरलीक मामले में बीपीएससी ने ईओयू से


### आर्थिक अपराध इकाई की लिखित सूचना पर आयोग का नोटिस जारी

मानक साक्ष्य की मांग की गयी थी. इसके बाद ईओयू ने पत्राचार के माध्यम से सूचना दिया गया कि अनुसंधान के क्रम में किसी भी प्रकार की सूचना व मुहरबंद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस किसी कार्यालय या इकाई के साथ नियमानुसार साझा नहीं किया जा सकता है. बीपीएससी ने कहा कि जांच के बाद अभ्यर्थियों के व्यापक हित को देखते हुये, कदाचार मुक्त व पारदर्शिता के साथ परीक्षाओं को आयोजित करने की आयोग की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 15 मार्च को ली गई दोनों पालियों की परीक्षा को रद्द किया जाता है.

## भोक्ता ने चतरा से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की

भाषा। रांची

लोकसभा चुनाव के लिए ''इंडिया'' गठबंधन की ओर से सीट-बंटवारे की घोषणा में देरी के बीच, झारखंड के मंत्री और राजद के विधायक सत्यानंद भोक्ता ने बुधवार को चतरा लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की. सत्यानंद भोक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह ''इंडिया'' गठबंधन का निर्णय है कि राजद चतरा से चुनाव लड़ेगी और पार्टी ने मुझे मैदान में उतारने का फैसला किया है. उन्होंने चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स प्रदर्शित करके चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरुआत कर दी है. उन्होंने कहा कि राजद ने ''इंडिया'' गठबंधन से अनुरोध किया था कि पार्टी को राज्य




के 14 लोकसभा क्षेत्रों में से चतरा और पलामू सीट से उम्मीदवार उतारने की अनुमति दी जाए. राजद नेता ने कहा, चतरा सीट को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है. पलामू के लिए चर्चा जारी है.


**चुनावी रणनीति** कुछ नेताओं ने बदली पार्टी, कई बदलने की सोच रहे, कई नेता दिल्ली में डाले हुए हैं डेरा

## मौसम से भी तेज पाला बदल रहे झारखंड के नेता

रवि भारती। रांची

झारखंड में मौसम से भी तेजी से नेता बदल रहे हैं. कई को झारखंड की राजनीति में अपने को स्थापित करना है. कुछ को टिकट हासिल करना है. यह सब लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ शुरू हो गया है. मंगलवार को झामुमो विधायक सीता सोरेन ने दिल्ली में भाजपा का दामन थाम लिया. इसके बाद सूबे में सियासी हलचल मच गई. झामुमो भी डैमेज कंट्रोल में जुट गया. यह सिर्फ एक दल में ही नहीं दूसरे दलों के नेता भी अपना भविष्य संवारने के लिए तेजी से पाला और पार्टी बदल रहे हैं. राजनीति के गलियारों में कयासों और आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है.

### टिकट के लिए भाजपा की हो गईं गीता



कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा ने कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा के साथ हो गई. पश्चिमी सिंहभूम से गीता कोड़ा को भाजपा ने टिकट भी दे दिया. इसके साथ ही राजद नेता घूरन राम ने भी भाजपा का दामन थाम लिया. वहीं प्रदेश स्तर के कई नेता-कार्यकर्ता भी इधर से उधर जा रहे हैं.

### कांग्रेस के साथ हो लिए जेपी पटेल

मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस का दामन थाम लिया. झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी. इससे पहले 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले जेपी पटेल ने भाजपा का दामन थाम लिया था. इसके बाद भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने जीत भी हासिल की थी.

### राज पालिवार भी कांग्रेस में तलाश रहे संभावना

झारखंड के पूर्व मंत्री और मधुपुर से भाजपा विधायक रहे राज पालिवार के भी कांग्रेस में जाने के कयास लगाए जा रहे हैं. राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा हो रही है कि वे गोड्डा से चुनाव लड़ना चाहते हैं. राज पालिवार लंबे समय से भाजपा से नाराज चल रहे हैं. राज पालिवार 2014 में मधुपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीते थे. उन्हें रघुवर सरकार में श्रम मंत्री बनाया गया था. 2019 में वे चुनाव हार गये थे. 2021 से राज पालिवार भाजपा से नाराज चल रहे हैं.

### पूर्णिमा नीरज सिंह के भी दल बदलने की चर्चा



चर्चा है कि झरिया विधानसभा से कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह कांग्रेस छोड़ कर भाजपा ज्वाइन कर सकती हैं. पूर्णिमा इस वक्त दिल्ली में मौजूद हैं और वहीं पर बीजेपी ज्वाइन कर सकती हैं. चर्चा यह भी है कि भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्णिमा को धनबाद लोकसभा सीट से पार्टी अपना उम्मीदवार भी बना सकती है. कुछ दिन पूर्व प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने दौरा किया था. उसी दौरान पूर्णिमा को धनबाद लोस से उम्मीदवार बनाने की चर्चा हुई थी, लेकिन विधायक ने यह जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया था.

### दिल्ली से तय हो रही झारखंड की सियासत

झारखंड की सियासत दिल्ली से तय हो रही है. कई नेता दिल्ली में अब भी जमे हुए हैं. इरफान अंसारी, जेपी पटेल, राज पालिवार, पूर्णिमा नीरज सिंह दिल्ली में हैं. ये सभी टिकट हासिल करने की दौड़ में शामिल हैं. खबर है कि कांग्रेस झारखंड में सात सीटों पर चुनाव लड़ेगी. झामुमो पांच सीट पर, एक सीट पर राजद और एक सीट पर माले चुनाव लड़ेगी. हालांकि अब तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है. वहीं भाजपा ने भी अब तक धनबाद, गिरिडीह और चतरा में उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है.

### राजमहल से विजय हांसदा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया, तो झामुमो छोड़ सकते हैं लोबिन हेंब्रम

# भाजपा का ऑपरेशन संथाल : सीता के बाद अब लोबिन हेंब्रम हैं निशाने पर

कौशल आनंद। रांची

भाजपा का ऑपरेशन झामुमो और संथाल मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है. झामुमो और गुरुजी परिवार में बड़ी सेंधमारी के बाद अब भाजपा की नजर पार्टी के बागी विधायक और संथाल के कद्दावर नेता लोबिन हेंब्रम पर है. लोबिन भाजपा के निशाने पर हैं.

भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है. लोबिन को लेकर भाजपा वेट एंड वॉच की मुद्रा में है. झामुमो की ओर से जो संकेत मिल रहे हैं, उससे लगता है कि वह पार्टी छोड़ सकते हैं. मगर लोबिन हेंब्रम उस समय तक इंतजार करेंगे, जब तक झामुमो की ओर से राजमहल सीट से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो जाती है. मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही झामुमो राजमहल से अपने सिटिंग एमपी विजय हांसदा को प्रत्याशी घोषित करेगा, लोबिन पार्टी छोड़ सकते हैं. इसके बाद ही भाजपा लोबिन को अपने पाले में लाने का प्रयास तेज करेगी. हालांकि भाजपा ने राजमहल से ताला मरांडी को प्रत्याशी बनाया है. क्या भाजपा लोबिन को अपने खेमे में करके राजमहल से प्रत्याशी बदल पाएगी, यह भी देखने वाली बात होगी.



### लोबिन झापा से भी संपर्क में, झारखंड पार्टी खुलेआम दे चुकी है पार्टी में आने का ऑफर

लोबिन पर नजर केवल भाजपा की नहीं है, बल्कि झापा के दो रणनीतिकार कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार और महासचिव अशोक भगत भी लोबिन के संपर्क में हैं. कुछ दिन पूर्व दोनों नेताओं ने प्रेस वार्ता कर लोबिन को अपनी पार्टी में शामिल होना न्योता दिया था. कहा था कि एक झारखंड आंदोलनकारी और जल, जंगल, जमीन को लेकर मुखर रहे नेता को झामुमो लगातार अपमानित व उपेक्षित कर रहा है. चूंकि झापा के राजनीति का केंद्र बिंदु भी यही रहा है, इसलिए लोबिन जी झापा में आ जाएं.

**सीता के पाला बदलने के बाद नफा-नुकसान आंकने व डैमेज कंट्रोल में जुटे हैं झामुमो के रणनीतिकार**

### एक चर्चा यह भी... सुनील का टिकट बैक कर सीता को दुमका से लड़ा सकती है भाजपा

सीता सोरेन के भाजपा में जाने के बाद संथालपरगना हॉट केक बन गया है.

राजनीतिक गलियारे में इस बात की चर्चा जोर-शोर से हो रही है कि भाजपा अपने सिटिंग एमपी सुनील सोरेन का टिकट बैक कर सीता सोरेन को भी दुमका से उतार सकती है. हालांकि ऐसा करना भाजपा के लिए भी आसान नहीं होगा. क्योंकि सुनील सोरेन इतनी आसानी से इसे पचा पाएं, ऐसा संभव नहीं लगता .ऐसे में सुनील सोरेन भी पाला बदल कर झामुमो के खेमे आ सकते और सीता के खिलाफ तीर-धनुष उठा सकते हैं.

### चुनावी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं झामुमो के रणनीतिकार

सीता सोरेन के पार्टी छोड़ने के बाद अब झामुमो के रणनीतिकार इसके नफा-नुकसान का आकलन करने के साथ ही साथ डैमेज कंट्रोल में जुट गये हैं. आनेवाले दिनों में सीता सोरेन का विकल्प तलाशने और उनके पाला बदलने से पार्टी पर जो असर पड़ा है, उसे कम करने के लिए कई रणनीति पर एक साथ काम हो रहा है. झामुमो सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आनेवाले दिनों में कई चौंकानेवाले निर्णय सामने आ सकते हैं .संभावना है कि भाजपा के भी कई बड़े नेता झामुमो में शामिल हो सकते हैं.

### सरकारी भवनों में लगा 38,953 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट

# सौर ऊर्जा से जगमग हो रहा झारखंड, 80 करोड़ की बचत भी

रवि भारती। रांची

राज्य के लोगों का रुझान सौर ऊर्जा की ओर लगातार बढ़ रहा है. कोयले की कमी और थर्मल पावर प्लांट के प्लांट के ट्रिप होने की लगातार समस्याएं भी सामने आती रहती हैं. इस कारण राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र सौर ऊर्जा को अपना रहे हैं. राज्य सरकार ने अब तक सभी जिले के 1931 भवनों में 38953 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित कर लिया है. सबसे अधिक राजधानी रांची के 240 सरकारी भवनों में सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं.

### 80 करोड़ रुपये की बचत भी होती है

सरकारी भवनों में सोलर पावर प्लांट लगाने से सरकार को अब तक 80 करोड़ रुपये की बचत हो चुकी है. एक मेगावाट का पावर प्लांट स्थापित करने में लगभग सात करोड़ रुपये का खर्च आता है, जबकि एक किलोवाट का सोलर पावर प्लांट स्थापित करने में औसतन 50 हजार रुपये का खर्च आता है. एक मेगावाट में 1000 किलोवाट होता है. 40 हजार किलोवाट (40 मेगावाट) का सोलर पावर प्लांट लगाने में लगभग 200 करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जबकि 40 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाने में लगभग 280 करोड़ रुपये खर्च आएगा. राज्य सरकार ने अब तक सरकारी भवनों में लगभग 40 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट स्थापित कर लिया है.



- एक किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगाने में खर्च होते हैं 50 हजार रुपये
- **एक मेगावाट का पावर प्लांट स्थापित करने में खर्च होते हैं सात करोड़**
- एक मेगावाट में 1000 किलोवाट होता है बिजली का उत्पादन

### पांच जिलों के 50 गांवों में 1885.5 किलोवाट का सोलर प्लांट

राज्य के पांच जिलों के 50 गांवों में 1885 .5 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट स्थापित कर लिया गया है. इसमें साहिबगंज के 17 गांव में 665 .5 किलोवाट का प्लांट स्थापित किया गया है. गढ़वा के 19 गांव में 709 किलोवाट के प्लांट स्थापित किए गए हैं. चतरा के नौ गांव में 332 किलोवाट के प्लांट स्थापित किए गए हैं. हजारीबाग के एक गांव में 35 और सिमडेगा के चार गांव में 74 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट स्थापित किए गए हैं.

**जिले के कितने सरकारी भवनों में लगा प्लांट**

| जिला | भवनों की संख्या | सोलर प्लांट |
|---|---|---|
| बोकारो | 98 | 1785 |
| चतरा | 108 | 1666 |
| देवघर | 56 | 1294 |
| धनबाद | 84 | 2224 |
| दुमका | 89 | 1870 |
| पूर्वी सिंहभूम | 83 | 1588 |
| गढ़वा | 85 | 1313 |
| गिरिडीह | 115 | 2005 |
| गोड्डा | 68 | 1295 |
| गुमला | 70 | 1415 |
| हजारीबाग | 86 | 2142 |
| जामताड़ा | 64 | 951 |
| खूंटी | 38 | 821 |
| कोडरमा | 41 | 776 |
| लातेहार | 51 | 797 |
| लोहरदगा | 37 | 605 |
| पाकुड़ | 39 | 711 |
| पलामू | 114 | 1861 |
| रामगढ़ | 58 | 1022 |
| रांची | 240 | 7262 |
| साहेबगंज | 64 | 1165 |
| सरायकेला | 56 | 901 |
| सिमडेगा | 71 | 1401 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 120 | 2028 |

(क्षमता किलोवाट में)

> एक मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाने में लगभग सात करोड़ रुपए खर्च आता है, जबकि एक किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगाने में औसतन 50 हजार रुपये खर्च आता है. **एमसी कर्ण**, जीएम, एनटीपीसी

### सोरेन परिवार का कलह खुलकर आ गया सामने

# दुर्गा के नाम पर सीता-कल्पना में वाकयुद्ध, विवाद में बच्चे भी कूदे

सत्य शरण मिश्रा। रांची

जामा विधायक सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के साथ ही सोरेन परिवार का कलह खुलकर सामने आ गया है. सोरेन परिवार ट्विटर पर एक दूसरे पर हमले पर हमले कर रहे हैं. स्व दुर्गा सोरेन के नाम पर सोशल मीडिया में सोरेन परिवार का सियासी दांव-पेंच खूब चर्चा में है. देवरानी और जेठानी के वाकयुद्ध में अब घर के बच्चे भी कूद पड़े हैं. सीता की दोनों बेटियां जयश्री और राजश्री सोरेन ने ट्विटर (एक्स) पर अपनी चाची को नसीहत दी है. उधर सीता ने भी कह दिया कि दुर्गा सोरेन के नाम की दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग मुंह में उंगली नहीं डालें. नहीं तो वह भयावह सच्चाई उजागर कर देंगी. मंगलवार को सीता सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं. उन्होंने झामुमो पर अपना और अपने परिवार का उपेक्षा करने का आरोप लगाया. सीता ने कहा कि उनके पति स्व. दुर्गा सोरेन ने झारखंड और झामुमो के लिए त्याग और बलिदान दिया, लेकिन उनके निधन के बाद से ही उनका परिवार लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहा है. इसके बाद बुधवार सुबह कल्पना सोरेन ने भी दुर्गा सोरेन और हेमंत के संबंधों को लेकर ट्विटर पर एक फोटो के साथ पोस्ट डाला. बस विवाद यहीं से गहरा गया.

**अपनी हकीकत छिपाने के लिए मेरे पिता के नाम का इस्तेमाल न करें : राजश्री/जयश्री :** कल्पना सोरेन के ट्वीट के बाद दोपहर में सीता सोरेन की बेटियां राजश्री सोरेन और जयश्री सोरेन ने भी अपनी चाची कल्पना सोरेन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. कल्पना सोरेन के ट्विट पर रिप्लाई करते हुए राजश्री सोरेन ने लिखा कि 'मेरे पिता अपने लोगों के संरक्षक थे. उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी. वह लोगों की आवाज़ थे. उन्होंने झामुमो को मजबूत बनाने में अपना खून-पसीना बहाया. कृपया अपनी वास्तविकता छिपाने के लिए मेरे पिता के नाम का उपयोग न करें.' दूसरी बेटी जयश्री सोरेन ने अपनी बहन के ट्विट को रिवीट किया.

### हेमंत सोरेन का दुर्गा सोरेन के प्रति आदर, सम्मान और प्यार देखा था : कल्पना



हेमंत सोरेन के ट्विटर (एक्स) से ट्विट करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत के लिए दुर्गा सोरेन सिर्फ बड़े भाई नहीं बल्कि पिता तुल्य अभिभावक के रूप में रहे. 2006 में जब वे शादी करके सोरेन परिवार में आईं, तब उन्होंने हेमंत सोरेन का अपने बड़े भाई के प्रति आदर, समर्पण और दुर्गा सोरेन का हेमंत के प्रति प्यार देखा. हेमंत तो राजनीति में आना ही नहीं चाहते थे, लेकिन दुर्गा सोरेन के निधन और शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें राजनीति में आना पड़ा. हेमंत ने राजनीति को नहीं बल्कि राजनीति ने उन्हें चुन लिया. जिन्होंने आर्किटेक्ट बनने की ठानी थी, उनके उपर शिबू और दुर्गा सोरेन की विरासत और संघर्ष को आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी थी. उन्हीं के संघर्षों को आगे बढ़ाते और पूंजीपतियों-सामंतवादियों के खिलाफ लड़ते हुए आज हेमंत जेल चले गये. वे झुके नहीं.

### मुंह में उंगली नहीं डालें, हमने मुंह खोला तो भयावह सच्चाई उजागर होगी : सीता



इसके बाद देर शाम सीता सोरेन भी देवरानी पर सोशल मीडिया में बरस पड़ीं. कहा दुर्गा सोरेन के नाम की दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग मुंह में उंगली नही डालें. अगर मैं और मेरे बच्चों ने मुंह खोला तो भयावह सच्चाई उजागर होगी. इससे कितनों की राजनीतिक सत्ता सुख का सपना चूर-चूर हो जायेगा. झारखंड की जनता उन पर थूकेंगी, जिन्होंने दुर्गा सोरेन और उनके लोगों को मिटाने की साजिश की. सीता ने कहा दुर्गा सोरेन के निधन के बाद से मेरे और मेरे बच्चों के जीवन में जो परिवर्तन आया, वह किसी भयावह सपने से कम नहीं था. मुझे और मेरी बेटियों को न केवल उपेक्षित किया गया, बल्कि हमें सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी अलग-थलग कर दिया गया. कहा कि मेरे इस्तीफे के पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है.

### झारखंड : कृषि कार्य में सबसे अधिक 57 लाख मजदूर लगे हैं

# मजदूरों की संख्या 92 लाख पार

रवि भारती। रांची

झारखंड में मजदूरों की संख्या अब 92 लाख 72 हजार 69 हो गई है. इनमें सबसे ज्यादा मजदूर कृषि कार्य में लगे हुए हैं. कृषि कार्य में 57 लाख 45 हजार 326 मजदूर लगे हुए हैं. इसके बाद घरेलू कार्यों में आठ लाख 77 हजार 417 मजदूर काम कर रहे हैं. यह खुलासा राज्य सरकार के आंकड़ों से हुआ है. आंकड़ों के अनुसार, अन्य कार्यों (मिसलेनियस) में तीन लाख एक हजार 825 मजदूर कार्यरत हैं.

**कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में छह लाख से अधिक मजदूर :** राज्य में कंट्रक्शन के क्षेत्र में छह लाख आठ हजार 842 मजदूर काम कर रहे हैं,जबकि कपड़ा उद्योग में तीन लाख तीन हजार 523 मजदूरों की भागीदारी है. मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी मजदूरों की संख्या में इजाफा हुआ है. इस क्षेत्र में दो लाख 95 हजार 187 मजदूर काम कर रहे हैं.

**किस सेक्टर में कितने मजदूर**



| सेक्टर | मजदूरों की संख्या |
|---|---|
| कृषि | 57,45,326 |
| घरेलू/हाउस होल्ड | 8,77,417 |
| कंस्ट्रक्शन | 6,08,842 |
| अपरेल | 3,03,523 |
| मिसलेनियस वर्क | 3,01,825 |
| मैन्यूफैक्चरिंग | 2,95,187 |
| ऑटोमोबाइल-ट्रांसपोर्ट | 2,04,282 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 2,02,921 |
| एजुकेशन | 1,55,574 |
| तंबाकू उद्योग | 91,141 |
| हेल्थ केयर | 88,211 |

**इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में दो लाख मजदूर**

इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में दो लाख दो हजार 921 मजदूरों हैं, जबकि तंबाकू उद्योग में 91 हजार 141 मजदूर काम कर रहे हैं. हेल्थ केयर में 88,211 और एजुकेशन सेक्टर में एक लाख 55 हजार 574 मजदूर काम कर रहे हैं.

# विस नियुक्ति घोटाला मामले की अगली सुनवाई 20अप्रैल को

लीगल रिपोर्टर। रांची

- जस्टिस विक्रमादित्य व जस्टिस मुखोपाध्याय कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

झारखंड विस में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने सरकार को निर्देश दिया है कि मामले की अगली सुनवाई में जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी व जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाए. दोनों कमेटी की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश देने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 अप्रैल को निर्धारित की. विस की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की.

**शिवशंकर शर्मा ने दाखिल की थी जनहित याचिका :** झारखंड विस में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग को लेकर शिवशंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है. याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्तियों में भारी पैमाने पर गड़बड़ी हुई है. मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया. आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट सौंप दी थी. इसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था.

# एसडीओ ने राजभवन के पास से धरना-प्रदर्शन समाप्त कराया

संवाददाता। रांची

सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ने बुधवार को राजभवन के पास पहुंचे. वहां धरना- प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाया. झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ एवं राष्ट्रीय युवा शक्ति को लोकसभा चुनाव-2024 की आचार संहिता लागू होने का हवाला देते हुए तत्काल धरना समाप्कोत करने को कहा. इसके बाद संघ के सदस्यों तत्काल धरना समाप्त कर टेंट-तंबू हटा लिया. इस दौरान कोतवाली इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे.



**आचार संहिता के बारे में जानकारी दी गई :** एसडीओ ने धरना पर बैठे लोगों को आचार संहिता के बारे में जानकारी दी. उन्हें बताया कि आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर व पंपलेट्स चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना, सड़कों पर बैनर, होर्डिंग और तोरण द्वार लगाना, जुलूस निकालना व धरना-प्रदर्शन प्रतिबंधित है. इसके बाद दोनों संघ के लोगों ने धरना समाप्त कर दिया.

CLASSIFIED

















### गोरखधंधा

### बोकारो-रामगढ़ में संरक्षित अवैध कोयले का कारोबार फिर शुरू

# कुजू के रूंगटा प्लांट में डंप हो रहा कोयला

सौरभ सिंह। रांची

कुछ दिनों तक बंद रहने के बाद बोकारो और रामगढ़ जिले में संरक्षित तरीके से अवैध कोयला का कारोबार शुरू हो गया है. रामगढ़-बोकारो जिला के सीमा पर स्थित रहावन ओपी क्षेत्र के बघरैया, अलकुसिया और हुरदाग जंगल में कोयला का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. वहीं दूसरी ओर कोयला माफिया रामगढ़ सीमा से सटे बोकारो जिला के रहावन ओपी क्षेत्र में कोयला का अवैध कारोबार बेधड़क कर रहे हैं.

**रूंगटा के प्लांट और मंडी भेजा जा रहा कोयला :** कोयला माफियाओं के मनोबल का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां 35-40 अवैध खदानों से कोयला का उत्पादन किया जा रहा है. जिसे रात के अंधेरे में ट्रैक्टर से चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के जर्कुंडा और टाटी झरिया पहुंचाया जाता है. वहां से कुछ कोयला को बड़े ट्रेलर में लोड करके कुजू ओपी स्थित रूंगटा प्लांट और कुछ ट्रकों में कोयला लोड कर फर्जी कागजात के माध्यम से डेहरी और बनारस की मंडियों में भेज दिया जाता है. रूंगटा के प्लांट में हर दिन सात से आठ ट्रेलर कोयला भेजा जाता है.



एक ट्रेलर में करीब 50 से 60 टन कोयला लदा होता है. पुलिस-प्रशासन के मूकदर्शक बने होने के कारण कोयले का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. बीते 17 जनवरी को रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला लदे दो 18 चक्का ट्रेलर (एनएल 01के1534 और जेएच 02एएल8770) पकड़ा गया था, जिसे जब्त कर कुजू ओपी परिसर में रखा गया है.

### एक ट्रैक्टर कोयला काटने के लिए दो हजार रु. मजदूरी है

मजदूरों को एक ट्रैक्टर कोयला काटने के लिए दो हजार रुपये मजदूरी मिलती है. वहीं खदान से कोयला को बाहर ढोने वाली महिलाओं को एक ट्रैक्टर कोयला के लिए एक हजार रुपये मिलते हैं. दूसरी ओर अवैध कोयला कटिंग कराने वाले कोयला माफिया एक ट्रैक्टर कोयला को 10 से 12 हजार रुपये में बेचते हैं.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | गुरुवार 21 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 333 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**जमीन कब्जा का आरोप :** विवाद में हुई मारपीट में सभी घायलों को साहोबहियार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है

## तोपचांची में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में भिड़ंत, आठ लोग गंभीर रूप से घायल

- घटना के बाद तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की

**संवाददाता। तोपचांची (धनबाद)**

तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच स्थित हिंदुस्तान ढाबा में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गये. इस झड़प में एक गुट के पांच लोग और दूसरे गुट के तीन लोग घायल हो गये. सभी को साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. इधर घटना के बाद तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गयी है.




### जमीन कब्जा करने का किया विरोध

घटना में जख्मी मोहम्मद आलम अंसारी ने बताया कि हिंदुस्तान ढाबा के बगल में उनकी जमीन है. हिंदुस्तान ढाबा के लोग उस जमीन पर बांस गाड़कर उसपर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे. जब उन्होंने उनका विरोध किया तो होटल मालिक व स्टाफ ने उनपर जानलेवा हमला किया. इस हमले में पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये.



सामुदायिक अस्पताल में इलाजरत घायल

**मांग रहे थे रंगदारी :** इधर होटल के मालिक अब्दुल सलाम अंसारी ने बताया कि हिंदुस्तान ढाबा के बगल वाली जमीन उनकी है. वह अपनी जमीन पर काम कर रहे थे, तभी करीब 15-20 लोग आकर काम रोक रहे थे. इसी दौरान दोनों गुटों में झड़प हो गये. कहा कि इस झड़प में उनका तीनों बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया. अब्दुल सलाम अंसारी का आरोप है कि दूसरे गुट के लोग उनसे रंगदारी की मांग कर रहे थे. उनका कहना है कि इसको लेकर उन्होंने थाने में भी शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की. कहा कि उक्त जमीन के कागजात उनके पास हैं.

लॉटरी कारोबार के सभी सरगना पर हुई बड़ी कार्रवाई, डेहरी के पवन, प्रदीप, आशीष, वेद, दीपक पर केस

## लॉटरी कारोबार पर सीआईडी का शिकंजा

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

- धनबाद से पकड़े हॉकरों ने सीआईडी के समक्ष उगले राज, झरिया के समीर की लॉटरी बेचता था
- डेहरी के पवन अग्रवाल, प्रदीप झुनझुनवाला, आशीष यादव, वेद शर्मा, दीपक अग्रवाल सभी बने आरोपी

**रिजवान शम्स । धनबाद**

धनबाद में अवैध लॉटरी के फैले मकड़जाल के खिलाफ रांची मुख्यालय से सीआईडी की टीम ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. रांची मुख्यालय से धनबाद पहुंची आधा दर्जन पदाधिकारियों की टीम ने मंगलवार की रात शहर के कई इलाकों में छापेमारी कर चार लॉटरी हॉकरों को दबोच लिया था. इसके पास से नगद रुपये और हजारों रुपये की लॉटरी जब्त की गई. चारों से पूछताछ में लॉटरी के कारोबार से जुड़े कई खुलासे हुए हैं. इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि धनबाद के इस कारोबार को डेहरी के शातिरों द्वारा हैंडल किया जा रहा है. हॉकरों के इकबालिया बयान दर्ज करने के बाद इन्हें सीआईडी ने जेल भेज दिया है. धनबाद थाने में इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है.

प्राथमिकी सीआईडी के इंस्पेक्टर शारदा रंजन प्रसाद सिंह की लिखित शिकायत पर कुल 13 नामजद के विरुद्ध दर्ज की गई. इनमें मोहम्मद शमीम बैंक मोड़, आनंद कुमार धनबाद ,गोपाल ललन शाह सरायढेला , गौतम कुमार चौरसिया धनबाद, आनंद साव निरसा, गुरु पद रवानी निरसा, निमाई साव निरसा,अजीत साव निरसा, पवन अग्रवाल झुनझुनवाला डेहरी रोहतास,आशीष यादव डेहरी रोहतास, वेद शर्मा डेहरी रोहतास, दीपक अग्रवाल डेहरी रोहतास, समीर अंसारी झरिया धनबाद के विरुद्ध दर्ज की गई. पुलिस ने बुधवार को नामजद आरोपियों में से मोहम्मद शमी पांडरपाला भूली निवासी आनंद कुमार, गौतम कुमार चौरसिया व गोपाल ललन शाह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है.

### सीआईडी के समक्ष खुलासा, 10 सालों से शातिर कर रहे कारोबार




पुलिस के समक्ष चारों हॉकरों ने दोष स्वीकार करते हुए कहा है कि ये लोग धनबाद में प्रतिबंधित लॉटरी बेचने का काम करते हैं. आर्थिक तंगी व रोजगार नहीं मिलने के कारण लॉटरी का अवैध कारोबार करने लगे. आनंद साव, गुरुपदो रवानी, निमाई साव, अजीत साव सभी निरसा के रहने वाले, पवन अग्रवाल, प्रदीप झुनझुनवाला डेहरी, आशीष यादव डेहरी, वेद शर्मा डेहरी, दीपक अग्रवाल डेहरी और झरिया का रहने वाला समीर अंसारी इनको लॉटरी का टिकट लाकर देता था. इसमें पवन अग्रवाल झुनझुनवाला डेहरी जिला रोहतास सबसे बड़ा अवैध लॉटरी टिकट का विक्रेता है, धनबाद में समीर अंसारी जो झरिया का रहने वाला है. वो पवन अग्रवाल के अवैध लॉटरी टिकट से संबंधित काम देखता है, ये सारे लोग 8-10 वर्षों से अवैध लॉटरी की खरीद बिक्री कर रहे थे. पुलिस ने इस बयान के आधार पर लॉटरी का अवैध कारोबार करने वाले उक्त सभी नामजद अभियुक्त बनाया है.

**ये हैं आरोपी**



समीर



सलाउद्दीन



गुरुदेव रवानी



अजीत साव



पवन अग्रवाल

**इन पर हुआ केस**

1. पवन अग्रवाल
2. प्रदीप झुनझुनवाला
3. समीर अंसारी
4. आशीष यादव
5. वेद शर्मा
6. दीपक अग्रवाल
7. आनंद साव,
8. गुरुपदो रवानी
9. अजीत साव

**ये हुए गिरफ्तार**

10. मोहम्मद शमी
11. आनंद कुमार
12. गौतम कुमार चौरसिया
13. गोपाल ललन शाह

### सीआईडी के बाद जिला पुलिस भी हुई एक्टिव

धनबाद शहर में लॉटरी के अवैध कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी के बाद जिला पुलिस भी लॉटरी कारोबारियों के खिलाफ रेस हो गई. धनबाद, झरिया, डिगहाडीह, जामाडोबा, सिंदरी, बलियापुर आदि स्थानों पर लॉटरी के कारोबारियों के ठिकानों पर पुलिस ने दबिश दी है. यकायक पुलिस और सीआईडी दोनों की सख्ती के बाद लॉटरी कारोबारी अपने-अपने ठिकानों को छोड़ कर फरार हो गए हैं. बुधवार को शहर में लॉटरी नहीं बेची गई.

### शुभम संदेश लगातार उठा रहा है मुद्दा




07 मार्च को छपी खबर




12 मार्च को छपी खबर




20 मार्च को छपी खबर

### जोड़ापोखर में पांच बोरी लॉटरी बरामद

जोड़ापोखर थानेदार राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार को थाना क्षेत्र जामाडोबा में मौजूद एक गोदाम में छापेमारी कर पांच बोरी अवैध लॉटरी बरामद की है. गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई में बरामद की गई सारी लॉटरियों को पुलिस वाहन में लादकर थाने ले आई है. थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद लॉटरी झरिया के अवैध लॉटरी कारोबारी समीर की बताई जा रही है. बरामद लॉटरी की कीमत लगभग पांच लाख रुपये आंकी जा रही है. इन लॉटरी पर किस अवैध कारोबारी का ब्रांड है, इसे भी देखा जा रहा है. बरामद लॉटरी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा.

## चतरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

**संवाददाता। चतरा**

झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल-सीआरपीएफ के 32 वर्षीय जवान ने अपनी सरकारी राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर जान दे दी. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. यह घटना वशिष्ठ नगर इलाके में सीआरपीएफ की 190 बटालियन की चौकी पर हुई. घटना की पुष्टि करते हुए सीआरपीएफ की 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार ने बताया कि मृतक जवान के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है. मृतक की पहचान निहाल सिंह के तौर पर हुई है, जो बल में चालक के पद पर तैनात था. कुमार ने बताया कि राजस्थान के दौसा का निवासी सिंह तीन फरवरी को छुट्टी से लौटा था. उन्होंने कहा कि सिंह 2015 में सीआरपीएफ में शामिल हुआ था और 2022 में 190 बटालियन में आया था. इस बीच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने कहा कि कथित खुदकुशी का सटीक कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है.

## बस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की हुई मौत

**संवाददाता। धनबाद**

आसनसोल मैथन डिबुडीह चेक पोस्ट से मैथन कल्यानेश्वरी मंदिर की ओर जाने वाली रास्ते में धनबाद से दुमका जाने वाली एक बस ने एक मोटरसाइकिल सवार को बेरहमी से कुचल दिया. इसमें मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस और मोटरसाइकिल की आमने - सामने टक्कर हुई. लोगों ने कहा कि डिबुडीह से कल्यानेश्वरी मंदिर जाने के लिए सिंघल रोड है. इसी रास्ते से चाहे वह बड़ा वाहन हो या छोटा वाहन दोनों इसी रास्ते से गुजरते हैं. वाहनों की रफ्तार भी काफी तेज होती है. इसी कारण हादसे होते हैं. लोगों ने बताया कि मृतक वैसे तो बिहार का रहने वाला था, पर वह कल्यानेश्वरी



इलाके में ही एक किराये के मकान में रहता था और डिबुडीह चेकपोस्ट पर एक गुमटी चलाता था. लोगों ने युवक का नाम मोहमद वारिश शेख बताया है, जिसकी उम्र लगभग 18 वर्ष थी. फिलहाल पुलिस ने वारिश के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है. साथ ही पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है. घटना के बाद इलाके के लोगों में गुस्सा है.

## कोर्ट से भागने के मामले में कांग्रेस नेता दोषी करार, अर्थदंड भी लगा

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

जिला व्यवहार न्यायालय में कांग्रेस नेता संजय यादव पर अदालत से भागने का दोष साबित हो गया और उन्हें तीन हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुना दी गई. इस कांग्रेस नेता पर कदमा थाना में साल 2012 में एक मामला दर्ज हुआ था और उसे मामले में वह उच्च न्यायालय की शरण में गए थे. उच्च न्यायालय ने उनके मामले पर स्टे ले लिया था और वह निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत लेने के लिए गए. घटना 15 फरवरी 2019 की है। वह न्यायिक दंडाधिकारी श्रीकृष्णा लोहार की अदालत में आत्मसमर्पण किया और जमानत की याचिका दाखिल की. न्यायिक दंडाधिकारी ने उन्हें कस्टडी में लेते हुए कस्टडी वारंट बनने का आदेश कोर्ट क्लर्क को दिया. जैसे ही उक्त आदेश इस कांग्रेस नेता संजय यादव ने सुना और वे अदालत से भाग खड़े हुए.

न्यायिक दंडाधिकारी एकता सक्सेना की अदालत में धारा 224 के तहत दोषी पाते हुए तीन हजार अर्थदंड की सजा सुाई गई. संजय यादव द्वारा अर्थदंड भर दिए जाने के बाद अदालत ने उन्हें 6 महीने के परिविक्षण पीरियड बॉन्ड पर रिहा कर दिया.

**बड़ी सफलता** ट्रक में 82 बोरे में छिपाकर रखा था डोडा बरामद, यूपी ले जाने की थी तैयारी

## 1644 किलो डोडा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**आशीष टैगौर। लातेहार**

लातेहार पुलिस को बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है. रांची-मेदिनीनगर एनएच-75 से मनिका पुलिस ने 1644 किलो डोडा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर राजवीर सिंह (29) यूपी के उन्नाव जिले के बिरैचामउ गांव का रहने वाला है. तस्कर बोरी में छिपाकर डोडा ले जा रहा था. बरामद डोडा का बाजार मूल्य करीब 33 लाख रुपये बताया जा रहा है. राजवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि

**33** लाख है बरामद डोडा का बाजार में मूल्य

**खास बातें**

- पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया
- तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी
- इस संबंध में मनिका थाना में मामला दर्ज किया गया है

डोडा को कई लोगों की मदद से यूपी ले जाया जा रहा था. पुलिस इस तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है. इस संबंध में मनिका थाना में मामला दर्ज किया गया है. वहीं चालक को जेल भेज दिया है.

### ट्रक चालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में छिपाकर डोडा यूपी ले जाया जा रहा है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. गठित टीम ने मनिका बाजार में रांची-मेदिनीनगर एनएच-75 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इसी दौरान पुलिस ने एक ट्रक (यूपी-30-5705) को रोका और जांच की. जांच के क्रम में उस ट्रक में पुलिस ने 82 बोरी में छिपाकर रखे 1644 किलो डोडा बरामद किये. बरामद डोडा का बाजार मूल्य तकरीबन 33 लाख रुपये बताया गया है. साथ ही पुलिस ने ट्रक चालक राजवीर सिंह (29) को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. छापेमारी दल में एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के अलावा मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, पुअनि सत्येंद्र कुमार,



अनुराग कुमार, अनूप कुमार, सअनि नूनमन मिंया, आरक्षी कमलेश कुमार सिंह, सुभाष चंद्र राम, भीम कच्छप और चालक आरक्षी मनोज कुमार महतो शामिल थे.

## महिला को उस्तरा से किया घायल

**खास बातें**

- ब्राउन शुगर बेचने से मना करने पर कर दिया हमला
- आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती की है घटना, मामला पहुंचा थाना

**संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर के मुस्लिम बस्ती के एच रोड में अपनी गली में ब्राउन शुगर बेचने से मना किया तो ब्राउन शुगर का धंधा करने वाले युवक ने महिला को उस्तरा मार कर घायल कर दिया. मामला आदित्यपुर थाना पहुंचा है. घायल महिला का नाम शहनाज खातून है, जिसने बताया कि वह कई दोनों से अपने घर के सामने और गली में ब्राउन शुगर बेचने से रुखसार नामक युवक को मना कर रही थी,



लेकिन वह मानने के बजाय जान मारने की धमकी दे रहा था. बुधवार की सुबह जब फिर वह ब्राउन शुगर लेकर पहुंचा, तो वह मना करने निकली. इसपर रुखसार ने उसकी गर्दन पर उस्तरा चला दिया. बचाने के क्रम में उस्तरा हाथ में लगा है. पुलिस तत्काल घायल महिला को इलाज के लिए ले गई है. वहीं आरोपी के धरपकड़ के लिए बस्ती में छापेमारी शुरू कर दी है.

## ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार



**रांची ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे क्षेत्र में विधि-व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, हथियार और मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के भारत माता चौक के पास छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने नितिन कुमार गुप्ता नाम के युवक को गिरफ्तार किया. उसके पास से ब्राउन शुगर और 4900 रुपये समेत कई अन्य सामान बरामद किया गया.

पीएम मोदी व छोटा भीम के मुखौटे की बिक्री जबरदस्त, नो-टॉक्सिक व हर्बल अबीर खरीदारों की पहली पसंद

# सज गया है रंगों का बाजार, लोगों में दिख रही है होली की खुमार

**रणजीत कुमार सिंह। धनबाद**

शहर में इन दिनों रंगों का बाजार शबाब पर है. हर चौक-चौराहों पर होली के गीत बज रहे हैं. बाजारों में होली के कपड़े,रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखसमेत अन्य सामानों की बिक्री जमकर हो रही है. सुबह से शाम तक ग्राहक खरीदारी कर रहे हैं.बच्चों को मुखौटे और पिचकारी खूब भा रहे हैं. हीरापुर के दुकानदार आशीष जिंदल ने बताया कि मुखौटे की आकृति पीएम मोदी, भूत-प्रेत, छोटा भीम ,जानवर और कार्टून कैरेक्टर पर हैं. जिसकी कीमत 20 रुपये से 300 रुपए तक है. बाजार में रंग व गुलाल के भी कई वैरायटी उपलब्ध हैं. जिसमें हर्बल और नो-टॉक्सिक गुलाल की मांग सबसे अधिक है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से लोगों में गुलाल की खरीदारी को लेकर काफी जागरुकता देखी जा रही है. लोग साधारण और केमिकल युक्त गुलाल की जगह पर बिना केमिकल वाले नेचुरल गुलाल अधिक खरीद रहे हैं.हर्बल और नो-टॉक्सिक गुलाल की कीमत 200 रुपये से 500 रुपया तक है. यही नहीं बाजार में तरह-तरह की पिचकारी के साथ-साथ गुलाल सिलेंडर भी उपलब्ध है.पिचकारी में सबसे अधिक डिमांड मोदी पिचकारी की है. जिसकी कीमत 150 से 500 रुपये तक है. गुलाल सिलेंडर की भी बिक्री बहुत अच्छी है. इस सिलेंडर में गुलाल भरा होता है और स्प्रे की तरह काफी दूर तक यह फैल जाता है, इसकी कीमत 1200 से 2000 तक है .





**कपड़ों की बिक्री बढ़ी** | होली को लेकर कपड़ों का बाजार भी गर्म है . धनबाद के पुराना बाजार में रंग-बिरंगे टी-शर्ट, कुर्ता , कुर्ती ,साड़ी आदि कपड़े खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी गई . होली के त्योहार में महज कुछ ही दिनों का समय बचा हुआ है . इस बार होली 25 मार्च को मनाई जाएगी . इस त्योहार पर लोग गले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को प्यार से गले लगाते हैं . साथ ही, एक-दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर उन्हें मिठाइयां व बधाइयां देते है . होली के दिन को स्पेशल बनाने के लिए कई दिनों पहले ही शॉपिंग शुरू हो जाती है .

## ब्रीफ खबरें

### मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली रैली

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को यहां मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई. लोकसभा चुनाव में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पूर्वी टुंडी प्रखंड के बूथ नंबर 116,117,118 में बीएलओ के नेतृत्व में गांव की महिलाओं, किशोरी और स्कूल के बच्चों के साथ एक रैली निकाली. इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली के माध्यम से पूर्वी टुंडी के बूथ नंबर 116,117 एवं 118 के लोगों को मतदान के महत्व के संबंध में जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया.

### तेतुलमारी में 48 घंटे का अखंड हरिकीर्तन

**तेतुलमारी ।** तेतुलमारी के सुभाष चौक के स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार से 48 घंटे का अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ हो गया . आचार्य पप्पू पांडे ने मंत्रोच्चार से विधि विधान तथा देवताओं का आवाहन कर पूजा शुरु कराई.इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान अनिल सिंह हैं. प्रतिमा पूजन के पश्चात अखंड हरि कीर्तन शुरू हो गया. देर संध्या को गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी पहुंचे और पूजा में शामिल हुए. मौके पर मुखिया अशोक ठाकुर , मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो, मुखिया प्रतिनिधि संतोष महतो शामिल थे.

### बीडीओ ने किया कई बूथों का निरीक्षण

**महुदा ।** बुधवार को बाघमारा प्रखण्ड के बीडीओ सह उप निर्वाचक पदाधिकारी डॉ. सुषमा आनन्द ने बुधवार को विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर बूथों का निरीक्षण किया. इस दौरान बीडीओ ने उत्कृमीत उच्च विधालय कुँजी, उच्च विधालय कुंजी में बूथ संख्या, 142,143,144,145,146 पर उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया . साथ ही बिजली, पानी, रैम्प, बूथ के सुरक्षा की दृष्टी को लेकर दरवाजा, खिड़की, आदि का निरीक्षण किया, उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मध्यनजर बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है.

### 19 से 21 तक डायवर्ट रुट से चलेंगी कई ट्रेनें

**धनबाद।** उत्तर रेलवे के लखनऊ रेल मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर धनबाद व गोमो से होकर गुजरनेवाली ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है, जो 19 से 21 मार्च तक निर्धारित मार्ग के बदले दूसरे रूट से चलेगी. जिसमें ट्रेन नंबर 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस,वाराणसी-प्रतापगढ़-लखनऊ, ट्रेन नंबर 13010 योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी, ट्रेन नंबर 13307 धनबाद-फिरोजपुर कैंट गंगा-सतलुज एक्सप्रेस वाराणसी-प्रतापगढ़-लखनऊ होकर चलेगी.

### दूसरे दिन भी जारी रही निगम की छापेमारी

**धनबाद।** सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम का छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही. बुधवार को नगर निगम की इम्फोर्समेंट टीम ने पुराना बाजार में छापेमारी कर 60 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया है . टीम ने पुराना बाजार में एक दर्जन दूकानों में छापेमारी की, जिसमें छह हजार का जुर्माना भी लगाया गया है. नगर निगम के फ़ूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ अभियान जारी रहेगी. छापेमारी टीम की अध्यक्षता सहायक नगर आयुक्त संतोषिणि मुर्मू कर रही थीं.

फॉर्म 6-7 और 8 के लंबित मामलों को जल्द निष्पादन का निर्देश

# बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय रैंप की व्यवस्था करें :उपायुक्त

**संवाददाता । धनबाद**

उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ गूगल मीट के माध्यम से बैठक की गई. बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा फार्म 6, 7 एवं 8 के लंबित मामले, वल्नरेबल बूथ की मैपिंग, क्रिटिकल बूथ की मैपिंग, बूथ में एएमएफ की व्यवस्था, सीएपीएफ के रुकने की व्यवस्था, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को 25 मार्च तक फॉर्म 7 एवं 8 का निष्पादन कर रिपोर्ट निर्वाचन शाखा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. वहीं फॉर्म 6 के लंबित मामलों को भी जल्द निष्पादन करने के लिए सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया. साथ ही उन्होंने कहा कि वल्नरेबल बूथ की मैपिंग संबंधित थाना प्रभारी के जॉइंट हस्ताक्षर के साथ कल तक सभी बीडीओ एवं सीओ निर्वाचन शाखा में उपलब्ध कराए. वल्नरेबल बूथ की मैपिंग में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र के बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि जिस भी बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्था नहीं है, जिसकी व्यवस्था प्रखंड स्तर पर नहीं की जा सकती, उन से संबंधित रिपोर्ट जिला को भेजें ताकि उसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने कहा कि सीएपीएफ के रुकने की जहां व्यवस्था की जाएगी, वहां कमरों की संख्या, बिल्डिंग की स्थिति, बिजली, पानी, शौचालय की संख्या, चार्जिंग पॉइंट की संख्या आदि से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध करना सुनिश्चित करें.साथ ही इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम चिह्नित कर जल्द से जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया.



## होली में हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर:थाना प्रभारी

**कतरास।** बुधवार को कतरास थाना परिसर में होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई .जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी असित कुमार सिंह व संचालन मो शहाबुद्दीन ने किया किया . बैठक में दोनों समुदाय सहित इलाके के प्रबुद्ध जन शामिल हुए. बैठक में होली व रमजान का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया. इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की.

**विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध :** साथ ही शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया. कहा गया कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ कारण बनता है,इस पर प्रशासन विशेष ध्यान दें.वहीं बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने कहा कि उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है और इसको देखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है. साथ ही रंगों के इस पावन त्यौहार में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी.थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने कहा कि विधि व्यवस्था भंग करने वाले लोगों को किसी भी सूरत पर बक्सा नहीं जाएगा. हुडदंगियों पर पुलिस की पेनी नजर रहेगी .उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की समस्या दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें.

**भाईचारे के साथ होली मनाएं :** मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल, मासूम खान, प्रतिनिधि प्रिंस शर्मा, रंधीर ठाकुर, कमलेश सिंह,मो छोटू, जियाउल हक,उदय वर्मा,प्रभात मिश्रा, जावेद राजा, दिलिप दशौधी आदि मौजूद थे. इधर रामकनाली ओपी परिसर में प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. उन्होंने आपसी भाई चारे व सोहार्द पूर्ण वातावरण में होली मनाई की अपील की. कहा गया कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न ले . किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस सक्षम है. बैठक का संचालन झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा ने किया मौके पर पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो मुखिया निरंजन गोप, निवर्तमान पार्षद छोटू सिंह,आनंद मंडल,लाल महतो, सुशील सिंह, शंभू दास सहित अन्य मौजूद थे.

## एमपीएल के मीट में संबंधों की मजबूती पर बल दिया

**मैथन।** एमपीएल में बुधवार को बिजनेस एसोशिएट मीट आयोजित किया गया. जिसमें कंपनी के क्रियाकलापों एवं आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा हुई. व्यावसायिक संबंधों की मजबूती एवं पारदर्शिता पर बल दिया गया. वक्ताओं ने कहा कि व्यावसायिक संबंधों की बेहतरी ही सफलता की कुंजी है. सभी ने बिजनेस मीट को सार्थक बताते हुए आपसी प्रतिबद्धता दोहरायी तथा खुलकर अपने विचार रखें. कहा कि आपसी सहयोग एवं साथ-साथ आगे बढ़ने से लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी. इस दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए जो कंपनी को आगे बढ़ाने एवं आपसी रिश्तों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी. कहा कि सामूहिक योगदान के बूते ही सफलता संभव है. एमपीएल के सीईओ एवं चीफ ईस्टर्न रीजन जेनरेशन विजयंत रंजन ने बिजनेस मीट का उद्घाटन करते हुए कहा कि संबंधों की पूंजी एवं टाटा की संस्कृति को समेटे हम सब एक ही परिवार का हिस्सा हैं. ईमानदार कोशिशों के बूते ही व्यक्ति, संगठन एवं समाज तरक्की करता है. हम सब एक हैं और उद्देश्य भी एक है. बस मजबूत एवं पारदर्शी गठबंधन के साथ निरंतर सफलता की सीढी चढते जाना है. सीईओ श्री रंजन ने कहा कि बिजनेस मीट का उद्देश्य ही है आपसी रिश्तों को मजबूती प्रदान करना तथा कदम से कदम मिलाकर आगे बढना है. तभी हम अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को पूरा करने में सफल हो सकते हैं.

**मीट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला :** मौके पर सीएमओ सुधाकर टंडन, सीएफओ काजल कुमार सिंह, हेड इएमडी एवं स्थानीय नैतिकता परामर्शदाता संजय कुमार, एचआर हेड सुप्रतीक मुखर्जी तथा क्रय एवं अनुबंध विभाग की हेड श्रीमती जयश्री चौधरी ने बिजनेश मीट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला.

## न्यूज अपडेट

### डीआईजी सुरेंद्र झा ने अभियान की शुरुआत की

**धनबाद ।** धनबाद जिले में लोकतंत्र को मजबूत करने, क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान सुनिश्चित करने एवं समाज को अधिक से अधिक मतदान के लिए उत्साहित करने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. अभियान का शुभारंभ बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन ने मतदाता हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर किया. साथ ही मतदान के प्रति लोगों जागरूक करने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा लगाए गए सेल्फी स्टैंड में सभी वरीय पदाधिकारियों ने सेल्फी भी ली. इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि पूरे जिले में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है.

### महिला बूथ कर्मियों के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज वाहन कोषांग की समीक्षा की. इसमें मतदानकर्मियों के लिए वाहनों की आवश्यकता सहित अन्य विषय पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि धनबाद में 47 महिला बूथ है. मतदान के दिन इसमें महिला कर्मी उपस्थित रहेगी. महिला कर्मियों की सुरक्षा के लिए उनको बूथ तक पहुंचाने और मतदान संपन्न कराने के बाद वापस लाने के लिए विशेष वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी. कई निर्देश दिए गए बैठक में उपायुक्त ने पोलिंग पार्टी, माइक्रो ऑब्जर्वर, छोटे वहनों की आवश्यकता, वाहनों में ईंधन के लिए पेट्रोल पंप चिह्नित करने, बस के ड्राइवर व कंडक्टर के मोबाइल नंबर सेक्टर मजिस्ट्रेट व पोलिंग पार्टी के साथ साझा करने, व्हीकल मोनिटरिंग सिस्टम में वाहनों की इंट्री करने, रूट चार्ट के अनुसार वाहनों को ईंधन की आपूर्ति करने तथा फ्लाइंग स्क्वाड टीम को जीपीएस युक्त वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

### शिल्पांचल में बाबा श्याम के महोत्सव की धूम

**धनबाद ।** बाबा श्याम के फाल्गुन की ग्यारस पर पूरे देश में जहा बाबा को निशान चढ़ाया जाता है. इसकी एक झलक आसनसोल शिल्पांचल में भी देखने को मिली. आसनसोल शिल्पांचल के सभी श्याम मंदिरों में बाबा के फाल्गुन की ग्यारस पर भक्तों ने नाचते गाते पैदल निशान अर्पित किया . इस दौरान बराकर श्री श्याम परिवार की ओर से बराकर स्टेशन स्थिर हनुमान जी मंदिर से पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया गया. इस दौरान बाबा श्याम की भव्या फूलों की झांकी के साथ बाबा श्याम का सजा रथ मनमोहक दृश्य देखने को लोग आतुर हुवे. इस दौरान बराकर स्टेशन से नियामतपुर श्याम एव दादी मंदिर भक्त भजनों की धुन पर नाचते गाते टोली के साथ निशान लेकर मंदिर पहुंचे. पूरे रास्ते भर भक्तों ने रंग अबीर गुलाल खेलते हुए निशान यात्रा में जमकर होली का आनंद उठाया. जहां भक्तों ने बाबा के मंदिर में बाबा को निशान अर्पित कर धोक लगाई. निशान अर्पित के बाद सभी भक्त दरबार में होली के रंग में रंग गए. इस दौरान सभी भक्तों ने जमकर होली खेली. वहीं नियामतपुर श्री श्याम एव दादी मंदिर की ओर से पैदल निशान यात्रा निकली गई. जहां भक्तों ने जमकर होली की खुशी का बाबा के साथ इजहार किया. बराकर से निकली भव्य इस फाल्गुन निशान यात्रा को सफल बनाने में बराकर श्याम परिवार के शंकर न्योगी,अजय राजगढ़िया, शंकर शर्मा , कालु चौधरी सहित कई सदस्यों का अहम योगदान रहा.

### धनबाद कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**धनबाद ।** बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने बुधवार धनबाद कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले सभी रास्ते के बारे में सुरक्षाकर्मियों से जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से की जाने वाली जांच प्रक्रिया के बारे में सुरक्षा कर्मियों से जानकारी ली एवं जांच के तरीके के बारे में भी बताया. इस दौरान मौके पर एसएसपी एचपी जनार्दनन, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, डीएसपी मुख्यालय -1 समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कोर्ट बैरक का जायजा लिया. जहां अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. जानकारी देते हुए सुरेंद्र कुमार झा ने बताया कि कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी भी पुलिस की प्राथमिकता में है. समय - समय पर कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाती है. उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी बेहतर काम कर रहे हैं.

### भाजपा विधानसभा कोर कमेटी की घोषणा

**धनबाद ।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद लोकसभा के प्रभारी सुरेश साव, लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार और सह-संयोजक रोहित लाल सिंह ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर धनबाद विधानसभा कोर कमेटी तथा धनबाद विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा की है. भारतीय जनता पार्टी धनबाद विधानसभा कोर कमेटी में हरि प्रकाश लाटा,अजय त्रिवेदी,अरुण झा,संजीव अग्रवाल, नितिन भट्ट, मानस प्रसून, रंजन गुप्ता,रामदेव महतो, महेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम रंजन, सखी चंद्र महतो और संतोष साव हैं. धनबाद विधानसभा कोर कमेटी में स्थानीय सांसद, स्थानीय विधायक,जिला अध्यक्ष,प्रदेश पदाधिकारी एवं विधानसभा के चुनाव प्रबन्धन कमेटी के संयोजक और सहसंयोजक कोर कमेटी के पदेन सदस्य होंगे. भारतीय जनता पार्टी धनबाद विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति में संयोजक हरि प्रकाश लाटा,सह संयोजक श्याम गुप्ता और सह संयोजक पुरुषोत्तम रंजन होंगे वाहन व्यवस्था,यात्रा व प्रवास एवं प्रवासी कार्यकर्ता से संबंधित कार्य हुलास दास और प्रमोद अग्रवाल,प्रचार सामग्री,प्रचार अभियान, प्रचार सामग्री एवं साहित्य वितरण का कार्य मनोज रिंकू सिंहा और अमित सिंह,सोशल मीडिया और हाईटेक अभियान बृजनंदन शर्मा और मनीष पांडे, मीडिया प्रबंधन का कार्य पंकज सिंहा देखेंगे.

## अब तक अबुआ आवास की राशि नहीं, लाभुकों में आक्रोश

**संवाददाता । मैथन**

एग्यारकुण्ड प्रखंड के शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत में एक भी लाभुकों के खाते में अब तक अबुआ आवास निर्माण की राशि नहीं भेजी गयी है. जबकि लगभग सभी पंचायतों में लाभुकों के खाते में पहली किस्त की राशि भेज दी गयी है. राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना में शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के साथ सौतेला व्यवहार को लेकर लाभुकों में काफी गुस्सा व नाराजगी है. कहा गया कि प्राथमिकता के आधार पर सबसे अधिक इस पंचायत में लाभुक है. बावजूद यहां के लाभुकों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक गये हैं. प्रखण्ड समन्वयक व पंचायत सेवक एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं. आश्वस्त तो किया जा रहा है कि सभी लाभुकों के खाते में राशि भेज दी जाएगी. लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर तीन माह का इंतजार करने की बात भी कही जा रही है. बता दें कि एग्यारकुण्ड प्रखण्ड के लाभुकों के बीच सात सौ से अधिक अबुआ आवास का लाभ देना है. जिसमें से लगभग दो सौ लाभुकों के खाते में ही पहली किस्त की राशि भेजी गयी है. बांकी बचे लाभुकों को अब तीन माह इंतजार करना होगा. प्रखंड समन्वयक जमाल अख्तर ने कहा कि पंचायत सेवक द्वारा समय पर आवेदन को अप टू डेट कर नहीं दिया गया. जिससे लाभुकों के खाते में राशि नहीं भेजी जा सकती. चुनाव बाद सभी को राशि भेज दी जाएगी. पंचायत सचिव अशोक प्रसाद ने कहा कि सारा आवेदन अप टू डेट है.



## अपराधियों पर लगी है लगाम : एसडीपीओ

**मैथन ।** निरसा के एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने बुधवार को मैथन ओपी में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपराधियों पर लगाम लगाने में कामयाबी मिली है. यह कामयाबी पुलिस द्वारा क्षेत्र में घटित घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई एवं झारखंड-बंगाल के बोडर सहित अन्य स्थानों पर वाहनों की गहन जांच और चौकसी का परिणाम है. एसडीपीओ ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में झारखंड बोडर पर वाहन जांच के दौरान मैथन पुलिस द्वारा 14.19 लाख रुपये नगद और 50 से अधिक अंग्रेजी शराब व बीयर की बोतलें जब्त की गई है. उन्होंने बताया कि झारखंड बॉर्डर पर मंगलवार की रात भी मैथन पुलिस ने एक कार से 36 बोतल बीयर एवं 12 बोतल अंग्रेजी शराब सहित दो लोग को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार मुकेश कुमार हाऊसिंग कॉलोनी, धनबाद और ओमप्रकाश साव तोपचांची के रहने वाले हैं.

## लेखपाल कक्षा में भीषण आग दस्तावेज सहित सामान खाक

**संवाददाता । मधुबन**

गनेशपुर विद्युत सबस्टेशन कार्यालय में बुधवार की सुबह लेख शाखा कक्ष में भीषण आग लग जाने से कमरे में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए.आग की लपटों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कमरे में रखे दस्तावेजों के अलावे मोटर स्टार्टर,स्विच बोर्ड,टेबल,कुर्सी जलकर खाक हो गए. वहीं मकान के पक्के दीवाल तक में दरारे हो गयी है. आगलगी की घटना शॉर्टसर्किट से होने की बता कहीं जा रही है. इस सम्बंध में कार्यालय के लेखा लिपिक अर्पण अभिषेक सांगा ने स्थानीय मधुबन थाना को लिखित रूप से सूचना देकर जांच की मांग की है. घटना को लेकर कहा जा रहा है कि अहले सुबह तीन बजे के आसपास स्थानीय लोगों के द्वारा कार्यालय कक्ष की खिड़की से धुआं निकलते देखा गया था, परंतु कार्यालय के मुख्य प्रवेशद्वार और खिड़की बंद रहने के कारण लोग कुछ नहीं कर पाए. जबकि विभागीय लिखित शिकायत में आग लगने का समय साढ़े आठ बजे बताया गया है. जो संदेहास्पद है .बताते चलें कि उक्त घटना में जले मुख्य दस्तावेजों में 2017 से 2024 तक के मनी रिसिप्ट बुक,डीसीआर 2024,तक,बैंक का कैश जमापर्ची 2024 तक,एफआईआर फ़ाइल मार्च 2024 तक,दो कुर्सी,एक टेबल सहित अन्य सामग्री शामिल हैं. इस सम्बंध में सहायक अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है. उन्होंने आग लगने की घटना का कारण शार्टसर्किट बताया है.



## बीसीसीएल कर्मी के आवास में चोरी

**मधुबन।** खरखरी ओपी क्षेत्र के मधुबन स्थित परसबनिया श्रमिक कॉलोनी में मंगलवार की देर रात चोरों ने बीसीसीएल कर्मी मोहन रवानी के आवास में घुसकर लाखों रुपये की नकदी सहित सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर चलते बने. चोर घर के चाहरदीवारी फांद कर आंगन के रास्ते घर में प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया .घटना को लेकर गृहस्वामिनी मीना देवी ने खरखरी पुलिस को लिखित शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग की है.उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि रात में अंदर से सभी दरवाजे की कुंडी लगाकर हमलोग अपने अपने कमरे में सो गए थे. रात के दो बजे जब मैं उठी तो अपनी बेटी के कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ देखा.

**लोस चुनाव** ‘अबकी बार चार सौ के पार’ नारे से पटी हैं दीवारें, एक लाख से ज्यादा वोट से जीत का दावा

# खुद भाजपा का सिंबल बनाते नजर आ रहे हैं डॉ अजय पोद्दार

**संवाददाता । बराकर**

लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा होते ही सभी राजनीति दलों द्वारा अपना अपना प्रचार अभियान जोर शोर से अपने कार्यकर्ता के साथ जुट गए हैं . इसी कड़ी में कुल्टी ब्लॉक भाजपा के विधायक डाक्टर अजय पोद्दार खुद अपने हाथों से कार्यकर्ताओं के साथ रंग की तुली के साथ पार्टी का सिंबल बनाते हुए क्षेत्र में दिखाई पड़ रहे हैं. इस अभियान को देखते हुए पार्टी के कार्यकर्ता भी दीवार लेखन में शिरकत नजर आ रहे हैं. इसी क्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विधायक पुत्र केशव पोद्दार भाजपा का प्रतीक चिह्न कमल का निशान कुल्टी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों मे बनाना आरंभ किया . जहां देखा जा रहा है कि चुनाव की घोषणा तो हो गई. लेकिन आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा तक नहीं की है.




**अबकी बार चार सौ पार :** दीवार लेखन में सिर्फ नारे अबकी बार फिर से मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार, मेरा भारत मेरा परिवार, और मोदी की गारंटी के नरो से गुंजायमान दिखाई पड़ रहा है.भाजपा विधायक ने कहा कि इस बार चुनाव मे कुल्टी क्षेत्र से भाजपा एक लाख से भी ज्यादा मातों के अंतर से भाजपा जीत कर जाएगी. उन्होंने कहा कि आज कल सभी लोग शिक्षित है देश मे राज्य मे क्या हो रहा है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं . किसने कितना बिकास किया है . यह जनता भली भांति जानती है . जनता यह भी जानती है की प्रधानमंत्री ने जो कहा उसे पूरा किया तथा बचे हुए कार्य हैं उसी को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहे हैं . इसलिए जनता मोदी जी के साथ है और इस बाद जनता भाजपा को चार सौ के पार वाले आंकड़े पर पहुंचाने का मन बना चुकी है.

**मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई ऊंचाई**

डाक्टर अजय पोद्दार ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई ऊंचाई पर ले जाकर मजबूत बनाया जा रहा है . इसके साथ साथ कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर आम लोगों तक पहुंच रहा है . इसलिए जनता भाजपा के साथ खड़ी है. जिस प्रकार तृणमूल वाले देश के प्रधानमंत्री को बाहरी कहते हैं. ठीक उसी प्रकार आसनसोल के तृणमूल सांसद शत्रुघन सिन्हा कहां से है . इसका खामियाजा उनको भोगना पड़ेगा.

**आवश्यकता**
अनुभवी सिविल इंजीनियर (बीटेक/डिप्लोमा)
पेट्रोल पंप निर्माण में
लोकेशन : झारखंड, बिहार, बंगाल
कंप्यूटर एक्सेल में काम करने आता हो
Contact: 9470130516

## ब्रीफ खबरें

### महुआ शराब भट्ठी पर पुलिस का छापा

**जमुआ(गिरिडीह)।** जमुआ थाना क्षेत्र के बंधाटांड में अवैध देशी महुआ शराब भट्ठी के विरुद्ध छापामारी की गयी. छापामारी के दौरान छह सौ किलो जावा महुआ नष्ट किया गया. थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी की गई. जिसमें भारी मात्रा में जावा महुआ बरामद किया गया . जिसे नष्ट कर दिया गया.हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई. छापेमारी अभियान में जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार , एसआई रोहित सिंह सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे.

### साहिबगंज में बारिश से तापमान गिरा

**साहिबगंज।** जिला में बुधवार की सुबह से ही लगातार मूसलाधार बारिश होने की वजह से मौसम सुहाना हो गया है. इस बारिश से गर्मी से लोगों को राहत मिली है. लेकिन किसान विजय कुमार ने बताया कि इस बारिश से दलहन को काफी नुकसान पहुंचा है. उन्होंने कहा कि मसूर,सरसो, खेसारी, मटर खेत में पक चुके हैं.अब उन्हें काटने की बारी थी. इसलिए इस वर्षा के दलहन की फसल के सड़ने की आशंका है. तेज वर्षा हो जाने से कॉलेज रोड स्थित टमटम स्टैंड के पास एनएच,80 मुख्य सड़क पर पानी का जमाव हो गया है. तापमान में गिरावट से थोड़ी ठंड बढ़ गई है.

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना क्षेत्र के चचघरा से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जमुआ पुलिस ने जेल भेज दिया है. न्यायालय का एस. टी नंबर 16/10 के वारंटी अभियुक्त सुरेश महतो उर्फ सुरेश प्रसाद वर्मा, ग्राम चचघरा को गिफ्तार किया गया. इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया वारंटी सुरेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया. इसके विरुद्ध अन्य थानों में विभिन्न कांड दर्ज हैं.

### गिट्टी लोड ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**गावां (गिरिडीह)।** गावां डोरंडा पथ में बुधवार की सुबह गश्ती के दौरान एक गिट्टी लदा ट्रक गावां थाना प्रभारी महेश चंद्रा ने बिना चालान का पकड़ा है. पुलिस बाद में उसे जब्त कर गावां थाने ले आयी है. जानकारी के अनुसार ट्रक डोरंडा-गावां रोड से नवादा की ओर गिट्टी लेकर जा रहा था. इसी बीच गश्ती के दौरान गावां पुलिस ने शक के आधार पर ट्रक को रूकवाया और पूछताछ की. साथ ही संबंधित कागजात देखने को मांगे. उन्हें गिट्टी का चालान नहीं मिला, जिसके बाद उसे जब्त कर वे अपने साथ उक्त ट्रक को गावां थाना ले गए.

### डीडीसी ने जनसेवक को किया निलंबित

**पाकुड़।** अभद्र व्यवहार के आरोप में डीडीसी ने जनसेवक प्रभात रंजन को निलंबित कर दिया गया है. जानकारी के मुताबिक हिरणपुर प्रखंड कार्यालय के जनसेवक प्रभात रंजन के द्वारा गत 18 मार्च को शराब के नशे में हिरणपुर अंचलाधिकारी के साथ अपशब्द भाषा का प्रयोग करने और सरकारी व्हाट्सअप ग्रुप में अभद्र शब्द का प्रयोग करने को लेकर अंचलाधिकारी, हिरणपुर के द्वारा उपायुक्त, पाकुड़ को प्रभात रंजन, जनसेवक, प्रखंड कार्यालय, हिरणपुर के विरुद्ध शिकायत की थी.

---

बेंगाबाद के दौरे पर कल्पना सोरेन, दिवंगत विधायक सालखन सोरेन की पत्नी से लिया आशीर्वाद

# खूब गूंजा 'जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा' का नारा

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन बुधवार को बेंगाबाद प्रखंड के दौरे पर थी. कल्पना सोरेन के दौरे को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला. बेंगाबाद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया. जगह जगह हाथों में फूल माला और बुके लेकर महिला, पुरुष कार्यकर्ता उनके स्वागत को खड़े रहे. इस क्रम में बेंगाबाद बाजार, घुठिया हाई स्कूल के समीप, मूंढरी मोड़, करमजोरा मोड़, झलकड़ीहा, डाकबंगला चौक सहित अन्य स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया. इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा के जोरदार नारे बुलंद किए.



#### सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण

अपने दौरे के क्रम में झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने करमजोरा मोड़ स्थित सिद्धू कान्हू पार्क स्थित सिद्धू कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया . जिसके बाद वह झलकड़ीहा स्थित दिवंगत विधायक झामुमो के कद्दावर नेता सालखन सोरेन की समाधि स्थल पर पहुंची . यहां उन्होंने स्व सालखन सोरेन की समाधि पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया . यहां से उनका कारवां दिवंगत विधायक के आवास पहुंचा और उन्होंने स्व सालखन सोरेन की पत्नी सुकुरमुनी मरांडी से मुलाकात की . कुछ देर तक उन्होंने दिवंगत विधायक की पत्नी से बात चीत की और उनका आशीर्वाद लिया . इस क्रम में पूछे जाने पर कल्पना सोरेन से सिर्फ इतना कहा कि वह जानता से मिलने पहुंची हैं .

**ये थे उपस्थित :** कल्पना सोरेन के दौरे के क्रम में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, मंत्री बेबी देवी, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो नेता नुनूराम किस्कू, मोहम्मद फखरुद्दीन, एनामुल हक, नीलकंठ मंडल, राजेंद्र पंडित, मंजू मरांडी, शिबू मुर्मू, किशुन सोरेन, जाकिर हसन, शाहनवाज अंसारी, सलीम उर्फ भुटारी, अब्दुल गनी टिंकू, विपिन सिंह, अनवर गुड्डू सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे.

---

# बीडीओ और सीओ ने देखी स्ट्रांग रूम की व्यवस्था



**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

लोकसभा चुनाव के चलते बीडीओ महेंद्र रविदास ने सीओ अविनाश रंजन व थाना प्रभारी महेश चंद्रा के साथ स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्र का निरीक्षण किया. उन्होंने प्लस टू हाई स्कूल पिहरा समेत कई स्कूलों में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतदान कक्ष और सुरक्षा मानकों का भी जायजा लिया. बीडीओ महेंद्र रविदास ने मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग, बिजली, सुरक्षा संबंध, शौचालय और पार्किंग व्यवस्था की जानकारी दी. साथ ही व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यहां सभी व्यवस्थाएं चुनाव आयोग के निर्देशानुसार की जाएं. पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं.

---

बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र में सड़क हादसा

# कोयला ले जा रहा स्कूटर सवार गिरा, मौके पर मौत

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत राधानगर पंचायत में गुड़गुड़ी रोड पर बुधवार सुबह अवैध कोयला ले जा रहा एक स्कूटर सवार गिर गया. जिससे उसकी मौत हो गई. उसकी पहचान पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के चितामी निवासी 45 वर्षीय सुनील सोनार के रुप में की गई है. बताया जाता है कि सुनील बेरमो के अंगवाली से अपने स्कूटर पर कोयला लाद कर आ रहा था.

स्कूटर में अत्यधिक कोयला लदा होने के कारण स्कूटर असंतुलित हो कर गिर गया. गिरने के क्रम में उसके सिर सहित शरीर के अन्य भागों में चोट लगी. चोट गंभीर होने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. ग्रामीणों की सूचना पर बालीडीह थाना पुलिस पहुंची. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गई. स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो पिंड्राजोरा सहित बंगाल से सटे क्षेत्रों में 1- 2 अवैध कोयला डीपो संचालित हो रहे हैं. जहां से कोयला माफियाओं द्वारा ट्रकों में भरकर अन्यत्र भेज कर बेचने का काम किया जाता है. इधर राधानगर निवासी समाजसेवी सुभाष सरकार ने कहा कि हर दिन बेरमो क्षेत्र से होकर सैंकड़ों की संख्या में इस क्षेत्र से होकर अवैध कोयला लदे दुपहिया वाहन गुजरते हैं. लेकिन अभी तक इस अवैध धंधे पर रोक नहीं लगाई जा सकी है. फलस्वरूप आज एक व्यक्ति की मौत हो गई. कहा गया कि इसी तरह चलता रहा तो आने वाले समय में और भी कई तरह की घटनाएं सामने आ सकती है.



घटनास्थल से मृतक को पोस्टमार्टम के लिए ले जाती एंबुलेंस.

#### खास बातें

- अत्यधिक कोयले की वजह से स्कूटर अनियंत्रित हो गया
- बंगाल से सटे क्षेत्र में कई अवैध डीपो चल रहे हैं
- शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

## टंकी से गिरकर मजदूर की मौत, मुआवजा

**गिरिडीह।** नल जल योजना के तहत सदर प्रखंड के पुरना नगर स्थित क्लस्टर 27 में बन रही मिनी जलमीनार से गिरकर एक मजदूर लोकेश्वर पंडित की मौत हो गई . बताया गया कि पानी टंकी से गिरकर गम्भीर रूप से घायल मजदूर को आनन फानन में गिरिडीह सदर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया . मजदूर की मौत के बाद पहले सदर अस्पताल में फिर बाद में पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल 2 के कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में मृतक के परिजनों के साथ काफी संख्या स्थानीय ग्रामीण जुट गये और मुआवजा की मांग पर अड़ गये . लोग मृतक के आश्रित को 15 लाख रुपये की मुआवजा देने की मांग कर रहे थे. बाद में आजसू नेता गुड्डू यादव और भाजपा नेता कामेश्वर यादव के साथ नगर व मुफ्फसिल थाना की पुलिस भी पीएचडी कार्यालय पहुंची और कार्यपालक अभियंता मुकेश मंडल के साथ वार्ता की . कार्यपालक अभियंता प्रवधानुसार मृतक के आश्रित को 7 लाख 50 हजार रुपये देने पर सहमति जताई गई . लेकिन वहां मौजूद सभी लोग 15 लाख से कुछ भी कम पर कोई समझौता करने को तेयार नहीं थे . बाद में नेता द्वय के पहल पर 8 लाख रुपये पर सहमति बनी लेकिन गांव के राजेश पंडित 8 लाख पर समझौता करने को तैयार नहीं हुआ . अंततः 9 लाख पर सहमति बनी . विभाग द्वारा राशि मृतक की पत्नी के खाते में ट्रांसफर की गई उसके बाद लोग माने . बाद में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सुपुर्द किया गया . बता दें कि उक्त मिनी जलमीनार 6 करोड़ 30 लाख 67 हजार रुपये के प्राक्कलित राशि से निर्मित हो रही है . जिसका संवेदक प्रवीण कुमार दास है .

---

# श्री खांटू श्याम की निकली बरहरवा में शोभा यात्रा निकली



**संवाददाता। साहिबगंज।**

बरहरवा प्रखंड में श्री खांटू श्याम परिवार बरहरवा के नेतृत्व में बुधवार को श्री खांटू श्याम अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन व सोभा यात्रा निकाली गई. इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्याम बाबा की भव्य शोभा यात्रा व विशाल निशान यात्रा शहर में आध्यात्मिक एवं श्रद्धामय ऊर्जा का संचार किया ,जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष बच्चे सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया. यात्रा के दौरान सामिल भक्तों जिसमें मुख्य रूप से मारवाड़ी समुदाय द्वारा श्री खांटू श्याम बाबा की पूजा-अर्चना के साथ-साथ पुष्प वर्षा की गई, जिससे संपूर्ण शहर भक्तिमय हो गया. बाबा का निशान यात्रा स्थानीय सत्संग मंदिर भवन से शुरू होकर शहर के सब्जी मंडी, स्टेशन चौक मेन रोड होते हुए मेन रोड स्थित पुरानी धर्मशाला पहुंचकर समाप्त किया गया. भक्तों के द्वारा श्याम बाबा का दरबार एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा. रात अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर बाबा के छप्पन भोग साथ भजनों की अमृत वर्षा हुई.

### विगिल एप के माध्यम से अनुमति लेनी है

**साहिबगंज।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में आचार संहिता अनुपालन एवं सी विगिल एप से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया.आगामी लोकसभा चुनाव -2024 के सफल आयोजन को लेकर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने सी विगिल एप को लेकर विशेष जानकारी दी.उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल सी विगिल एप के माध्यम से कोई भी राजनीतिक दल निर्वाचन संबंधी कोई भी कार्य करता है जैसे सभा,जुलूस अन्य कार्यक्रम तो उन्हें पूर्व में सी विगिल एप के माध्यम से अनुमति लेनी है. राजनीतिक दलों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर से संबंधित भी इस ऐप के माध्यम से आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे. अनुमति मिलने के पश्चात ही वह जुलूस या कोई सभा या अन्य कार्यक्रम कर सकते हैं.

# रांची जा रही युवती ने कंडक्टर पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**संवाददाता। ललमटिया**

गोड्डा से रांची जाने के क्रम में बस से यात्रा कर रही युवती ने बस के कंडक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगाया है. मामला महगामा से रांची जाने वाली नाइट बस सर्विस पप्पू ट्रेवल्स से जुड़ा हुआ है. ग्राम नीमाकलां की युवती ने ललमटिया थाने में दिए गए शिकायती आवेदन में उसने कहा है कि वह रांची कॉलेज में पीजी की पढ़ाई कर रही है.

बीते सोमवार को अपने घर से रांची जाने के लिए शाम को महगामा से बस में सवार हुई थी. ए साइड की सीट उसे आवंटित की गई थी. आगे यात्रा के क्रम में देर रात बस का कंडक्टर विनय गिरी आया और बेहतर डबल सीट खाली होने की बात कहकर जगह बदल लेने को कहा . मगर इंकार कर दिए जाने के बाद वह लौट गया. फिर आधे घंटे के बाद दोबारा बोकारो के पास मध्य रात्रि में बस के कंडक्टर ने आकर सीट बदलने को कहा.

सीट बदलने के क्रम में जैसे ही उठी तो सहारा देने के बहाने कंडक्टर ने बुरी नीयत से उसके साथ अभद्र व्यवहार तथा छेड़खानी का प्रयास किया . जिससे वह दहशत में है. युवती ने इसकी जानकारी बस के ड्राइवर एवं अन्य स्टाफ को भी दी थी. जिसपर सब ने कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिया था. दो दिनों तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने पर युवती ने परिजनों के साथ थाना पहुंचकर शिकायत की है. इस तरह के हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

---

कर्मचारी नेताओं व नगर प्रशासक के बीच वार्ता

# बनी सहमति, संकट में ही किया जाएगा अग्रिम भुगतान



**संवाददाता। गिरिडीह**

बुधवार को झारखंड इंप्लाइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व नगर निगम के उपनगर आयुक्त विशालदीप खालको के बीच हुई वार्ता के बाद अग्रिम भुगतान पर सहमति बनी. समझौता वार्ता के बाद पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने बताया कि सफाई कर्मियों या कर्मचारी पर कोई आफत आई तो नगर निगम आर्थिक मदद के रूप में अग्रिम भुगतान करेगा. विदित हो कि पूर्व में 28 कर्मचारी अग्रिम भुगतान लेकर निगम को अब तक राशि वापस नहीं की है, इस कारण उपनगर आयुक्त अग्रिम भुगतान पर अपनी सहमति नहीं दे रहे थे. पर संघ द्वारा दबाव देने के बाद इस पर सहमति बनी. उपनगर आयुक्त ने कहा कि पूर्व में ली गई राशि वापस आएगी तभी अग्रिम भुगतान पर सहमति दी जाएगी. सिंह ने जानकारी दी कि होली से पूर्व वेतन का भुगतान हर हाल में किया जाएगा. वहीं 2015 - 20 के बीच अवकाश ग्रहण करने वाले कर्मियों का भुगतान कर दिया जाएगा.

### अवैध शराब की ढाई दर्जन बोतल बरामद

**गोड्डा।** झारखंड की सीमा से पैदल बिहार की सीमा की ओर जा रहे युवक के बैग से अवैध शराब की ढाई दर्जन बोतल बरामद किया गया. घटना जिला के मेहरमा थाना अंतर्गत गोविंदपुर चेकपोस्ट की है. पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पैदल जा रहे युवक को गोविंदपुर पीरपैंती मुख्य मार्ग पर बने चेक पोस्ट पर रोका गया. युवक के पास रख बाग की तलाशी लिए जाने के बाद बाग से ढाई दर्जन से अधिक अवैध शराबकी बोतल बरामद किया गया युवक ने बताया कि वह झारखंड से अंग्रेजी शराब लेकर उसे बिहार में ले जाकर बेचने का काम करता है. शराब के सप्लाई करने का काम वह पूर्व से कर रहा है. युवक के बैग से बरामद की गई शराब की बोतल पर इंपीरियल ब्लू का लेबल लगा हुआ था. युवक की पहचान हरिराम कुमार (ग्राम महेशपुर पिंडीबाजार, लखीसराय बिहार ) के रूप में हुई है.

---

होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# सौहार्द बनाए रखने का निर्देश

**संवाददाता। साहिबगंज**

बुधवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आगामी होली में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण के लिए समाहरणालय सभागार में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी बिंदु पर जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने कहा कि इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को संपन्न कराएं.



#### खास बातें

- अश्लील गानों तथा डीजे पर प्रतिबंध का निर्देश
- जरुरी स्थानों में पुलिस बल की तैनाती का निर्देश

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को शांति समिति की बैठक करने के लिए निर्देशित किया. उन्होंने पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो पाए. इसके अलावा उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर दण्डाधिकारी व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का निर्देश दिया.

**चिह्नित कर कार्रवाई करें :** उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध रूप से उपलब्ध कराई जाने वाली शराब खानों पर भी छापेमारी करना सुनिश्चित करें. उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया. उन्होंने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

### शिक्षक संघ ने नये डीईओ का किया अभिनंदन

**डुमरी ।** अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को नवपदस्थापित गिरिडीह के डीईओ वसीम अहमद का अभिनंदन किया है. इस बाबत संघ के जिला मीडिया प्रभारी सह विज्ञान शिक्षक देवेश कुमार देव ने बताया कि संघ के अध्यक्ष परमेश्वर झा, सचिव सुनील कुमार जैन के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी से औपचारिक मुलाकात कर उनका स्वागत किया, शिष्टमंडल ने डीईओ को एक अभिनंदन पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. सचिव सुनील कुमार जैन ने डीईओ से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की बात कहते हुए विद्यालय आने का निमंत्रण दिया. जैन ने गिरिडीह जिले के अल्पसंख्यक विद्यालयों की शैक्षणिक उपलब्धियों से जिला शिक्षा पदाधिकरी को अवगत कराया.डीईओ ने हर संभव सहायता का भरोसा दिया. देवेश कुमार देव ने स्कूल के उपलब्धियों का एक संस्मरण पत्र डीईओ को सौंपा.

---

## गिरिडीह

भाकपा माले ने चलाया चुनावी संपर्क अभियान,पक्ष में वोट करने की अपील

# महंगाई बढ़ाने वालों को सत्ता से बाहर करना जरूरी : माले

**संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माले ने बुधवार को गिरिडीह प्रखंड के लखियोटांड़ तथा मदनपुर में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनावी जन संपर्क अभियान चलते हुए लोगों से भाकपा माले के पक्ष में खड़ा होने की अपील की और उनसे प्रति घर 20 रुपया चुनावी संघर्ष कोष के लिए इकट्ठा किया. अभियान की अगुवाई जिला कमेटी सदस्य संजय चौधरी तथा मनोज यादव ने करते हुए कहा कि सभी पार्टियों ने जनता को ठगने का काम किया है. चुनाव आते ही सभी बरसाती मेढ़क की तरह आवाज लगानी शुरू कर देते हैं, जबकि सालों भर माले जनता के लिए संघर्ष करती है.



**मोदी सरकार की नीतियों से देश परेशान :** अभियान के दौरान मौजूद माले नेता राजेश यादव ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश परेशान हो चुका है. लोग इस सरकार से मुक्ति चाहते हैं. देश भर में ''भाजपा हटाओ, देश बचाओ'' का नारा गूंज रहा है. कोडरमा में माले ही भाजपा को हरा सकती है. यादव ने कहा कि भाजपा देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के पैसे से और भाकपा माले आम जनता के सहयोग से चुनाव लड़ रही है. कोडरमा में जीत भाकपा माले की ही होगी. उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रति घर 20 रु सहयोग देकर भाकपा माले को जिताने की अपील की.

#### खास बातें

- संजय और मनोज यादव के नेतृत्व में चला अभियान
- मोदी सरकार की नीति से पूरा देश परेशान है

#### माले का साथ देने का ऐलान

माले नेता की अपील पर लोगों ने सभी घरों से सहयोग करते हुए चुनाव में भाकपा माले का साथ देने का ऐलान किया . लखियोटांड़ तथा मदनपुर में अभियान के दौरान मुख्य रूप से रेवा दास, बिनोद कोल, पंकज वर्मा, कन्हैया सिंह, अरुण यादव, भरत यादव, राजेश कुमार, अनवर अंसारी, तेजलाल तुरी, शनिचर तुरी, विवेक कुमार राणा, लक्ष्मण पंडित, सोनू तुरी, जीतन दास, बैजनाथ कोल, मोती कोल, सुखदेव कोल, बिहारी कोल, गांगो कोल, शंकर कोल, संजय कोल, रीना देवी, वीना देवी, जुलमनी देवी, किसुन कोल, बबलू कोल, प्रयाग कोल, गिरजा देवी, शांति देवी, अनीता देवी, द्रोपदी देवी सहित अन्य मौजूद थे .

# हमारी सीट रही है कोडरमा : राजद

**संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा लोकसभा सीट राजद की परम्परागत सीट है. जनता बेसब्री से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद एवं युवा सम्राट तेजस्वी यादव के आदेश का इंतजार कर रहे हैं. उक्त बातें प्रदेश महासचिव गिरेन्द्र प्रसाद यादव ने बुधवार को डाक्टर भीमराव अम्बेडकर भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कही. यादव ने कहा कि कोडरमा की जनता इस बार भाजपा से विकास के नाम पर ठगा महसूस कर रहे हैं, जिसके कारण जनता परिवर्तन के मूड में है और इसके लिए हम लोग पूरी तैयारी के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं एवं जनता से मिलने का कार्य कर रहे हैं. युवा जिला अध्यक्ष मो. इरफान आलम ने कहा कि युवा इस बार राजद के पक्ष में मतदान करने को उत्साहित हैं.



**जीत सुनिश्चित के लिए तैयार :** आलम ने कहा कि तेजस्वी यादव के 17 महीने का कार्यकाल को देखकर सभी लोगों ने मन बना लिया है. महागठबंधन के नेताओं से मांग है कि इस बार कोडरमा लोकसभा राजद की झोली में देने का कार्य करें. हम लोग उनकी जीत सुनिश्चित के लिए तैयार हैं. अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवानंद हाजरा ने कहा कि गरीब दलित आदिवासी अल्पसंख्यक एवं पिछड़ों का नेता माननीय लालू प्रसाद यादव जी हैं उनके ही नेतृत्व से कोडरमा क्षेत्र की सर्वांगीण विकास हो सकता है.

**जनाधार मजबूत :** कोडरमा से जनता दल के टिकट पर पूर्व सांसद प्रोफेसर मुमताज अंसारी 1991 में विजय घोषित हुए थे. आज भी कोडरमा में राजद का जनाधार मजबूत है. महागठबंधन नेताओं से मांग करता हूं कि यह सीट राजद को दिया जाय. इस सीट को राजद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पुनः महागठबंधन को जीत कर उनके झोली में देने का कार्य करेंगे.

### शहर में कई स्थानों पर पार्किंग के नाम पर हो रही है वसूली, नगर निगम की कार्यशैली से जनता की परेशानी बढ़ी

# चुंगी वसूलने से शुरुआत, अब पार्किंग के नाम पर दबा रहे गला

संवाददाता। हजारीबाग

इन दिनों नगर निगम की कार्यशैली से शहरवासी काफी परेशान है. दरअसल, नगर निगम ने पहले चुंगी वसूलने से शुरुआत की थी. इसका समाजसेवी, नेता और आम लोगों ने भी विरोध किया, लेकिन इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया और चुंगी वसूली का धंधा चलता रहा. इसके बाद निगम द्वारा शहर के कई स्थानों पर पार्किंग के नाम पर पैसे वसूलने लगी.

पार्किंग शुल्क की राशि से नगर निगम के राजस्व में वृद्धि होगी और इस राशि का उपयोग शहर के विकास कार्य में होगा, यह सोच कर लोगों ने इसका विरोध नहीं किया.


पुराना समाहरणालय परिसर में पार्किंग का दृश्य

लेकिन, पार्किंग शुल्क वसूली के चक्कर में नगर निगम ने ऐसा कारनामा कर दिया, जो कि गरीब लोगों का गला दबाने के बराबर प्रतीत हो रहा है. अब निगम द्वारा सदर अस्पताल, कोर्ट परिसर और निबंधन कार्यालय में वाहनों की पार्किंग के नाम पर वसूली की जा रही है.

इन जगहों पर हर वर्ग के लोग आते हैं. इनमें कुछ ऐसे लोग भी होते हैं, जो अपने काम के लिए दूसरों से मदद लेकर पहुंचते हैं. लेकिन, इन जगहों पर दोपहिया वाहनों से 10 रुपये और चारपहिया वाहनों से पार्किंग के नाम पर 30 रुपये वसूले जा रहे हैं. इससे आम लोग काफी परेशान हैं.

**सुनवाई नहीं**

- सदर अस्पताल में पार्किंग शुल्क वसूली का विरोध
- कोर्ट व पुराना समाहरणालय में भी हो रही वसूली

#### जहां-तहां पार्किंग के नाम पर वसूली : वीरेंद्र

विष्णुगढ़ निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा बाजार एवं बैंक के पास पार्किंग के नाम से राशि लिया जा रहा था, जो काफी हद तक सही कहा जा सकता है. लेकिन, अब तो नगर निगम ने हद पार कर दिया है. जहां-तहां पार्किंग के नाम पर पैसे वसूल रही है. कोर्ट, अस्पताल आदि जगहों को भी नहीं छोड़ देना चाहिए था, लेकिन वहां भी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है.

#### नेता-मंत्रियों को उठानी चाहिए आवाज : अनिल

मंडई कला निवासी अनिल पांडेय ने बताया कि सदर अस्पताल और पुराना समाहरणालय में पार्किंग शुल्क वसूलना, आम जनता का गला दबाने जैसा है. सदर अस्पताल में मजबूर लोग ही पहुंचते हैं. वहीं, दिन भर काम करने के बाद थके हारे लोग आराम करने के लिए पुराना समाहरणालय जाते हैं. नेता, मंत्री एवं समाजसेवियों को इन जगहों पर पार्किंग शुल्क लेने के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए.

#### अस्पताल परिसर में पार्किंग शुल्क लेना गलत : मनोज

मनोज गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा विशेष स्थानों पर पार्किंग शुल्क लेने पर कोई आपत्ति नहीं है, पर कुछ स्थानों पर पार्किंग के नाम पर हो रही वसूली पर रोक लगनी चाहिए. कोर्ट परिसर और सदर अस्पताल परिसर में हो रही पार्किंग शुल्क की वसूली से लोगों को काफी परेशानी होती है. ऐसे में निगम के अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि इन जगहों पर पार्किंग शुल्क को बंद कराएं.

## होली मिलन समारोह में थिरके मनीष जायसवाल, दी बधाई

संवाददाता। हजारीबाग

**सांस्कृतिक आयोजन**

- जख्मी दिलों का बदला चुकाने आए हैं... गाकर लूटी महफिल
- कहा-जीवन में खुशियों के रंग भरने की प्रेरणा देता है होली

कर्णपुरा विस्थापित/ प्रभावित हाइवा ऑनर एसोसिएशन द्वारा बनादाग साइडिंग परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए. इस दौरान लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर, होली गीत गाकर और होली गीतों पर झूमते नजर आए.

मनीष जायसवाल ने कहा कि रंग-राग और फाग का त्योहार होली, जीवन में खुशियों के रंग भरने की प्रेरणा देता है. इस दौरान उन्होंने जख्मी दिलों का बदला चुकाने आए हैं दीवाने... गीत गाकर महफिल लूट ली.

मौके पर करण जायसवाल, दिनेश सिंह राठौड़, सत्येंद्र सिंह, संघ के अध्यक्ष बसंत यादव, मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, कौशर अली, गणेश तुरी, राजू यादव, हरिनाथ यादव, करण राणा, कृष्ण यादव, सुनील प्रसाद, संदीप प्रसाद, रवि यादव, जोगी यादव, मुखिया दीपक, कपिल सिंह, सुभाष यादव, कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव, विनोद प्रसाद, रंजन चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे.

### ब्रीफ खबरें

#### अवैध चिप्स लदे तीन व बालू लदा एक हाईवा जब्त

**रामगढ़।** जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में बीते मंगलवार रात जांच अभियान चलाया गया. इस क्रम में गोला-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर करीब 700 सीएफटी अवैध स्टोन चिप्स लदा एक हाईवा (जेएच 02 ए क्यू 6163) पर, रामगढ़-हजारीबाग राष्ट्रीय मार्ग पर करीब 800 सीएफटी अवैध स्टोन चिप्स लदा दो हाईवा (बीआर 02 जीसी 8265 एवं बीआर 02 जीसी 8465) और बरकाकाना-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर करीब 600 सीएफटी अवैध बालू लदा एक हाईवा (जेएच 02 बीएम 9201) जब्त किया गया. चारों हाईवा को जब्त कर रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है. वहीं राज्यसात की कार्रवाई हेतु डीसी के न्यायालय में अनुशंसा कर दी गई है.

#### सीसीएल हाई स्कूल को प्लस टू करने पर खुशी

**रामगढ़।** बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों ने सीसीएल हाई स्कूल को प्लस टू में उत्क्रमित करने के लिए झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया है. मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली और सचिव डॉ. शाहनवाज खान समेत अन्य पदाधिकारियों संयुक्त रूप में कहा है कि बरकाकाना के दोनों हाई स्कूल को प्लस टू में उत्क्रमित करने की मांग की जा रही थी. वर्तमान में एक स्कूल को उत्क्रमित कर प्लस टू स्कूल किया गया है, यह खुशी की बात है. उन्होंने कहा कि जब तक श्रीनारायण हाई स्कूल बरकाकाना को उत्क्रमित नहीं किया जाता है, तब तक हमारा प्रयास जारी रहेगा. हाई स्कूल को प्लस टू में उत्क्रमित करने का कदम क्षेत्र के गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहायक होगा.

#### 20 जरूरतमंद परिवारों को इफ्तार किट बांटे

**रामगढ़।** जमात-ए-इस्लामी हिंद की बरकाकाना इकाई ने डुड़गी स्थित मदरसा तालीमुल कुरआन में 20 जरूरतमंद परिवारों के बीच इफ्तार किट का वितरण किया. इस क्रम में बरकाकाना, पीरी, डुड़गी, घुटूआ, हेहल, चैनगड़ा आदि क्षेत्र के परिवारों को इफ्तार किट दिया गया. प्रत्येक किट में चावल, आटा, तेल, चना, चना दाल, बेसन, चीनी, खजूर, चाय पत्ती, रूह अफजा व नमक शामिल है. जमात-ए-इस्लामी हिंद के सदस्य सहूलत फहत ने बताया कि रमजान के महीने में गरीब-बेसहारों का सेवा करना ही अल्लाह की सच्ची इबादत है. मौके पर अर्शी परवीन, सैमुन निशा, मदीना खातून, मंसूर अंसारी, मो. शमशाद, तसीरन निशा, शबनम आरा, बदरून निशा, शहनाज परवीन, मो. एहसान आदि मौजूद थे.

### नशे के सौदागरों ने ढूंढा होली के रंग में भंग डालने का नया उपाय

# छात्रों से करा रहे तस्करी

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में नशे के सौदागर अपना व्यापार बढ़ाने को लेकर पुलिस की आंख में धूल झोंक कर तरह-तरह के नये हथकंडे अपना रहे हैं. सूत्र बताते हैं कि शहर के थानों के आसपास के दुकानों से भी गांजा, शराब और ड्रग्स की बिक्री की जा रही है. नशे के सौदागर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का नशे के अवैध कारोबार में पैडलर के रूप उपयोग कर रहे हैं. साथ ही उन्हें नशा की लत भी लगाई जा रही है.

दरअसल, कॉलेज के छात्रों की पहुंच युवाओं तक आसानी से हो जाती है और मादक पदार्थों की ज्यादा आपूर्ति युवाओं के बीच ही की जाती है. इससे नशा कारोबारियों का कारोबार खूब फल-फूल रहा है और उनकी मोटी कमाई हो रही है. दूसरी ओर पढ़ने-लिखने वाले युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है. पूर्व में भी नशे की गिरफ्त में आकर कुछ युवा अपनी जान गंवा चुके हैं. शहर के एक स्कूल के 11वीं कक्षा के छह विद्यार्थी घर से स्कूल जाने की बात कह कर लोटवा डैम चले गए थे. वहां नशा करने के बाद डैम में नहाने गए और डूबने से उनकी मौत हो गई थी. छात्रों को अपने चंगुल में लेने के लिए नशा कारोबारी पहले उन्हें छोटी-मोटी रकम देकर खुश कर देते हैं.

ऐसे में कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र पैसे की लालच में गुमराह होकर नशीले पदार्थों की सप्लाई करने के लिए तैयार हो जाते हैं. लेकिन उन्हें यह नहीं पता है कि बैग में नशे के उन सामानों के साथ पकड़े जाने पर जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है. इस खेल में शामिल छात्रों को नशे के सौदागरों ने प्रशिक्षण दे रखा है. छात्रों को कहा गया है कि घर से निकालने के बाद दुकान में जाकर कुछ खरीदना है. इसी बीच में नशे के कारोबारी बैग में मादक पदार्थ रख देते हैं और फिर छात्र पर निगरानी रखी जाती है और रास्ते में ही उसकी बैग से सामान निकाल लिया जाता है और बुकिंग के अनुसार जगह पर पहुंचा देते हैं. हैरत की बात को यह है कि इस खेल में नाबालिग का भी इस्तेमाल किया जाता है.




**फैलता जहर**

- युवाओं को पैसे का लालच देकर बना रहे शागिर्द
- पढ़ने-लिखने वाले छात्रों का भविष्य हो रहा बर्बाद

#### बोरोलीन व माचिस की डिब्बी हो रहा का इस्तेमाल

पुलिस की नजर से बचने के लिए नशा कारोबारी नया-नया तरीका अपना रहे हैं. वह बोरोलिन की छोटा डिब्बी में ड्रग्स और माचिस के डब्बा में गांजा रखते हैं. कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के बैग में इसे रख कर छोटे-छोटे दुकानदारों तक मादक पदार्थ की आपूर्ति कर रहे हैं. इसके बदले में छात्रों को 1000 से 2000 रुपये थमा दिया जाता है. ऐसे में पढ़ने लिखने वाले छात्र भी धीरे-धीरे नशे के इस कारोबार में जुड़ कर पढ़ाई से दूर होते जा रहे हैं. वहीं, न तो पुलिस को और ना ही अभिभावकों को इसकी भनक लग पाती है. ऐसे में नशे के कारोबारी अपने मकसद में कामयाब हो रहे हैं.

#### छोटे-छोटे दुकानों में बिक रहे हैं मादक पदार्थ

नशे के इस अवैध करोबार में छोटे-छोटे दुकानदार भी शामिल हैं. वह नशेड़ियों को खूब पहचानते हैं और उन्हें कोरेक्स, गांजा या ड्रग्स खरीदने के लिए कोड वर्ड दे रखा है. गांजा खरीदने के लिए छोटी माचिस का डिबिया, ड्रग्स खरीदने के लिए ओरिजिनल डिब्बी वाली बोरोलिन और कोरेक्स खरीदने के लिए गरम कोल्ड ड्रिंक बोला जाता है. तस्कर उन दुकानों पर पहुंचकर जरूरत के अनुसार, संबंधित कोर्ड वर्ड बोलते हैं और उन्हें डिब्बी में बंद मादक पदार्थ की आपूर्ति कर दी जाती है. इन्हें पुलिस का भी खौफ नहीं होता है और खुलेआम नशे के इस अवैध करोबार को कर रहे हैं.

#### बैग से मिला माचिस की डिब्बी में रखा गांजा

शिवपुरी के कई अभिभावकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मंगलवार को पांचवी, छठी और 11वीं व 12 वीं कक्षा के कुछ विद्यार्थी थे. वे लोग अपने बैग में माचिस की डिबिया रखे हुए थे. इसके बाद बैग की तलाशी ली गई और छात्रों से पूछा गया, तब पूरा राज खुला है. लेकिन, छात्रों का भविष्य खराब न हो, इसलिए हिदायद देकर उन्हें छोड़ दिया. वहीं, सदर थाना पुलिस को इसकी मौखिक सूचना दी गई. थाना से कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा गया कि पुलिस नशा कारोबार और नशेड़ियों के खिलाफ लगातार काम कर रही है. शिवपुरी में भी अभियान चलाया जाएगा.

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन

संवाददाता। बरकट्ठा



**धार्मिक अनुष्ठान**

- जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो उठा पूरा क्षेत्र
- श्रद्धालुओं ने पूरे गांव का भ्रमण कर भिक्षाटन किया

प्रखंड क्षेत्र के बसरिया गांव में आगामी 10 अप्रैल से होने वाले सात दिवसीय श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमंत महायज्ञ को लेकर बुधवार को भूमि पूजन और ध्वजारोपण किया गया. यज्ञाधीश अशोक पांडेय, यज्ञाचार्य छोटी पांडेय, उप यज्ञाचार्य शंकर पांडेय व संरक्षक पवन पांडेय ने संयुक्त रूप से विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक कार्य कराया.

इसके बाद श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण कर भिक्षाटन किया. इस दौरान पूरा क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चारण और जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो उठा. बता दें कि 10 अप्रैल से भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत होगी. मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया कमलेश कुमार, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, यज्ञ समिति के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, उपाध्यक्ष वासुदेव मंडल, सचिव चंद्रिका सिंह, महासचिव छोटी रविदास, कोषाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष सुनील प्रसाद, निगरानी समिति के अध्यक्ष अशोक प्रसाद, उपाध्यक्ष अशोक सिंह, शोभा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष राहुल कुमार, संचालन समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, छोटी प्रसाद, सुरेश प्रसाद, जगदीश प्रसाद, संयोजक विक्की कुमार, उमेश प्रसाद आदि शामिल थे.

## जेपी पटेल के कांग्रेस में आने से पार्टी होगी मजबूत : साजिद

संवाददाता। हजारीबाग

**राजनीतिक प्रतिक्रिया**

- मांडू के भाजपा विधायक के कांग्रेस में आने पर स्वागत
- अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना

जिला कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साजिद अली खान ने मांडू से भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का कांग्रेस पार्टी में आने पर स्वागत किया है. बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता स्व. टेकलाल महतो के पुत्र जेपी भाई पटेल के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से पार्टी में एक नई ऊर्जा और उत्साह नजर आ रहा है.

उनके आने से कांग्रेस पार्टी और भी मजबूत होगी. वहीं, भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में एक भी लोकसभा सीट से कोयरी-कुर्मी जाति से प्रत्याशी नहीं देकर इस विशेष जाति को अपमानित करने का काम किया गया है. इस परिस्थिति में कांग्रेस पार्टी द्वारा कोयरी-कुर्मी जाति के कद्दावर नेता जेपी भाई पटेल देने का कार्य स्वागत योग्य है. खान ने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन को लाभ मिलेगा.

#### हड़ताल खत्म, काम पर लौटेंगे पंचायत सहायक

**टाटीझरिया।** पंचायत सचिवालय सहायक संघ के सदस्यों ने बुधवार को बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज को हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का ज्ञापन सौंपा. संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर राज्य भर के पंचायत सहायक हड़ताल पर थे. कैबिनेट की बैठक में उनकी प्रमुख मांगों के प्रति सरकार द्वारा सकारात्मक घोषणा करने के बाद हड़ताल स्थगित करते हुए अपने कार्य में योगदान देने का निर्णय लिया गया है. कहा, विकास योजनाओं में पंचायत सहायक अपना योगदान देंगे. मौके पर सुकेश राम, विकास कुमार यादव, रिंकी कुमारी, रेखा देवी, शहजादी खातून, सगुफ्ता परवीन, सचिन कुमार यादव, सरयू राम, अजीत कुमार आदि मौजूद थे.

### पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

# दुविधाओं को कर लें दूर: उपायुक्त

संवाददाता। रामगढ़

लोकसभा चुनाव के स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन को लेकर बुधवार को पीठासीन पदाधिकारियों को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने प्रशिक्षण कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर मास्टर ट्रेनों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की हर बारीकी को अच्छी तरह से समझने एवं अपनी किसी भी दुविधा को त्वरित दूर करने का निर्देश दिया.

पीठासीन पदधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्य के दौरान बिना अतिआत्मविश्वास में आए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य करने को कहा. साथ मतदान कर्मियों के लिए बनाए गए इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट लर्निंग सिस्टम (आईएमएलएस) ऐप का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए. उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों एवं सभी मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों आदि को उक्त ऐप के इस्तेमाल संबंधी जानकारी देने का निर्देश दिया.

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने, मॉक पोल, ईवीएम संचालन की प्रक्रिया, समस्त निर्वाचन कागजातों एवं सामग्रियों का अलग-अलग पैकेट तैयार करने, चैलेंज वोट, टेंडर वोट सहित चुनाव से संबंधित अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और दुविधाओं को दूर किया गया.



**चुनाव तैयारी**

- चुनाव संबंधी विषयों पर विस्तार से दी गई जानकारी
- आईएमएलएस ऐप का इस्तेमाल करने के दिए निर्देश

#### फांसी के फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम सांढ़ गांव स्थित छापेरवा टोला में बुधवार सुबह एक विवाहिता का फंदे से लटका हुआ शव बरामद हुआ है. मृतका की पहचान हिमांशु कुमार की पत्नी राधिका कुमारी (21) के रूप में हुई है. घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से पूछताछ की. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया. घटना के संबंध में ससुराल वालों का कहना है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है. वहीं, मायके वाले का आरोप है कि ससुराल वालों ने हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया है. इस संबंध में घटनास्थल पर पहुंचे बड़कागांव थाना के दारोगा अमित कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा. उधर, परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, हिमांशु और राधिका के प्रेम-प्रसंग की जानकारी के बाद दोनों के परिवार की आपसी सहमति से वर्ष 2021 में दोनों की शादी हुई थी. पुलिस जांच में जुटी है.

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के विद्यार्थी नेतरहाट रवाना

# प्राकृतिक सौंदर्य का उठाएंगे लुत्फ

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के 40 विद्यार्थियों का दल बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण पर नेतरहाट के लिए रवाना हुआ. विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व विज्ञान विभाग के डीन डॉ. दिवाकर निराला कर रहे हैं. साथ में विभाग के सह प्राध्यापक राहुल कुमार, सबीता कुमारी, मुकेश कुमार साव, सुप्रिया रानी, विशाखा बाला और राहुल राजवार भी हैं.

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को समुद्रतल से करीबन तीन हजार 700 फीट की ऊंचाई पर प्रकृति की गोद में बसे रमणीक स्थल का नजारा देखेंगे. इस दौरान विद्यार्थियों को शैले हाउस, मैग्नोलिया सनसेट प्वाइंट, कोयल व्यूज प्वाइंट, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नाशपाती बागान सहित अन्य जगहों का भ्रमण कराया जाएगा. इसके अलावा विद्यार्थी भौगोलिक परिस्थितियों के साथ-साथ पौधे और पशु की विभिन्न प्रजातियों का भी निरीक्षण करेंगे.

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने बताया कि एनवायरमेंटल साइंस में विद्यार्थियों को वातावरण और भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी दी जाती है. ऐसे में विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के लिए नेतरहाट की यात्रा शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगी.



**शैक्षणिक भ्रमण**

- क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों से अवगत होंगे विद्यार्थी
- सनसेट प्वाइंट व कोयल व्यूज प्वाइंट का देखेंगे नजारा

**कार्यक्रम**

### कुशवाहा महासभा का होली मिलन समारोह, एकजुट होकर विकसित समाज बनाने का आह्वान

# अमन, चैन और भाईचारे के साथ मनाएं होली का त्योहार : मेहता

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के बड़कागांव प्रखंड के कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में बड़कागांव स्थित कुशवाहा धर्मशाला में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी राजकुमार कुशवाहा और बब्लू कुशवाहा शामिल हुए.

इस दौरान महासभा की ओर से सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया. इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अमन-चैन व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की. समारोह में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का त्योहार है. हम सभी को अमन, चैन और भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाना है. वहीं, झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी राजकुमार कुशवाहा ने सभी से आपसी सद्भावना के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील की. कहा कि होली प्रेम और भाईचारे कर त्योहार है. हमें होली के अवसर पर यह संकल्प लेना है कि समाजिक एकजुटता कायम करते हुए विकसित समाज बनाएं.

वहीं शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के लिए शिक्षा वह सीढ़ी है, जिस पर चलकर विकास की गाथाएं लिखी जाती हैं. हम सभी को समाज को एकजुट करने के लिए मंथन करना होगा. जब हमारा समाज एकजुट होगा, तभी हमारी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित होगी. मौके पर कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा सहित महासभा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए.



**सामाजिक आयोजन**

- आपसी सद्भावना के साथ मनाएं रंगों का त्योहार : राजकुमार
- सभी ने एक-दूसरे को दी होली की बधाई और शुभकामनाएं

#### शांति और सौहार्द्र वातावरण में होली मनाने की अपील

**बरकट्ठा।** होली के त्योहार को लेकर बुधवार को बरकट्ठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता बरकट्ठा इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी व संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राजेश भोक्ता ने कहा कि होली अनेकता में एकता और भाईचारे का त्योहार है. सभी समुदाय के लोग इस पर्व को शांति और सौहार्द्र वातावरण में मनाएं. होली में नशेड़ियों और हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखे जाने की बात कही. वहीं पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष और मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने होली में शराब पर पूर्ण पाबंदी लगाने की जरूरत पर बल दिया. बैठक में गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम प्रसाद, तुईयो मुखिया शंकर रविदास, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, इंद्रजीत कुमार, गैडा पंसस अनुज पासवान, चुगलामो पंसस प्रतिनिधि मुकेश दास, बेडोकला पंसस यूसुफ अंसारी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, समेत दर्जनों गणमान्य मौजूद थे.

## ऑटो स्पेयर पार्ट्स दुकान से चार नकली क्लच प्लेट बरामद

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड क्षेत्र में नकली ऑटो स्पेयर पार्ट्स बेचने का मामले में एक कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने एक ऑटो स्पेयर पार्ट्स दुकान में छापेमारी की. इस क्रम में कंपनी के जांच अधिकारी और पुलिस ने चौपारण केंदुआ मोड़ के पास इरशाद आलम के सोनू मोटर्स और गैराज में दबिश दी. इस दौरान वैलियो कंपनी के सात पीस नकली क्लच प्लेट जब्त किए गए.

कंपनी के जांच अधिकारी सूरज सोनी और मुंबई से आए जांच अधिकारी राजेश दास ने बताया कि चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह से अनुमति लेने के बाद ही इन दुकानों में छापेमारी की गई. इस क्रम में चार पहिया वाहनों में प्रयोग किए जाने नकली क्लच प्लेट बरामद किए गए. कंपनी के अधिकारी द्वारा थाना में आवेदन देकर सोनू मोटर्स और गैराज के खिलाफ नकली क्लच प्लेट बेचने के आरोप में कार्रवाई की मांग की गई है. मामले में चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.



**किया भंडाफोड़**

- वैलियो कंपनी के अधिकारी ने पुलिस के साथ मारा छापा
- सोनू मोटर्स और गैराज के खिलाफ थाने में की शिकायत



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्रमा मानसिक सुख देगा, पर जलज बीमारियों से बचें. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में तरक्की होगी. किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. जोखिम से बचें.

**वृषभ** पराक्रम बढ़ेगा. समय बहुत ही उत्तम है. आय का मार्ग खुलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** आय और धन में वृद्धि होगी. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** समय उत्तम है. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. समय थोड़ा आलस वाला होगा. अन्न दान करें.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. अपनों से किसी बात को लेकर विवाद से दूर रहें.

**कन्या** रुखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. मेहनत का सही लाभ मिलेगा. गाय को गुड़ खिलाएं.

**तुला** काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है. किसी गलतफहमी के वजह से परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं.

**वृश्चिक** कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. कोई बड़ी यात्रा आवश्यक नहीं हो तो टाल दें. जल दान करें.

**धनु** समय सामान्य है. कोई उलझन हो सकता है. कार्य करने से पूर्व विचार कर लें. पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**मकर** जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का योग है. कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. आपके प्रयास से परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा.

**कुंभ** समय सामान्य है. कोई शोक या रोग हो सकता है. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें. झाड़ू का दान मंदिर में करें.

**मीन** मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

## दो ड्रग तस्करों को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास, लगा दो लाख का जुर्माना

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही दोनों पर दो लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है. जुर्माने की राशि नहीं देने पर छह महीने की अतिरिक्त कारावास सुनाई गई है. दोनों अभियुक्त ट्रक चालक मोहम्मद फैजान व ट्रक मालिक शहजाद उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रमजानपुर के रहने वाले हैं. प्राथमिकी के अनुसार 14 अप्रैल 2023 को सदर थाना पुलिस चियांकी में चेकिंग अभियान चला रही थी. इसी दौरान पुलिस ने एक ट्रक से 54 बोरा डोडा बरामद किया था, जो करीब 700 किलो ग्राम था. इस संबंध में सदर थाना में कांड संख्या 40/2023 नारकोटिक ड्रग्स एंड साइक्रोट्रॉफिक सब्सटांटिक एक्ट की धारा 15 और 22 के तहत ट्रक ड्राइवर मोहम्मद फैजान और ट्रक के मालिक शहजादा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

## वनभूमि पर पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदने का काम युद्धस्तर पर जारी

**कटकमसांडी (हजारीबाग)।** वनकर्मियों व वन समिति के मिलीभगत से कटकमसांडी जंगल में अवैध रूप से मटर व गेहूं की खेती की जा रही है. यह खेती वनकर्मियों की गैरजानकारी में जंगलों के बीच लगभग चार-पांच एकड़ में हो रही है. ग्रामीणों के मुताबिक वनभूमि पर पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है. साथ ही लकड़ियों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है, जिससे जंगलों का अस्तित्व खतरे में है. ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों का काट कर जगह-जगह अवैध बालू डंप किया जा रहा है. वहीं वनकर्मियों व समिति अध्यक्ष के द्वारा रैयती व खरीदगी जमीन पर भी पौधरोपण के लिए गड्ढे की खुदाई की जा रही है. बताया गया कि रैयत द्वारा डीएफओ को दिए गए लिखित शिकायत के बाद डीएफओ द्वारा मापी कराने की बात कही गई है. मगर समिति अध्यक्ष व वनकर्मियों द्वारा डीएफओ के आदेश को ताक पर रखकर पौधरोपण के लिए गड्ढे किए जाने का काम युद्धस्तर पर कराया जा रहा है. जंगल के बीच खोदे गए एक तालाब में मछली पालन की भी खबर है. यह जांच का विषय है.

### विकास से कोसों दूर है ‘चटुआग’ गांव, सांसद सुनील सिंह ने अपने दूसरे कार्यकाल में ‘चटुआग’ को गोद लिया था

# सारी, गलती हमारी थी सांसद महोदय, बस एक बार गांव आ जाइए...

आशीष टैगोर। लातेहार

जिले के चंदवा प्रखंड में एक पंचायत है कामता. इसी कामता पंचायत में चटुआग एक गांव है. इस चटुआग को सांसद सुनील सिंह ने अपने दूसरे कार्यकाल में गोद लिया था. तब गांव के लोगों को लगा था कि अब गांव में मूलभूत सुविधायें बहाल होगीं. गांव की सड़कें अच्छी होगी. गावं से पंचायत व प्रखंड मुख्यालय पहुंचना आसान होगा. गांव में शिक्षा व स्वास्थ्य की बेहतर सुविधायें मिल सकेंगी. लेकिन इन पांच सालों में लोगों की आशाएं धरी की धरी रह गयी. देखते ही देखते एक और चुनाव आ गया, लेकिन लोगों को सांसद के द्वारा सिर्फ छलावा के कुछ नहीं मिला. गांव वालों को आज तक इस बात का मलाल है कि सांसद ने इस गांव के एक मोड़ पर दो स्ट्रीट लाइट लगाने के अलावा कुछ नहीं किया. लोग बताते हैं कि इस गांव में सांसद से अधिक तो मुखियाओं ने काम किया है.



**सूरते हाल**
- पानी, सड़क व आवास के लिए हुआ था तीन दिवसीय आंदोलन
- कहा था–आप गांव आइये आपसे कुछ नहीं मांगेंगे

**पिछले साल ग्रामीणों ने किया था आंदोलन :** पिछले साल जनवरी के महीने में चटुआग गांव के ग्रामीणों ने सड़क, पानी और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं बहाल कराने की मांग को ले कर तीन दिवसीय आंदोलन किया था. ग्रामीणों ने इस दौरान भूख हड़ताल भी किया था. लोगों का कहना था कि आजादी के बाद से चटुआग गांव उपेक्षित है. जब सांसद ने गांव को गोद लिया तब लगा कि अब चीजें सही होगीं, लेकिन कुछ नहीं हुआ.

**हम कुछ नहीं मांगेंगे सांसद महोदय, लौट आइए :** ग्रामीणों ने अपने आंदोलन के क्रम में एक सांसद सुनील सिंह के नाम एक पोस्टर छपवा कर उन्हें गांव में आने का निमंत्रण दिया था. ग्रामीणों ने अपने पोस्टर में कहा था कि एक बार गांव लौट आइये सांसद महोदय, हम कुछ नहीं मांगेंगे. पोस्टर में लिखा था कि सासंद महोदय आपने 26 जनवरी 2018 को गांव आकर झंडोत्तोलन किया था. 2017 में आपने गांव को गोद लिया और इसको एक आदर्श गांव के रूप में चुना था. लेकिन इसके बाद आप गांव में एक बार भी नजर नहीं आये. आगे लिखा था कि सांसद महोदय आप गणतंत्र दिवस पर हमारे गांव आइये. यहां के ग्रामीण आपसे कुछ नहीं मांगेंगे. जारी पोस्टर में लिखा है कि गांव वाले खटिया में लादकर मरीज को अस्पताल पहुंचा देंगे. पर आपसे सड़क नहीं मांगेंगे. बदबूदार पानी पी लेंगे पर आपसे पानी नहीं मांगेंगे. खुले आसमान के नीचे रह लेंगे पर आपसे घर नहीं मांगेंगे. सारी गलती हमारी थी सांसद महोदय. बस आप एक बार गांव लौट आइए.

### चुआंड़ी का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं ग्रामीण

ग्रामीण कमल गंझू ने बताया कि आदर्श गांव चटुआग का एक टोला है चिरोखाड़. यह टोला आदिवासी बहुल इलाका है. यहां करीब 2025 परिवार के लोग निवास करते हैं. इसकी जनसंख्या करीब 100 है. यह टोला गांव की सड़क से भी कटा है. दशकों से इस टोले में एक भी सरकारी योजनाएं नहीं चलाई गई है और ना ही एक रुपये की राशि खर्च की गयी है. ग्रामीण बिशुन गंझू ने कहा कि आदर्श ग्राम योजना के तहत 2017 में जब चटुआग ग्राम का चयन आदर्श ग्राम के रूप में सांसद सुनील सिंह ने किया था. उस समय लगा था कि गांव की समस्या दूर होगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ. अभी भी गांव के लोग चुआंड़ी का बदबूदार पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं.

**लोकसभा चुनाव 2024**

### झारखंड गठन के बाद से ही गिरिडीह में भाजपा और झामुमो के बीच होती रही है टक्कर

# इस बार जनता किसे चुनेगी अपना सांसद ?

**कुल मतदाता 18,40,296**

महिला 8,91,023 | पुरुष 9,41,266

ट्रांसजेंडर : 07

प्रवीण कुमार। रांची

गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में गिरडीह, बोकारो और धनबाद जिले के कुछ हिस्सों को शामिल किया गया है. इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा आते है. गिरिडीह लोकसभा सीट का गठन संयुक्त बिहार में 1957 में हुआ था. यहां देश में दूसरी लोकसभा चुनाव के दौरान पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे. यह क्षेत्र दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों से घिरा है. यह क्षेत्र अभ्रक और कोयला जैसे खनिज उत्पादन के लिए भी जाना जाता है. जैनियों के प्रमुख तीर्थस्थल पार्श्वनाथ पहाड़ी भी इसी क्षेत्र में पड़ता है. गौरतलब है कि गिरिडीह झारखंड का महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है. 2019 के चुनाव में यहां एनडीए का कब्जा है. 2019 के चुनाव में एनडीए के घटक दल आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी ने यहां से जीत दर्ज की थी. एनडीए की ओर से अभीतक गिरिडीह लोकसभा से अधिकृत उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है, मगर कयास लगाए जा रहे हैं कि यहां से मुख्य मुकाबला एनडीए के निवर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो के मथुरा महतो के बीच हो सकता है. वहीं, जयराम महतो ने भी यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा की है. इस स्थिति में मुकाबला काफी रोचक होने वाला है. ज्ञात हो कि झारखंड राज्य के गठन होने के बाद से इस सीट पर भाजपा और झामुमो के बीच टक्कर होती रही है. 2024 के चुनाव में गिरिडीह की जनता किसे अपना सांसद चुनती है, यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा.

## 1957 में हुआ था गिरिडीह लोकसभा सीट का गठन





- झारखंड का महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है गिरिडीह
- 2019 में चंद्रप्रकाश चौधरी ने यहां से जीते थे चुनाव

**लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा**

**एनडीए के पास दो- गोमिया, बाघमारा**

**इंडिया के पास चार- गिरिडीह, डुमरी, बेरमो, टुंडी**

- **1957 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव :** 1957 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में गिरिडीह लोकसभा सीट से छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी काजी एसए मतीन विजयी हुए थे. उन्हें 51.3% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के नागेश्वर प्रसाद सिंह को 30.9% वोट मिले थे. वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया को 11.4% वोट प्राप्त हुए थे.
- **1962 में स्वतंत्र पार्टी ने दर्ज की जीत :** 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में गिरिडीह से स्वतंत्र पार्टी के ठाकुर बटेश्वर सिंह विजयी हुए थे. इन्हें कुल 39.8 % वोट मिले थे. वहीं कांग्रेस के चपलेंदु भट्टाचार्य को 36.4% वोट प्राप्त हुए थे.
- **1967 में पहली बार कांग्रेस की हुई जीत :** 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अब्दुल इम्तियाज अहमद को अपना उम्मीदवार बनाया गया. उन्हें 33 % वोट प्राप्त हुए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी एम. एस. ओबराय को 31.02 और भारतीय जन संघ को 17.8 % वोट मिले.
- **1971 में कांग्रेस ने दर्ज की जीत :** 1971 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस ने चपलेंदु भट्टाचार्य को अपना उम्मीदवार बनाया गया. जिसमें इन्हें 37.8 % फीसदी वोट प्राप्त हुए. वहीं, कांग्रेस के कृष्ण बल्लभ सहाय को 34.8 % वोट प्राप्त हुए. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया को 17.8 % वोट मिले.
- **1977 में कांग्रेस की हुई हार :** 1977 के लोकसभा चुनाव में यहां से भारतीय लोकदल ने जीत दर्ज की थी. भारतीय लोक दल के रामदास सिंह को 56.4 % वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 29.5 % वोट प्राप्त मिले.
- **1980 में कांग्रेस के बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे जीते :** 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे को चुनाव में उतरा गया. बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे 34.4 % वोट मिले थे. जनता पार्टी के रामदास सिंह को 35.9 % और निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़े विनोद बिहारी महतो को 18.4 % वोट प्राप्त हुए थे.
- **1984 में इंदिरा की हत्या के बाद कांग्रेस की जीत :** 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस ने यहां से जीत दर्ज की. कांग्रेस के सरफराज अहमद को 51.8 % वोट प्राप्त हुए थे. निर्दलीय उम्मीदवार विनोद बिहारी महतो को 18.8 और भाजपा के रामदास सिंह को 17.4 % वोट प्राप्त हुए थे.
- **1989 में भाजपा ने पहली बार दर्ज की जीत :** 1989 के लोकसभा चुनाव पहली बार भाजपा ने जीत दर्ज की थी. भाजपा के रामदास सिंह को 35.2 % वोट प्राप्त हुए थे. वहीं निर्दलीय के तौर पर विनोद बिहारी महतो ने 31.5 % वोट प्राप्त किए. जबकि कांग्रेस के सरफराज अहमद को 26.9 % वोट प्राप्त हुए.
- **1991 के चुनाव में झामुमो की जीत :** 1991 के लोकसभा चुनाव में विनोद बिहारी महतो को 47.2 % वोट लाकर चुनाव जीते. वे झारखंड मुक्ति मोर्चा को टिकट से चुनाव लड़ा था. इससे पहले विनोद बिहारी महतो लगातार इस सीट पर चुनाव लड़े, लेकिन जीत नहीं सके भाजपा के रामदास सिंह को 31.02 % वोट प्राप्त हुए. वहीं कांग्रेस के सरफराज अहमद को 15.9 % वोट प्राप्त हुए.
- **1996 में भाजपा ने फिर दर्ज की जीत :** 1996 की लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा ने जीत दर्ज की. इस बार भाजपा ने रविंद्र कुमार पांडे को अपना उम्मीदवार बनाया था. भाजपा को 29.8% वोट प्राप्त हुए थे. जबकि दूसरे स्थान पर रहे जनता दल को 20.7 %, झारखंड मुक्ति मोर्चा (एम) को 16.3 और कांग्रेस को 13.7 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे.
- **1998 में रविंद्र पांडे ने दूसरी बार दर्ज की जीत :** 1998 के चुनाव में भाजपा के रविंद्र पांडे ने दूसरी बार इस सीट से जीत दर्ज की. भाजपा को 1998 में 44.7 % वोट प्राप्त हुए थे. जबकि कांग्रेस के राजेंद्र प्रसाद सिंह को 34 % वोट प्राप्त हुए थे.
- **1999 में भाजपा ने फिर हासिल की जीत :** 1999 में भी लोकसभा उप चुनाव में फिर से भाजाप ने इस सीट पर जीत दर्ज किया था. भाजपा को 1999 में कुल 46% वोट प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस को 42.3 % वोट प्राप्त हुए.
- **2004 में फिर जीता झामुमो :** 2004 के लोकसभा चुनाव में गिरिडीह की लोकसभा सीट भाजपा के हाथ से निकल गई. इस चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के टेकलाल महतो ने जीत दर्ज की. इन्हें कुल 49 % वोट प्राप्त हुए. जबकि भाजपा के रविंद्र पांडे को 28.5% और जनता दल यूनाइटेड के इंद्रदेव महतो को 11.4 % वोट प्राप्त हुए थे.
- **2009 में भाजपा ने फिर हासिल की जीत :** 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा ने पर्चम लहराया. भाजपा के रविंद्र पांडे को 37.7 % वोट प्राप्त हुए, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा को 24 % और झारखंड विकास मोर्चा प्र. को 20.5 % वोट प्राप्त हुए.
- **2014 में भाजपा के रविंद्र पांडे पांचवीं बार जीते :** 2014 के चुनाव में इस सीट पर फिर रविंद्र पांडे भाजपा से विजयी हुए. इस बार पांडे को कुल 40.4 % वोट प्राप्त हुए थे. जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जगन्नाथ महतो को 36.02 % वोट प्राप्त हुए थे.
- **2019 में आजसू ने दर्ज की जीत :** 2019 की हुए चुनाव में गिरिडीह सीट पर भाजपा और जो झारखंड स्टूडेंट यूनियन के बीच सीटों का समझौता हुआ था. जिसके तहत यह सीट आजसू पार्टी के पास चली गई. आजसू पार्टी के चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह सीट से 2019 से 58.6 % वोट लाकर जीत हासिल की. जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जगन्नाथ महतो को 36.01% वोट मिले थे.

## रोड सेनेटाइजेशन के दौरान मिला लैंड माइंस, एक व्यक्ति गिरफ्तार

संवाददाता। मेदिनीनगर

सतबरवा थाना क्षेत्र के मलय डैम रोड इलाके से पुलिस ने विस्फोटक समेत कई सामग्रियां बरामद की हैं. छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि यह विस्फोटक और सामग्री एक खनन कंपनी की थी, जिसे लापरवाही से रखा गया था. पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए खनन कंपनी के सुपरवाइजर धीरेंद्र कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है. मौके से सनन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 18 पीस, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर नौ पीस, दो किलो इलेक्ट्रिक तार, पावर ब्लास्ट एक्सप्लोरर 200, सीटी एक पीस, टेस्टर एक पीस बरामद किया गया है.

**मामले की गहन जांच की जा रही है: पलामू एसपी**

पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने विस्फोटक और अन्य सामग्री के बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है. एफआईआर दर्ज कर ली गई है. लापरवाही बरतने वाले माइंस संचालकों पर कार्रवाई होगी. इस सर्च अभियान में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, थाना प्रभारी अंचित कुमार आदि शामिल थे. जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू पुलिस रोड सेनेटाइज कर रही है और एंटी नक्सल अभियान भी चला रही है.

## जेल में ही बीतेगी प्रेम प्रकाश की होली

**रांची/दिल्ली।** अवैध खनन और लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है. बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए अप्रैल महीने का समय निर्धारित किया है. ऐसे में प्रेम प्रकाश की होली जेल की सलाखों के पीछे ही बीतेगी. बता दें कि प्रेम प्रकाश को झारखंड हाईकोर्ट और ईडी कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया था. इसके बाद उन्होंने अपने बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी.

## दिलीप तिर्की बने सिमडेगा मोटर यूनियन के अध्यक्ष

संवाददाता। सिमडेगा



सिमड़ेगा के वीर शहीद तेलांगा खड़िया बस स्टैंड में मोटर यूनियन की चूनावी बैठक हुई. जिसमें सर्वसम्मति से इंटक कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की को मोटर यूनियन का अध्यक्ष चुना गया. सकील अख्तर एवं बॉबी उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह सचिव, अरुण पाढ़ी सह सचिव, लक्ष्मण शर्मा कोषाध्यक्ष, जावेद खान उप कोषाध्यक्ष एवं 15 कार्यकारी सदस्य चुने गए. दिलीप ने कहा आपकी जो भी समस्याएं होंगी उसके लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा. आपके हर समस्याओं के सामने मैं खड़ा रहूंगा और उसका निदान कराऊंगा.

उन्होंने यह भी निर्णय लिया गया की मोटर यूनियन कि प्रत्येक माह की 20 तारीख को बैठक होगी, जिसमें बस स्टैंड से जुड़ी सभी बातों पर चर्चा की जाएगी. साथ ही यूनियन के लिए फंड भी जमा किया जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर उसका उचित इस्तेमाल किया जा सके. मौके पर शाहिद खान, वसीम अकरम, नरेश शर्मा, मजहर खान, तस्लीम अख्तर, शोएब खान, बबलू खान, आशीष साहू, रेमसन लकड़ा, रिजवान आलम, अली आलम समेत कई लोग मौजूद थे.

**आयोजन**

### निशान यात्रा के दौरान कई जगहों पर निशान यात्रियों का स्वागत किया गया

# फाल्गुन महोत्सव पर निकली बाबा श्याम की निशान यात्रा

संवाददाता। चांडिल

श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान में अयोजित दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन बुधवार को नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर से चांडिल श्याम मंदिर तक विशाल एवं भव्य निशान यात्रा निकाला गया. आयोजन स्थल में बाबा श्याम के निशान की पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई.

मौके पर ज्योत का पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धी की कामना की गई. निशान यात्रा के दौरान बाबा श्याम की आकर्षक झांकी सजाई गई थी. सभी निशान यात्री बाबा श्याम के झांकी के साथ-साथ जय श्री श्याम का उद्घोष करते हुए झूमते-नाचते पीछे-पीछे चल रहे थे. इस दौरान बाबा श्याम की जयकारा से आसपास का वातावरण श्याममय हो गया. निशान यात्रा में शामिल महिला, पुरुष एवं बच्चे सभी उत्साह से लबरेज होकर गाजे बाजे के साथ हाथों में निशान लेकर रघुनाथपुर से 12 किलोमीटर की दूरी पैदल चल कर चांडिल श्याम मंदिर पहुंचे और निशान अर्पण किए.



**जगह-जगह हुआ स्वागत**

निशान यात्रा के दौरान रास्ते में कई जगहों पर निशान यात्रियों का स्वागत किया गया. शिविर में यात्रियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था किया गया था. फाल्गुन महोत्सव को लेकर श्याम मंदिर के आसपास के क्षेत्र को केसरिया पताका से सजाया गया है. एकादशी के अवसर पर श्याम मंदिर मे निशान अर्पित करने के बाद शाम को भजन संकीर्तन किया जाएगा. फाल्गुन महोत्सव के दूसरे दिन 21 मार्च को प्रात 9 बजे ज्योत पूजन के बाद श्याम ज्योति पाठ होगा. वहीं दोपहर 12 :30 बजे से सभी श्याम प्रेमियों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में सह संयोजक दुर्गा चौधरी, अध्यक्ष संजय चौधरी, उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, प्रभु दयाल बागडिया, मोंटी चौधरी, आलोक बगडीया, परमानंद पसरी, अश्विनी शर्मा, जोनी बगडिया, आयुष रूंगटा, अरुण रूंगटा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए.

## हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की गैर जमानती वारंट पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार के कोर्ट में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई. दरअसल 27 फरवरी को चाईबासा सिविल कोर्ट ने अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दखिल की थी. राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की.

## घायल महिला ने थाना में दिया आवेदन, कार्रवाई की मांग की

संवाददाता। लातेहार

सदर थाना क्षेत्र के मोंगर पंचायत के ग्राम घुटवा में जमीन विवाद में एक भाई ने अपने छोटे भाई के सिर पर ईंट से वार कर दिया. इसमें महिला घायल हो गयी और उसने सदर थाना में एक आवेदन दे कर कार्रवाई की मांग की है. घायल महिला फूलमती देवी ने अपने आवेदन में बताया है कि उसके भसुर संतोष भुईया के साथ कुछ दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. मंगलवार की दोपहर वह अपने घर के पास बैर के पेड़ को काट रहीं थी. इसी दौरान उसका भसुर वहां आया और उसके साथ मारपीट करने लगा. जब वह बच कर भागने लगी तो भसुर ने ईंट से वार कर दिया. इसमें उसका सिर घायल हो गया. महिला ने आगे बताया कि प्रखंड कार्यालय से पीएम आवास आवंटित हुआ था. जिसे सभी परिजनों के सहमति के बाद अपने ससुर के द्वारा दी गई जमीन पर बनाया गया. परंतु जब पीएम आवास बनाकर तैयार हो गया तब भसुर के द्वारा कहा जाने लगा कि यह जमीन हमारी है. इस जमीन को लेकर पहले भी विवाद होने पर मुखिया के द्वारा समझौता करवाया गया था. लेकिन समझौते के बाद भी भसुर के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता था.



# अनसुनी आवाजों का दर्द

लद्दाख कई दिनों से आंदोलनरत है. मणिपुर अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं है. किसानों ने दिल्ली में दस्तक दे कर अपने आंदोलन के महत्व से देश भर को परिचित करा दिया है. आम चुनावों का एलान हो चुका है. दलबदल जारी है. गठबंधन बन बिगड़ रहे हैं, लेकिन देश में विभिन्न समूहों के असंतोष को जिस तरह नजरअंदाज किया जा रहा है. उससे अनेक सवाल उठ रहे हैं. लद्दाख के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग कर रहे हैं. जाने-माने पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले दो हफ्तों से अनशन पर बैठे हैं. 21 दिन के उनके अनशन में 14 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक केंद्र सरकार से ऐसी कोई पहल नहीं दिखाई दे रही है कि वह इस अनशन को तुड़वाने का प्रयास करे. छह मार्च को शून्य से नीचे के तापमान में सोनम वांगचुक ने लेह के नवांग दोरजे मेमोरियल पार्क खुले मैदान में अनशन की शुरुआत की और इस समय क़रीब दो हज़ार लोग उनके समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं. वांगचुक रोजाना अपनी बात सोशल मीडिया के जरिए रख भी रहे हैं. लेकिन ऐसा लग रहा है कि लद्दाख से दिल्ली की दूरी इतनी बढ़ चुकी है कि वहां की आवाज केंद्र सरकार तक पहुंच ही नहीं रही. अपने हक के लिए उठती आवाज़ों को अनसुना करना इस सरकार की पुरानी आदत है. सोनम वांगचुक के साथ-साथ अपेक्स बॉडी लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायन्स (केडीए) जैसे संगठन भी चार मांगों को लेकर अपना आंदोलन चला रहे हैं. इनमें संविधान की छठी अनुसूची के अलावा पूर्ण राज्य की मांग, लद्दाख में एक और संसदीय सीट को बढ़ाना और पब्लिक सर्विस कमीशन को लद्दाख में क़ायम करना शामिल है. इससे पहले तीन फरवरी को लेह में छठी अनुसूची को लागू करने की मांग को लेकर कड़ाके की ठंड में एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था, जिसमें हज़ारों लोगों ने भाग लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराज़गी ज़ाहिर की थी और बंद का आह्वान किया था. केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले लद्दाख के लोग जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस कमीशन में गैज़ेटेड पदों के लिए आवेदन कर सकते थे, लेकिन अब ये सिलसिला बंद हो गया है, जिसको लेकर लद्दाख के युवाओं में गुस्सा है. इसी तरह छठी अनुसूची में शामिल करना इसलिए जरूरी है, ताकि लद्दाख की आदिवासी संस्कृति और पर्यावरण को बचाया जा सके. इन सबके अलावा एक अहम पहलू यह भी है कि लद्दाख सीमांत राज्य है और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है. साल 2019 के अपने चुनावी घोषणापत्र में और बीते वर्ष लद्दाख हिल काउंसिल चुनाव में भी भाजपा ने लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था. जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने का श्रेय लेने वाली और रामलला को उनका घर दिलाने का दंभ भरने वाली भाजपा लद्दाख के मसले पर मौन है. संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची आदिवासी क्षेत्र के लोगों और संस्कृतियों को सुरक्षा प्रदान करता है.

> अपने हक के लिए उठती आवाज़ों को अनसुना करना इस सरकार की पुरानी आदत है. सोनम वांगचुक के साथ-साथ अपेक्स बॉडी लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायन्स (केडीए) जैसे संगठन भी चार मांगों को लेकर अपना आंदोलन चला रहे हैं.

## सुभाषित

**न ही कश्चित् विजानाति किं कस्य श्वो भविष्यति।**
**अतः श्वः करणीयानि कुर्यादद्यैव बुद्धिमान्॥**

कल क्या होगा यह कोई नहीं जानता है इसलिए कल के करने योग्य कार्य को आज कर लेने वाला ही बुद्धिमान है. वे मूर्ख होते हैं, जो आज के काम को कल पर टाल देते हैं और अपनी हानि करा बैठते हैं. कभी भी किसी काम को अगले दिन के लिए टालना नहीं चाहिए.

# फसलों की गारंटीशुदा कीमत मिले

**स्वामीनाथन के सी 2+50 प्रतिशत फार्मूले के अनुसार एमएसपी की गणना की मांग के मुकाबले, छत्तीसगढ़ सरकार ने 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के खरीद मूल्य का भुगतान किया है, जो असल में डॉ. स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग द्वारा की गयी सिफ़ारिश से भी अधिक है. दूसरी ओर, किसान यूनियनें कहती रही हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा तय किए गए एमएसपी 2,183 रुपये प्रति क्विंटल पर देशभर में धान की खरीद 2+50 प्रतिशत फार्मूले के जरिये की जाती है.**



• देश-काल




देविंदर शर्मा

सबसे पहले, अच्छी खबर. राजनीति को एक तरफ रखते हुए, छत्तीसगढ़ के किसानों के पास खुश होने के लिए पर्याप्त कारण हैं. गत 12 मार्च को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के 24.72 लाख धान किसानों के बैंक खातों में 13,320 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए. यह राशि धान किसानों को कमीपूरक भुगतान के रूप में देय थी. पिछले चुनावों से पहले किए गए वादे के अनुसार, सत्तारूढ़ भाजपा ने खरीफ 2023-24 सीजन के लिए कॉमन ग्रेड धान के लिए 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और ए ग्रेड धान के लिए 2,203 रुपये के खरीद मूल्य पर प्रत्येक किसान से 21 क्विंटल धान खरीदा था. 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के खरीद मूल्य के वादे और केंद्र द्वारा एमएसपी मूल्य पर खरीद के वादे के बीच 917 रुपये प्रति क्विंटल का अंतर अब किसानों के खाते में डाल दिया गया है. यानी प्रतिवर्ष औसत किसान की आय में एक लाख रुपये की वृद्धि होगी. इस साल लगभग 147 लाख टन की रिकॉर्ड खरीद के साथ, किसान निश्चित रूप से बहुत उत्साहित हैं. हालिया स्थितिजन्य आकलन सर्वे के अनुसार, छत्तीसगढ़ में एक किसान परिवार की औसत मासिक आय 9, 677 रुपये है. इसलिए प्रतिवर्ष करीब एक लाख रुपये की अतिरिक्त आय किसान परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग है.

यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा गत 14 मार्च को नई दिल्ली में संपन्न किसान महापंचायत ने सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को जारी रखने का संकल्प लिया है. स्वामीनाथन के सी 2+50 प्रतिशत फार्मूले के अनुसार एमएसपी की गणना की मांग के मुकाबले, छत्तीसगढ़ सरकार ने 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के खरीद मूल्य का भुगतान किया है, जो असल में डॉ. स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग द्वारा की गयी सिफारिश से भी अधिक है. दूसरी ओर, किसान यूनियनें कहती रही हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा तय किए गए एमएसपी 2,183 रुपये प्रति क्विंटल पर देशभर में धान की खरीद 2+50 प्रतिशत फार्मूले के जरिये की जाती है. ए2 जेब खर्च है, जो किसानों द्वारा फसल उत्पादन में खर्च होता है और एफएल का मतलब पारिवारिक श्रम की आंकी गयी लागत के रूप में है. लेकिन अगर एमएसपी को स्वामीनाथन के सी2+50 प्रतिशत के फार्मूले (सी2 का मतलब व्यापक लागत) के अनुसार तैयार किया जाता है, तो खरीफ 2023-24 सीजन के लिए धान की कीमत 2,886.50 रुपये प्रति क्विंटल बन जाती है. छत्तीसगढ़ सरकार ने वास्तव में इस विपणन सीज़न में धान किसानों को जो भुगतान किया है, वह सी2+50 प्रतिशत की सिफारिश के बराबर नहीं है, बल्कि वास्तव में सी2+60 प्रतिशत से अधिक बनता है. यह बढ़ी हुई कीमत राज्य चुनावों से पहले एक रस्साकशी का नतीजा है. इस होड़ में आगे रहने की कोशिश में, कांग्रेस ने 3,200 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदने का वादा किया था, प्रत्येक किसान से 20 क्विंटल खरीद के साथ, जबकि भाजपा ने 3,100 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया था, लेकिन प्रत्येक एकड़ से खरीदे गए 21 क्विंटल के लिए कीमत सुनिश्चित की थी. यहां पिछली कांग्रेस सरकार के प्रति निष्पक्ष होने के लिए, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि छत्तीसगढ़ देश के बाकी भागों, केरल को छोड़कर, के मुकाबले धान की काफी अधिक कीमत चुका रहा था. साल 2022-23 खरीफ सीज़न के लिए, भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को खरीद मूल्य के अतिरिक्त 9000 रुपये प्रति एकड़ की इनपुट सब्सिडी का भुगतान किया था. छत्तीसगढ़ की कीमतों का मतलब है धान के रेट में तुलनात्मक तौर पर सी2+50 लागत से प्रति क्विंटल 234 रुपये अधिक की बढ़ोतरी. बहरहाल, धान की अधिक कीमत ने किसानों की आशाओं-आकांक्षाओं को जगा दिया है. किसान कह रहे हैं कि अब वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक खर्च करने में सक्षम होंगे, बाजार भी उत्साह से भरे हुए हैं.

छत्तीसगढ़ में विभेदकारी मूल्य तंत्र के जरिये किसानों को किया जा रहा अधिक भुगतान मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों के लिए राहतकारी है, जो लगातार स्वामीनाथन फार्मूले के मुताबिक एमएसपी बढ़ाने पर बाजार विकृति वाला तर्क देते रहे हैं, और अब छत्तीसगढ़ मॉडल द्वारा कायम किये जा रहे नए बेंचमार्क के साथ तो और भी अधिक. वे नहीं चाहते कि एमएसपी बढ़ाया जाए, क्योंकि यह उनके दावे के अनुसार बाजारों को विकृत कर देगा, लेकिन अगर राज्य सरकार को भावांतर कीमत के रूप में मूल्य अंतर का भुगतान करना पड़े तो वे खुश हैं. वास्तव में, अर्थशास्त्री नहीं चाहते कि कार्पोरेट और एग्रीबिजनेस कंपनियां कृषि पदार्थों के लिए अधिक कीमत अदा करें. बाजार से फसल उपज की सही कीमत देनी चाहिए. इसे कृषि उपज के लिए कम भुगतान करके और कृषि आय में नुकसान को बजटीय मदद द्वारा कवर करने के लिए छोड़ देने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए. पहले से ही दुनिया की 54 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में किसानों के लिए उत्पाद मदद के रूप में प्रति वर्ष 851 बिलियन डॉलर से अधिक खर्च कर रही है, ताकि कमी की भरपायी हो सके. यह अर्थव्यवस्थाओं पर बोझ है, जबकि कृषि व्यवसाय से जुड़ी कंपनियां बड़े आराम से धन अर्जित कर रही हैं. ऑक्सफैम के अनुसार, दुनिया में बीते कुछ वर्षों में 68 नए खाद्य अरबपति बने हैं, जिन्हें फूड बैरन कहा जाता है. यह कहना कि उच्च एमएसपी के चलते मुद्रास्फीति अधिक हो जाएगी और बाजारों को विकृत कर देगी, और कुछ नहीं, बल्कि जनता में डर पैदा करने का एक प्रयास है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## बड़ा हुआ तो क्या हुआ

एक शेर अपनी शेरनी और दो शावकों के साथ वन मे रहता था. शिकार मारकर घर लेकर आता और सभी मिलकर उस शिकार को खाते. एक बार शेर को पूरा दिन कोई शिकार नहीं मिला, वह वापस अपनी गुफा के लिए शाम को लौट रहा था तो उसे रास्ते में एक गीदड़ का छोटा सा बच्चा दिखा. इतने छोटे बच्चे को देखकर शेर को दया आ गई. उसे मारने के बजाए वह अपने दांतों से हल्के पकड कर गुफा में ले आया. गुफा में पहुँचा तो शेरनी को भी इस छोटे से बच्चे पर दया आ गई और शेरनी ने उसे अपने ही पास रख लिया. अपने दोनों बच्चों के साथ उसे भी पालने लगी. तीनों बच्चे साथ साथ खेलते कूदते बड़े होने लगे. शेर के बच्चों को यह नहीं पता था कि हमारे साथ यह बच्चा गीदड़ है. वे उसे भी अपने जैसा शेर ही समझने लगे. गीदड़ का बच्चा शेर के बच्चों से उम्र में बड़ा था, वह भी स्वयं को शेर और दोनों का बडा भाई समझने लगा. दोनों बच्चे उसका बहुत आदर किया करते थे. एक दिन जब तीनों जंगल में घूम रहे थे तो अचानक उनके सामने एक हाथी आया. शेर के बच्चे हाथी को देखकर गरज कर उस पर कूदने को ही थे कि एकाएक गीदड़ बोला, "यह हाथी है, इससे उलझना ठीक नहीं है, चलो यहां से भाग चलते है." यह कहते हुए गीदड़ अपनी दुम दबाकर भागा. शेर के बच्चे भी उसके आदेश के कारण एक दूसरे का मुंह देखते हुए उसके पीछे चल दिए. घर पहुंचकर दोनों ने अपने बड़े भाई की कायरता की कहानी मां और पिता को बताई और ठहाका मारने लगे. गीदड़ को बहुत बुरा लगा कि सभी उसकी हंसी उड़ा रहे हैं. क्रोध से उसकी आंखें लाल हो गईं और वह उफनते हुए दोनों शेर के बच्चों को कहा, "तुम दोनों अपने बड़े भाई की हंसी उड़ा रहे हो. तुम अपने आप को समझते क्या हो?" शेरनी ने जब देखा कि बात लड़ाई पर आ गई है तो गीदड़ को एक ओर ले जाकर समझाने लगी, पर गीदड़ अपने हठ पर अड़ा रहा आखिर में शेरनी ने गीदड़ से कहा, "मैं जानती हूं बेटा, तुम वीर हो, सुंदर हो, समझदार भी हो, लेकिन तुम जिस कुल में जन्मे हो, उससे हाथी नहीं मारे जाते हैं. तुम गीदड़ हो. हमने तुम पर दया कर अपने बच्चे की तरह पाला. इसके पहले की तुम्हारी हकीकत उन्हें पता चले यहां से भाग जाओ. नहीं तो ये तुम्हें दो मिनट भी जिंदा नही छोड़ेंगे." यह सुनकर गीदड़ बहुत डर गया और उसी समय शेरनी से विदा लेकर वहां से भाग गया. स्वभाव का अपना महत्व है. विचारधारा अपना प्रभाव दिखाती ही है.

# कितना प्रभावित करेगा चुनावी बांड्स का भंडाफोड़

• सियासत

राजेंद्र शर्मा

क्या चुनावी बांड से संबंधित रहस्योद्घाटनों का, अगले 19 अप्रैल से शुरू होने जा रहे आम चुनाव के सिलसिले पर कोई असर नहीं पड़ेगा? कारोबारी दुनिया के कर्णधारों की राय का प्रतिनिधित्व करने वाले, बिजनस स्टेंडर्ड में प्रकाशित एक सर्वे के अनुसार तो, इस सब का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा. दस बड़ी कंपनियों के सीईओ की राय को दिखाने वाले सर्वे के हिसाब से, चुनावी चंदे के इस गड़बड़ घोटाले से न तो मतदाता प्रभावित होंगे और न ही चुनाव के नतीजों पर इसका असर पड़ेगा. वैसे यही सर्वे एक और दिलचस्प चीज भी बताता है, जो भारत में व्हाइट कारपोरेट चंदे में पारदर्शिता के स्वांग को तार-तार कर देती है. उक्त दावा करने वाले बड़ी कंपनियों के सीईओ में से, पूरे 50 फीसद ने यह स्वीकार किया था कि उनके यहां राजनीतिक चंदा देने की 'मैनेजिंग बोर्ड द्वारा अनुमोदित' कोई नीति है ही नहीं. दूसरी ओर, 40 फीसदी ने ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऐसी किसी नीति की मौजूदगी की बात कही, जबकि 10 फीसदी इस मामले में 'मैं ना जानूं' ही थे. साफ है कि भारत में शीर्ष कारपोरेट स्तर पर भी, राजनीतिक चंदे का मामला सबसे बढ़कर सत्ता-प्रतिष्ठान से, चंदे के बदले में अतिरिक्त लाभ बटोरने की जुगाड़ का ही मामला है, जिसमें बोर्ड जैसे किसी वृहत्तर निकाय द्वारा अनुमोदित किसी तरह की नीति को, मददगार के बजाय, बोझ ही समझा जाता है. इसके बजाय, 'न खाता न बही, जम जाए सो जुगाड़ सही' ही कारगर नीति है.

चुनावी बांड के महाघोटाले का भी चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ने का यह 'भरोसा' सिर्फ उस कारपोरेट जगत तक ही सीमित नहीं है, जो इस घोटाले का एक सक्रिय पक्ष है. एक प्रकार से, इस घोटाले के दूसरे पक्ष यानी संघ परिवार की भी कथनियों में, कुछ ऐसा ही विश्वास दिखाई देता है. हां! इतना जरूर है कि बांड के मामले में भाजपा की संलिप्तता, बांडों के लेन-देन की सिर्फ शुरूआती जानकारियां आने के बाद से ही इतना स्पष्ट है कि संघ परिवारियों को कारपोरेटों की तरह, यह सुविधा हासिल नहीं है कि बांड से चंदा पाने वाले के सवाल पर चुप ही लगा जाते. इसलिए, उन्हें किसी न किसी तरह से भाजपा का बचाव तो करना ही था, लेकिन यह बचाव जिस तरह के तर्कों से तथा जिस तरह से पेश किया गया है, उसे बचाव की रस्म-अदायगी ही समझा जाना चाहिए. बचाव की रस्म अदायगी पर ही यह संतुष्टि इसीलिए है कि उनके मन में यह 'भरोसा' है कि संघ-भाजपा द्वारा वोट बटोरे जाने पर, ऐसे मुद्दों का कोई असर नहीं पड़ने वाला है. मिसाल के तौर पर भाजपा की ओर से 'बचाव' के अभियान की कमान संभाली, खुद मौजूदा निजाम में नंबर-दो पर मजबूती से कायम, गृहमंत्री अमित शाह ने. इंडिया टुडे की कॉनक्लेव में चुनावी बांड के मामले में पूछे गए बहुत ही भोंथरे सवालों के जवाब में, अमित शाह ने अर्द्ध-सत्य तथा असत्य के मिश्रण से लेकर, सरासर बेतुकी दलीलों तक का सहारा लिया, जिनसे कम से कम कोई तर्कशील व्यक्ति तो प्रभावित होने से रहा. शाह ने अर्द्ध-सत्य बोला कि भाजपा को करीब 6,000 करोड़ रुपए बांड से मिले थे, जबकि उसे 6,986 करोड़ यानी करीब 7,000 करोड़ रुपए मिले थे. दूसरी ओर, शाह ने बांड से दिया गया कुल चंदा मिलाकर 20 हजार करोड़ रुपए बता दिया, जबकि यह आंकड़ा 13,000 करोड़ रुपए के करीब ही बनता है. इंडिया टुडे के उसी कॉन्क्लेव के एक और सत्र में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ईडी-सीबीआई की कार्रवाइयों से धमकाकर, चुनावी बांड के जरिए चौथ वसूली के आरोपों से, अपनी पार्टी और सरकार को बचाने की कोशिश की. हर गुजरने वाले दिन के साथ इसके साक्ष्य पर साक्ष्य सामने आ रहे हैं कि किस तरह केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के बाद, कंपनियों ने बांड खरीदे थे; कैसे 1000 करोड़ रुपए के बांड खरीदने वाली बड़ी दवा कंपनियों में सात ऐसी कंपनियां भी शामिल थीं, जिनकी दवाएं मानकों पर परीक्षा में खरी नहीं उतरी थीं; कैसे ठेके मिलने के फौरन बाद बांड खरीदे गए थे; कैसे बांड खरीदने के बाद, छापे पड़े और फिर और ज्यादा बांड खरीदे गए, आदि, आदि. भाजपा राज्यसभा सदस्य, सीएम रमेश की कंपनी आरपीपीएल के 45 करोड़ रुपए के बांड खरीदने का प्रकरण, बांड के खेल को पूरी तरह से बेनकाब कर देता है. रमेश की कंपनी को, 14 जनवरी 2023 को हिमाचल प्रदेश में सुन्नी हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट का 1098 करोड़ रुपए का इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट तथा निर्माण का ठेका मिला और उसके दो हफ्ते से भी कम में उसने 5 करोड़ रुपए का बांड खरीदा.

> साफ है कि भारत में शीर्ष कारपोरेट स्तर पर भी, राजनीतिक चंदे का मामला सबसे बढ़कर सत्ता-प्रतिष्ठान से, चंदे के बदले में अतिरिक्त लाभ बटोरने की जुगाड़ का ही मामला है, जिसमें बोर्ड जैसे किसी वृहत्तर निकाय द्वारा अनुमोदित किसी तरह की नीति को, मददगार के बजाय, बोझ ही समझा जाता है. इसके बजाय, 'न खाता न बही, जम जाए सो जुगाड़ सही' ही कारगर नीति है.

# निकष पर मोदी की गारंटी बनाम राहुल का न्याय

• सामयिकी

कुमार प्रियरंजन

लोकसभा चुनावों के लिए देश में दो तरह के मुद्दे हैं. सत्तारूढ़ भाजपा का विकसित भारत और मोदी की गारंटी का नारा तो दूसरी तरफ कांग्रेस के पांच न्याय. 14 जनवरी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस आम लोगों के लिए तरह-तरह के न्याय की घोषणाएं की जा रही हैं. हालांकि पस्त कांग्रेस संगठन इसे जन-जन तक कैसे पहुंचाएगा, यह एक बड़ी चुनौती है. विकसित भारत और मोदी की गारंटी, जिसे खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक नारे के रूप में हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गढ़ा था और अब भाजपा ने उसे लोकसभा चुनावों के लिए अपना मुख्य नारा बना लिया है. इस सबसे उत्साहित भाजपा ने अबकी बार एनडीए के लिए चार सौ पार का नारा भी दे दिया है. खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ से ज्यादा सीटों का लक्ष्य तय किया है. इसके लिए भाजपा को मोदी की लोकप्रियता, जनता में उनकी विश्वसनीयता, मोदी सरकार की उपलब्धियां, राम मंदिर की लहर और विपक्षी गठबंधन में बिखराव और निराशा से बन रही भाजपा की तीसरी लगातार विजय की अवधारणा से काफी उम्मीदें हैं.

विपक्ष के खासकर कांग्रेस के कुछ नेताओं के पाला बदलने की घटना ने भी भाजपा और एनडीए को उत्साहित कर दिया है. उधर कांग्रेस को राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए मोदी सरकार के खिलाफ उसके मुद्दों को मिलने वाली धार और बचे खुचे विपक्षी इंडिया गठबंधन की ताकत के जरिए भाजपा को चुनावों में पराजित करने का भरोसा है. पंजाब से दिल्ली कूच का नारा देकर फिर दिल्ली की सरहदों पर धावा बोलने वाले किसानों के साथ सरकार के टकराव और राहुल गांधी की यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को वह सियासी ऑक्सीजन दी है, जिससे वह सत्ताधारी भाजपा गठबंधन के सामने चुनाव में खड़े हो सकें. लेकिन जिस ढीले ढाले तरीके से विपक्षी दलों की अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी है, उससे लगता है कि जैसे वह चुनाव लड़ने की जगह भाजपा को वॉक ओवर दे रहे हैं. जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धुआंधार दौरे करते हुए शिलान्यास और उद्घाटनों की झड़ी लगा रहे हैं. हजारों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं की घोषणा कर रहे हैं. उनके सरकारी कार्यक्रमों में भी चुनावी प्रचार की कवायद है. इधर, राहुल गांधी न्याय योजना पर अब खुल कर घोषणाएं कर रहे हैं. आधी आबादी से लेकर युवाओं तक, पिछड़ों-अतिपिछड़ों से लेकर आदिवासियों तक अलग-अलग घोषणाएं की जा रही हैं. गरीब सवर्णों के लिए भी राहुल गांधी चिंतित हैं. जातीय जनगणना करवा कर देश की सेहत का एक्सरे करवाना राहुल गांधी का मुख्य एजेंडा है. गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में एक न्याय योजना का ऐलान किया था, जिसके तहत गरीबों को साल में 72 हजार रुपए यानी प्रति माह छह हजार रुपए देने की घोषणा की गई थी. बताया जाता है कि इस न्याय योजना के शिल्पकार खुद राहुल गांधी थे, जिसे उन्होंने रघुराम राजन जैसे अर्थशास्त्रियों के साथ गहन विचार विमर्श के बाद तैयार करवाया था. इसके जवाब में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को सालाना छह हजार रुपए यानी पांच सौ रुपए हर महीने देने का वादा किया. चुनावों में कांग्रेस की न्याय योजना वह कमाल नहीं कर सकी, जिसकी उम्मीद कांग्रेस को थी. लेकिन न्याय योजना को लेकर कांग्रेस विशेषकर राहुल गांधी का आग्रह अभी भी बरकरार है. इसीलिए उनकी यात्रा को भारत न्याय यात्रा का नाम देकर इसका लक्ष्य जनता को आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय और राजनीतिक न्याय दिलाना बनाया गया है. इसे और स्पष्ट करते हुए कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रभारी जयराम रमेश कहते हैं कि आर्थिक न्याय के तहत देश में बढ़ रही आर्थिक विषमता और कुछ चुनिंदा उद्योग घरानों को ही दिए जाने वाले सारे लाभ का मुद्दा उठाया जाएगा. सामाजिक न्याय के तहत समाज के पिछड़े दलित आदिवासी महिलाओं और वंचित वर्गों को उनकी आबादी के मुताबिक शासन प्रशासन में हिस्सेदारी देने और उसके लिए जातीय जनगणना कराने के सवाल को जनता के बीच ले जाया जाएगा. जबकि राजनीतिक न्याय का मतलब देश में लोकतंत्र संविधान संघवाद और संवैधानिक संस्थाओं व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बचाना है.

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ से ज्यादा सीटों का लक्ष्य तय किया है. इसके लिए भाजपा को मोदी की लोकप्रियता, जनता में उनकी विश्वसनीयता, मोदी सरकार की उपलब्धियां, राम मंदिर की लहर और विपक्षी गठबंधन में बिखराव और निराशा से बन रही भाजपा की तीसरी लगातार विजय की अवधारणा से काफी उम्मीदें हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

# एमएसएमई निर्यात में कमी क्यों?

**सूक्ष्म,** लघु और मझोले उपक्रम (एमएसएमई) क्षेत्र में यह संभावना है कि वह निर्यात को बढ़ावा देकर तथा देश की आर्थिक गतिविधियों में योगदान करके देश के विकास के इंजन की भूमिका निभा सके. बहरहाल देश के निर्यात में इसकी हिस्सेदारी कम हो रही है और यह वित्त वर्ष 20 के 49.77 फीसदी से कम होकर वित्त वर्ष 23 में 42.67 फीसदी रह गई है. नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट इस संदर्भ में उपायों की एक श्रृंखला प्रस्तावित करती है, ताकि एमएसएमई के निर्यात में इजाफा किया जा सके. एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कारोबार में सहायता पहुंचाकर उनके राजस्व में विविधता लाई जा सकती है और उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में इजाफा किया जा सकता है. इसके साथ ही नवाचार और रोजगार बढ़ाने में भी इससे मदद मिल सकती है. रिपोर्ट ऐसे कई क्षेत्रों को चिह्नित करती है, जहां एमएसएमई विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा हासिल कर सकते हैं. इनमें हस्तकला, हथकरघे पर बुना कपड़ा, आयुर्वेद और जड़ी बूटियों से बनने वाले पूरक आहार, चमड़े की वस्तुएं, नकली आभूषण और लकड़ी से बनने वाले उत्पाद शामिल हैं. ऐसा इसलिए कि इनमें निर्माण की पारंपरिक तकनीक और कला का इस्तेमाल किया जाता है तथा इनका विरासती मूल्य भी है. वैश्विक स्तर पर इन क्षेत्रों का बाजार 340 अरब डॉलर से अधिक है. हालांकि भारत में श्रमिकों की प्रचुरता है, परंतु इसके प्रतिस्पर्धियों मसलन वियतनाम, चीन और बांग्लादेश ने कम कौशल वाले वस्तु निर्यात में अच्छी खासी बढ़त हासिल कर ली है. इस संदर्भ में एमएसएमई की क्षमताओं का इस्तेमाल कम कौशल वाले क्षेत्रों में भारत के निर्यात को बढ़ावा दे सकता है. कम कौशल वाले विनिर्मित उत्पादों के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी महज 5 फीसदी के करीब है. यह दिलचस्प है कि हाल के दिनों में ई-कॉमर्स मार्केट प्लेस में सफलता भारत के पक्ष में गई है. ऐसा देश और विदेश दोनों स्थानों पर हुआ है. डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने भी अबाध निर्यात को मदद पहुंचाई है और व्यापक बाजार पहुंच में सहायता की है. वर्ष 2021 तक सालाना करीब एक लाख भारतीय निर्यातक इन प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे कुल मिलाकर पांच अरब डॉलर से अधिक का निर्यात राजस्व हासिल हो रहा था. इसके बावजूद एमएसएमई के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद बेचने को लेकर नियामकीय बाधाएं मौजूद हैं. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### आपत्ति/विपत्ति

**मुझे** आपके इस कथन पर आपत्ति है कि यह जो विपत्ति आयी है, उसका जिम्मेदार केवल मैं हूं. इस वाक्य में प्रयुक्त आपत्ति और विपत्ति दोनों समान अर्थ नहीं दे रहे. यहां आपत्ति का मतलब एतराज है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार आपत्ति तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है और इसका अर्थ क्लेश, विघ्न, विपत्ति, संकट, आफत, कष्ट का समय, जीविका कष्ट, दोषारोपण, उज्र, प्राप्ति भी है. विपत्ति शब्द भी तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द ही है. इस शब्द का सामान्य अर्थ है संकट, आपत्ति, मुसीबत, कठिनाई, झंझट का काम. हम देखते हैं कि आपत्ति और विपत्ति दोनों एक दूसरे को अपना पर्याय बता रहे हैं, लेकिन दोनों में सूक्ष्म और पर्याप्त अंतर हैं. जहां आपत्ति का प्रयोग होना चाहिए था, वहां विपत्ति का प्रयोग खटकता है. दरअसल, आपत्ति और विपत्ति दोनों पतन शब्द से संदर्भित होते हैं, जिसका अर्थ है गिरना या धंसना. दोनों के अर्थ संकट से हैं. आपत्ति का मतलब है तत्कालिक संकट. आप कहीं दूर गये हों. किसी रेस्तरां में जाते हैं और आपके पर्स की चोरी हो जाती है तो यह आपत्ति है. विपत्ति का अर्थ आपत्ति से उत्पन्न संकट का विशाल रूप धारण करने से है. रेस्तरां में आपके पर्स का चोरी जाना आपत्ति है, लेकिन जब वहां के रेस्तरां के मालिक से आपका झगड़ा हो जाता है और लूटपाट में आरोप आपको जेल भेज दिया जाता है. फिर आपको तीन-चार साल जेल की सजा हो जाती है तो इसे विपत्ति कहा जाएगा. जीवन में जो परेशनियां, संकट, दिक्कतें, मुश्किलें आती हैं, वे मनुष्य की अपनी सोच या फिर पूर्व में किये गये किसी कार्य के फलस्वरूप ही आती हैं. वे सब आपत्तियां हैं. इसी प्रकार जीवन में ऐसी परेशानियां, बाधाएं, दिक्कतें या मुश्किलें लगातार आने लगती हैं, जिनके पैदा करने में उस मनुष्य का कोई हाथ नहीं होता तो उन्हें विपत्तियां कहा जाता है. आपत्ति सायास होती है, किसी गलती का परिणाम होती है और विपत्ति अनायास. यानी बिना बुलाये आ जाती है.

# कह कबीर कैसे निभे बेर-केर को संग

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

कहु कबीर कैसे निभे बेर-केर को संग, वे डोलत रस आपने, उनके फाटे अंग. अभी तक मुझे अच्छी तरह याद है कि वर्षों पहले जब मैंने हाई-स्कूल की परीक्षा दी थी, हिंदी के प्रश्न-पत्र में इसी दोहे का ससंदर्भ अर्थ परीक्षार्थियों से पूछा गया था. 'बेर' तो मैंने खाया था, किन्तु 'केर' क्या वस्तु होती है, मुझे पता ही नहीं था. मैंने अंदाज़ लगाया, हो सकता है केर 'केरी' (अमिया, कच्चा आम) के लिए इस्तेमाल किया गया हो. अतः मैंने बेर और केरी की तुलना कर डाली. सन्दर्भ तो कबीर का मिल ही गया था. सो मैंने उत्तर लिख दिया. ज़ाहिर है इस अर्थ को लेकर मेरे नंबर तो ज़रूर कट ही गए होंगे. बाद में जब मुझे पता चला कि केर का मतलब इस दोहे में केले के पेड़ से है. बड़ा गुस्सा आया. ये कवि लोग भी तुक भिड़ाने के लिए कितनी तोड़ मरोड़ कर बात करते हैं. आम आदमी तो केले को कभी केर कहता नहीं. यह तो सिर्फ कवि ही कह सकता है. दोहों के लिए प्रसिद्ध है कि इनमें सामाजिक संदर्भ होता है. प्रायः इनमें नैतिक और आध्यात्मिक सन्दर्भ भी देखा जा सकता है. दोहों को राजनैतिक सन्दर्भ से जोड़ने का काम सबसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर दिखाया. सामान्यतः एक योगी से हम यह उम्मीद करते हैं कि वह दोहों आदि में आध्यात्मिक सन्दर्भ ढूंढ निकालेगा. लेकिन योगी जी की बात ही अलग है. वे योगी ही नहीं, राजनीतिज्ञ भी हैं. बहरहाल एक पत्रकार वार्ता में जब उन्हें सपा और बसपा के नज़दीक आने की बात बताई गई तो उन्होंने तड़ से जवाब दिया, यह तो बेर-केर का कुसंग है. कबीर ने ठीक ही कहा है, केले के पास यदि बेर का पेड़ हो तो बेर तो अपनी मस्ती में डोले बिना रहेगा नहीं, और बेचारे केले के मुलायम पत्ते उसके कांटों से निश्चित ही फट जावेंगे. विपरीत स्वभाव वाले एक साथ रह ही नहीं सकते. रहते हैं तो उनमें से कम से कम एक की हानि होना निश्चित है, और हानि उसी की होगी जो सज्जन है. जो दुर्जन है, जिसके पास कांटे हैं, वह तो उन्हें बिना चुभाए रह ही नहीं सकता. योगी जी को बेर-केर वाला कबीर का दोहा लगता है बड़ा पसंद है. आपको याद होगा, पिछली बार जब बिहार में लालू और नीतीश का बेमेल गठबंधन हुआ था तब भी योगी जी ने कबीर के इसी दोहे का उद्धरण दिया था और उनका अंदाज़ सही बैठा. कितना ही अच्छा हो, यदि राजनीति में दोहों के ज़रिए बात की जाए! फिर तो निश्चित ही राजनीति साफ़-सुथरी हो जाएगी. राजनीति में गाली-गलौज और गाली गलौज सरीखे जुमलों पर अपने आप विराम लग जाएगा.



# जोगिरा सारा रा रा

# फागुन लाग्यो सखी



अवनींद्र

यौवन धारण किए बसंत हमारे दुआर पर खड़ा सांकल बजा रहा है- सखि खोलो किवाड़. बाहर तो देखो. मनमोहन और उन्मादन के चित्र बिखरे हुए हैं.

सगन बिन फूल रही सरसों / अंबवा फूटे टेसू फूल/ कोयल बोले डार-डारप्रकृति कुछ ऐसी लग रही है, मानो कोई नवविवाहिता अपने मुख पर पियरी डाल कर किसी का डगर निहार रही हो. यह इंतजार कब से चल रहा है. ब्रज की गलियों में तो बसंत के आते ही प्रेमी फाग बरसने लगता है.

फागुन लाग्यो सखी जब तें तब तें ब्रजमंडल धूम मच्यो है.
नारि नवेली बचैं नहि एक बिसेख यहै सबै प्रेम अच्यो है.

लेकिन ब्रज के आंगन और वृंदावन की कुंज गलिन से होते हुए फाग के हमारे आंगन तक आते-आते पूरा एक माह लग जाता है. फागुन से चल कर चैत तक. लेकिन आखिरकार वह पहुंच गया है, तो अब पाहुन बसंत का सत्कार कीजिए. प्रेम उलीचिए, वह भी उन्मुक्त हृदय से - गले मुझको लगा लो ऐ मेरे दिलदार होली में

होली में राग भी है और रंग भी. फागुन से जो राग उठता है, वह दादरा, ठुमरी, कहरवा होते हुए चैता की ऊंचाई तक पहुंचता है. और रंग ऐसा कि सतरंगी प्रकृति भी एकरंग हो जाती है, प्रेम रंगी. लेकिन जो यह सोचते हैं कि होली सिर्फ कृष्ण जैसे रागी की है, वे गलत हैं. वह तो महादेव जैसे विरागी की भी है. महादेव भस्म रमा कर होली खेलते हैं. जो भस्म त्याज्य है, उसे भी माथे लगाते हैं और हमें यह संदेश देते हैं कि होली के बहाने ही सही बांह फैलाइए और सबको गले लगाइए. महादेव के परिवेश में श्मशान की भस्म है, तो उसी से मर-शरीर रंग लिया. हमार व्यवहार, आचरण सब कुछ तो परिवेशगत ही तो है. पहले गांवों में होली की अगवानी बसंत के आगमन से ही शुरू हो जाती थी. माह भर पहले आंगन में बरी, पापड़ सुखाए जाने लगते थे. गुझिया की खुशबू आंगन से दुआर तक फैल जाती. लड़कियों का उत्साह तो देखते ही बनता था. सामानों की बकायदा सूची तैयार की जाती. इसमें इत्र, गड़ी, छोहाड़ा, रंग, गुलाल सभी होते. इस बात की ताकीद की जाती कि कहीं कुछ छूटे ना. उधर युवकों का उत्साह देखिए. बसंत चढ़ा की नहीं ढोलक बेठन से बाहर निकल आती थी. पके और थके सुर भी फागुनी बयार से जवां हो जाते. शाम होते ही दुआर पर ढोलक, झाल, मंजीर सज जाते. फिर ऐसी सुर लहरी उठती कि सारा वातावरण फागुन के रस से भींग जाता. बड़े-छोटे के संकोच की चादर भी छोटी हो जाती. कूलन में केलि में कछारन में, कुंजन में, बीथिन में, बागन में चतुर्दिक बसंत की छटा बिखर जाती.



धीरे-धीरे भूमंडलीकरण ने इस ग्रामीण संस्कृति का हरण कर लिया है. गांव की उत्सवधर्मिता शहर आते-आते रस्मअदायगी बन कर रह गयी है. लोग जगमगाते भविष्य की तलाश में गांव के आंगन से उठकर कंक्रीट के जंगल में आ गये हैं. उपयोगितावाद ने हमारी संवेदना का इस कदर हरण कर लिया है कि हम पर अब कोई भी रंग नहीं चढ़ता. अब हमारे साथ जुटने का बहाना भी त्योहार नहीं रहे. मुबारकबाद के लिए व्हाटसएप और फेसबुक विकल्प के रूप में मौजूद हैं. आज वह आंगन और दुआर उदास हो गये हैं, जो कभी फाग के राग का गवाह हुआ करते थे. अब बाबा के फगुआ की टेर और ढोलक की थाप उस ऊंचे फ्लैट तक नहीं सुनाई देती. फिर भी निर्मोही बसंत है कि मानता नहीं. वह जरूर आता है. रीत निभाने के लिए ही सही.



रतन वर्मा

## तुझपर रंग खिलेगा कौन

होली के त्योहार में सखी रे,
सोच रहा, ले सात रंग मैं ,
ख़ुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन ?

रानी रंग में रंग, आंखों में
छायी रहती हो तुम हरदम,
नील नदी सी राधामय बन,
उर मेरे बहती तुम छलछल !
हृदय-रंग आकाशी तेरा,
उसमें रंग सजेगा कौन?

ख़ुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन?

देखो, ली अंगड़ाई तुमने,
फूट रही हरियाली तन से,
पीत चुनरिया में लिपटी ज्यों,
सरसों-पुष्प खिलाये तन में,
नारंगी सा सौम्य रूप तुम,
तुझपर रंग सजेगा कौन ?

ख़ुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन ?

रक्तडोर आच्छादित अंखियां,
मदिरा ज्यों छलकाती अँखियाँ,
कितनों को हैं क़त्ल कर रहीं,
खंज़र बन इतराती अँखियाँ !
ऐसे में, जब इंद्रधनुष ही,
तेरा है श्रृंगार बन गया,
तुम्हीं बताओ, इस फागुन में,
तुझपर रंग जमेगा कौन ?
ख़ुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन ?

सप्तरंग से इतर प्रिय, पर,
एक रंग अब भी बचता है,
प्रीत रंग दिखता ना, फिर भी,
यही रंग हर दिल पलता है !
इसी रंग में रंग जायें हम,
कृष्ण-राधिका बन जायें हम!
रास रचायें इस होली में ,
आओ, मिलकर तोड़ें मौन !

रंगों के त्योहार में सखी रे,
सोच रहा ले सात रंग मैं,
ख़ुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन ?



हरिवंश प्रभात

## है उपहार वसंत का होली

है उपहार वसंत का होली, हम त्यौहार मनाते हैं
खुशी खुशी से प्रेम से सबको, रंग अबीर लगाते हैं.

आपस का जो बैर भाव की होलिका आज जला देते,
जो भी रहे पराया उसको हंसकर गले लगा लेते ,
जो भी बिछड़े आज मिलन के गीत पपीहा गाते हैं.

रंग अबीर गुलाल को लेकर मस्तों की टोली आई,
गूंज रहीं हर दिशा दिशा, होली आई होली आई ,
घर घर में पकवान बने हैं, खाते और खिलाते हैं.

कितना मदिर मिठास भरा है , चारों ओर जवानी है,
पिचकारी के रंग में भींगे, बनकर राजा रानी हैं,
सबका चेहरा एक समान है, फर्क कहां कर पाते हैं.

रंगों की भांति मिल जाओ, यही संदेशा है होली,
जात पात और संप्रदाय का भेद मिटाती है होली,
हम सब मिलकर एक रहेंगे, एकता का भाव जगाते हैं.

## लोकगीतों में होली

# जमुना तट श्याम खेलत होरी



निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव

मैं अपने देश को एक विशिष्ट बोद्ध-सत्ता के रूप में भी देखता हूं. यह बोध-सत्ता कई रूपों में व्यक्त होती है. उनमें से एक रूप है देश में मनाए जाने वाले पर्व-त्योहार. इन त्योहारों में देश भर में अलग-अलग नामों से एवं रूपों में मनाया जाने वाला होली का त्योहार है, जिसे त्योहार से अधिक एक परम्परा के रूप में देखा जाता है. होली रंगों और खुशियों का त्योहार है. इसका एक नाम 'रंगोत्सव' है. 'रंगोत्सव' बड़ा ही सार्थक नाम है. मनुष्य का रंगों से रागात्मक संबंध रहा है. रंग न हों तो जीवन बेरंग हो जाय और मनुष्य के जिजीविषा असमय मुरझा जाय. इस सृष्टि में न जाने कितने रंग बिखरे पड़े हैं. होली भी बहुरंगी है. होली वसंत ऋतु का त्यौहार है. प्रति वर्ष माघ शुक्ल पंचमी को हमारी धरती पर वसंत के आगमन की सूचना फैल जाती है. धरती के सीने से लिपट कर सोयी घास अचानक जाग जाती है. पेड़ों में नई कोपलें झांकने लगती हैं. बागीचों में आम्र मुकुल इतराने लगते हैं. आदिगन्त फैला फूली सरसों का पीत सौन्दर्य आत्मा में अतीव उल्लास भर देता है. वसंत उल्लास की ऋतु है. इसलिए होली का त्योहार पहले वसंतोत्सव या मदनोत्सव के रूप में मनाया जाता था. गुप्तकाल में मनाया जाने वाला मदनोत्सव कालान्तर में होली के रूप में प्रचलित हुआ.

होली रंगों का इन्द्रधनुषी उत्सव है जिसके के मुख्य तत्त्व हैं रंग, गीत-संगीत और मस्ती. इसमें उड़ते रंग और गुलाल, वसंत ऋतु का प्रांजल प्रेमिल संस्पर्श, और गीत-संगीत का निर्झर मन में उल्लास और उमंग भर देते हैं. शास्त्रीय संगीत और लोकगीत दोनों होली का विशेष स्थान रहा है. शास्त्रीय संगीत में ध्रुपद और धमार गायन शैली तथा उपशास्त्रीय संगीत में दादरा और ठुमरी गायन शैली में अनेक प्रसिद्ध होली गीत हैं. लोकगीतों में होली का एक अलग रंग है. फाल्गुन मास की अंतिम तिथि को मनाये जाने के कारण बिहार और झारखंड में होली और होली के लोकगीतों को फगुआ भी कहा जाता है. फगुआ का आगाज वसंत पंचमी से होता है. लोकगीतों में इसे ताल ठोकना कहा जाता है. इस अवसर पर देवी की प्रतिमा के सामने ढोल और झाल के साथ इन पंक्तियों से भोजपुरी फगुआ की शुरुआत होती हैः-

### भोजपुरी फगुआ में अध्यात्म और शृंगार

मना ल, मना ल, मना ल,
देवी दुर्गा भवानी के मना ल,
अपना सुरसती माइयो के मना ल
होरी हो, होरी हो.

**भोजपुरी होली गीतों कृष्ण-राधा, राम सीता और लक्ष्मण, हनुमान, भगवान शंकर के सगुण सजीव रूप परिलक्षित होता है :-**

राधे ललिता कृष्ण कन्हैया / गोपीन के संग नाचे कन्हैया/ लड़िका हो गोपाल, लड़िका हो गोपाल / कूद पड़े जमुना में कन्हैया कूद पड़े जमुना में..



राम खेले होरी, लछुमन खेले होरी
गढ़ लंका में रावण खेले होरी, रावण खेले होरी

बाबा हरिहरनाथ, बाबा हरिहरनाथ
सोनपुर में होली खेले बाबा हरिहरनाथ
बाबा हरिहरनाथ

**भोजपुरी फगुआ में आराध्य देवी-देवताओं के अलावा शृंगार, प्रेम, संयोग और विरह का भी मार्मिक चित्रण देखने को मिलता है :-**

चोलिया बुटिदार,चोलिया बुटिदार,
ई रंग कहां से आइल हो बालम

गोरिआ कइके सिंगार
अंगना में पिसेली हरदिया

नगभेसर कागा ले भागा , नगभेसर कागा ले भगा
आहो संइया आभागा ना जागा, नगभेसर कागा ले भागा

**भोजपुरी होली में 1857 के स्वतंत्रता सेनानी बाबू कुंअर सिंह का भी जिक्र आता हैः-**

बाबू कुंअर सिंह तेगवा बहादूर /बंगला में उड़ेला अबीर...

### प्रेम रस में डूबे मगही लोकगीत

**बिहार और झारखंड की अन्य भाषाओं के होली लोकगीतों में भी जहां एक ओर देवी-देवता की अराधना, वहीं दूसरी ओर शृंगार और प्रेम की बातें भी देखने को मिलती हैं. प्रस्तुत है मगही के कुछ होली लोकगीत :-**

खेलत बीर हनुमान
राम के चरनिया में होरी

का देके शिव के मनाई हो
शिव मानत नाहीं

ये रंगरेजवा बलमूजी के यरवा
हमरो चुनरिया, बलमूजी के पगड़िया
एक ही रंगवा में रंग दऽ हो

### बज्जिका में तिरहुत की मिठास

**बज्जिका भाषी क्षेत्र में वसंतोत्सव और होली की बहुत पुरानी परम्परा है. बज्जिका के होली-लोकगीतों में तिरहुत की मिट्टी की मिठास हैः-**

रने-बने रामजी के बीतल फगुनमा
घरहीं कौसल्या माता करेए सगुनमा

फागुन में राम खेलत होरी फागुन में
रामजी के हाथ कनक पिचकारी
हो हो सीताजी के हाथ अबीर के झोरी

केसिया बान्ह सम्हार केसिया बान्ह सम्हार
होली में अवइत हउ परदेसिया

**होली आते ही अंगिका भाषी क्षेत्र में फागुन के आते ही गांव-गांव में 'सोरहों सिंगार के अबीर लाल झोरी छै' के बोल सुनाई पड़ने लगते हैं. अंगिका लोकगीत में होली की छटा देखें:-**

शिव मठ पर आज मचै होरी, शिव मठ पर
भोरे-भोरे गणपति खेलयऽ कार्तिक खेलयऽ दुपहरिया हो

राघव संग सियाजी खेले होरी
दशरथ लाल जनक दुलारी एक श्याम एक गोरी हो

रंग डारऽ सजनवा फगुनवा में
अंगना में डारऽ ओसरवा पर डारऽ, औउरो डारऽ महलिया में

### मैथिला में फाग

**मिथिला के जनजीवन का संगीत से बड़ा गहरा नाता है. फागुन में होने वाले विवाह के उपरान्त स्त्रियों द्वारा फाग गाया जाता है. मैथिली होली-गीत की कुछ बानगी देखिएः-**

जमुना तट श्याम खेलत होरी
कसि कसि श्याम भरत पिचकारी
राधा कृष्ण खेलत होरी

मिथिला में रामजी खेलथि होरी, मिथिला में
अबीर गुलाल कुमकुम केसर
सखियन के सोभे नकबेसर

अवधी में होली-गीत "अवध मां होली खेले रघुबीरा/राम के हाथ ढोल भल सोहे/लछुमन के हाथ मजीरा" खूब प्रचलित है. शिव-भक्त गाते हैं-"दिगम्बर खेले मसाने में होली." ब्रजभाषा का होली-गीत "आज बिरज में होली रे रसिया" की धूम तो है ही.

हंसी-ठिठोली और सामाजिक समरसता और समन्वय हर लोकभाषा के होली-लोकगीतों में देखनो को मिलता है. भर फागुन बुढ़उ देवर लगिहें/ देवर लागी और सदा आनन्द रहे यही द्वारे/मोहन खेले होरी हो सभी लोकगीतों में हैं. लोकगीतों में होली हमारी सांस्कृतिक परम्परा की झांकी प्रस्तुत तो करती ही है, होली का रसबोध हमारे यांत्रिक जीवन में सुकून दे जाता है. ईश्वर करे लोकगीत बचे रहें और उनमें होली का स्वरूप बचा रहे.





डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

## सूरज ने पी है भंग, बहकी हुई उमंग

फाग ने घूंघट खोला,
प्रीत मधुरस घोला,
अलि,कली, तितली से,
रुत गुलजार है.

महुआ की पिचकारी,
टेसू की है फुलकारी,
प्रभु ने जगत को ये,
दिया उपहार है.

सूरज ने पी है भंग,
बहकी हुई उमंग,
शाख - शाख कोंपलों से,
करे मनुहार है.

केसर घुली हवाएं,
परिमल छलकाएं,
धानी,पीत चुनरी ही,
धरा का श्रृंगार है.

सुरभित वृंदावन,
चंचल है चितवन,
गाँव से शहर तक,
रंगों की बौछार है.

कोयल संदेशा लाई,
छोड़ो नफरत भाई,
शिकवे दहन करो,
प्रेम का त्योहार है.

ख़ुशियों का दिन होली,
गले मिलो हमजोली,
घुले -मिले रंगों का तो,
मतलब प्यार है.

मिलन की बेला आई,
बाजे मन शहनाई,
प्रेम रंग भींगने को
गोरी बेकरार है.



हिमकर श्याम

## फागुन रंग बहार

हंस कर कोयल ने कहा, आया रे! मधुमास।
दिशा-दिशा में छा गया, फागुन का उल्लास।।
झूमे सरसों खेत में, बौराए हैं आम।
दहके फूल पलास के, हुई सिंदूरी शाम।।
टूटी कड़ियां फिर जुड़ीं, जुड़े दिलों के तार।
प्रेम-रंग में रंग रहा, होली का त्योहार।।
दिन फागुन के आ गए, सूना गोकुल धाम।
मन राधा का पूछता, कब आयेंगे श्याम।।
होरी-चैती गुम हुई, गुम फगुआ की तान।
धीरे-धीरे मिट रही, होली की पहचान।।
मेल-जोल होता नहीं, बदला है परिवेश।
व्हाट्सएप पर पा रहे, होली का संदेश।।
भूखे बच्चे के लिए, क्या होली, क्या रंग?
फीके रंग गुलाल हैं, जीवन है बदरंग।।
दुख जीवन से दूर हो, ख़ुशियां मिले अपार।
नूतन नई उमंग हो, फागुन रंग बहार।।
'हिमकर' इस संसार में, सबकी अपनी पीर।
एक रंग में सब रंगे, राजा, रंक, फकीर।।



निवास चन्द्र ठाकुर

## ब्रज होरी

होली हुड़दंग चली
बृंदावन कुंज गली
कृष्ण को नचाने लगी
गोपियों की रंग टोली!
कान्हा की टोली के जब
ग्वाल-बाल दौड़ पड़े

गोपियां तो भाग चलीं
खेलती अबीर होली!
छुप छुप भागी राधा
पैंजनी ने भेद खोली
बीच राह आया कान्हा
गालों पे गुलाल मली!

अब रंग डारो नहीं
मैया से कहूंगी जाके
नैना, नैना डार बोली
देखो तेरे घर चली!
डर के हटा जों कान्हा
राधा ने भी रंग डारी

संग-संग रंग गए
राधा कृष्ण बारी बारी!
तन रंगा मन रंगा
कान्हा राधा-रंग रंगा
राधा रंगी कान्हा-रंग
रंग गयी कुंज गली।

धीरे धीरे धीरे धीरे
सब रंग छूट गए
श्याम रंग छूटे नहीं
हाय ! राधा हार चली!

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## गेंदबाजों के लिए बाउंसर व अंपायर्स के लिए स्मार्ट रीव्यू सिस्टम होंगे लागू

# नए नियम के साथ रोमांचक होगा आईपीएल 2024

भाषा। नयी दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का आगाज 22 मार्च को होना है. इस बार आईपीएल में दो ऐसे नियम आने वाले हैं, जिनसे अंपायर और गेंदबाजों को काफी राहत मिलने वाली है. साथ ही फैंस के लिए रोमांचक मुकाबले भी देखने को मिल सकते हैं. इस बार आईपीएल में ओपनिंग मुकाबला महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा. आरसीबी अब आईपीएल में नए नाम और नई जर्सी के साथ उतरेगी. आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस हैं. इस आईपीएल में गेंदबाजों के लिए बाउंसर और अंपायर्स के लिए स्मार्ट रीव्यू सिस्टम नियम लागू किया जाएगा. यानी कि इस बार गेंदबाज और अंपायर दोनों को ही काफी मदद मिलने वाली है.

**इन दोनों नियमों के बारे में जानिए...**




### 1. अब एक ओवर में दो बाउंसर डाल सकेंगे गेंदबाज

आईपीएल में अब गेंदबाजों को एक ओवर में दो बाउंसर डालने की अनुमति रहेगी. जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ओवर में एक ही बाउंसर डालने का नियम है. मगर आईपीएल में इस बार बदलाव किया गया है. इससे पहले भारतीय घरेलू टी20 टूर्नामेंट, सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इस नियम पर इस्तेमाल किया जा चुका है. इस नियम से मैच का रोमांच भी बढ़ेगा.

### 2. आईपीएल में आएगा स्मार्ट रीव्यू सिस्टम

इस बार आईपीएल में सबसे ज्यादा चर्चित नियम स्मार्ट रीव्यू सिस्टम लागू होगा. यह काफी सुर्खियों में भी है. इस नियम से अंपायर्स को काफी सहूलियत होने वाली है. ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक, अब से टीवी अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटर्स एक ही कमरे में बैठेंगे. इससे फैसला देने में टीवी अंपायर्स को काफी मदद मिलेगी.

दरअसल, अब तक ऐसा होता आता रहा है कि टीवी अंपायर और हॉक-आई के बीच टीवी ब्रॉडकास्ट डॉयरेक्टर काफी अहम होता था. टीवी अंपायर को कोई फैसला देने के लिए सारे फुटेज ब्रॉडकास्ट डॉयरेक्टर ही हॉक-आई से लेकर उपलब्ध कराता था. मगर अब टीवी ब्रॉडकास्ट डॉयरेक्टर का रोल खत्म हो जाएगा.

### टीवी अंपायर व हॉक-आई ऑपरेटर्स एक ही कमरे में बैठेंगे

अब से टीवी अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटर्स एक ही कमरे में बैठेंगे. इस तरह स्मार्ट रिप्ले सिस्टम के तहत अब टीवी अंपायर को हॉक-आई ऑपरेटर्स से सीधे जानकारी मिलेगी. अंपायर को हॉक-आई के आठ हाई स्पीड कैमरों से ली गई फोटो मिलेगी, जिससे फैसला देने में आसानी होगी. साथ ही नए नियम से टीवी अंपायर के पास अधिक विजुअल देखने की सहूलियत होगी, लेकिन पहले ऐसा नहीं हो पाता था. आप इस नियम को इस तरह समझ सकते हैं जैसे- यदि किसी फील्डर ने बाउंड्री पर कैच पकड़ा है, तो उस स्थिति में पहले टीवी ब्रॉडकास्टर फील्डर के हाथ और पैर दोनों को एक साथ स्प्लिट स्क्रीन पर नहीं दिखा पाते थे. मगर अब नए सिस्टम के तहत अंपायर के पास एक ही स्प्लिट स्क्रीन पर गेंद पकड़े जाने, छोड़े जाने के साथ ही पैरों की फुटेज भी मौजूज रहेगी. इससे सही और जल्दी फैसला देने में आसानी होगी. इस नियम को दूसरे उदाहरण से इस तरह समझ सकते हैं, जैसे- जब कोई ओवरथ्रो होता है और वो चौके के लिए जाता है, तब उस स्थिति में अंपायर एक ही स्प्लिट स्क्रीन में देख सकते हैं कि जब फील्डर ने गेंद को रिलीज किया था, तब दोनों बल्लेबाजों ने छोर बदले थे या नहीं. 2019 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के दौरान ऐसा ही एक मामला देखने को मिला था, जो काफी विवादित रहा था.

## 'किंग' वाले अंदाज में विराट को बैटिंग करते देखना चाहते है उनके फैंस

# आईपीएल 2024 में गूंजेगा नारा- 'गो किंग, गो किंग'

शुभम संदेश न्यूज डेस्क

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भले ही खुद के लिए 'किंग' शब्द पसंद न आए लेकिन उनके फैंस तो उन्हें इसी नाम से बुलाना पसंद करते हैं. कोहली भले ही ये शब्द सुनकर शर्मिंदा होते हों लेकिन उनके चाहने वाले तो उन्हें इसी रूप में देखते हैं- 'क्रिकेट का किंग', जो लौट आया है. आईपीएल 2024 में विराट के फैंस उन्हें अपने 'किंग' वाले अंदाज में बैटिंग करते हुए देखना चाहेंगे, ताकि वो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहली बार चैंपियन बना सकें और अब मैदान पर कोहली को चीयर करने के लिए उन्हें एक स्पेशल गाना भी मिल गया है- 'कोहली कॉलिंग, गो किंग-गो किंग'. पूरे दो महीनों बाद क्रिकेट एक्शन में लौट रहे विराट कोहली के लिए आईपीएल के टेलीविजन ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स की ओर से एक खास गाना लॉन्च किया गया है. करीब 100 सेकेंड के इस गाने में कोहली के जुझारूपने, उनके एग्रेशन, उनके खुद को चैलेंज करने जैसी खूबियों का जिक्र किया गया है. ये गाना कोहली फैंस को बिल्कुल खुश कर देगा और अगर आईपीएल के दौरान स्टेडियमों में कोहली कॉलिंग, गो किंग-गो किंग बजता हुआ सुनाई दे तो हैरानी नहीं होगी.




### विराट कोहली का गाना फैंस में भरेगा जोश

- कोहली के फैंस को बिल्कुल खुश कर देगा
- कोहली को लेकर फैंस की अलग दीवानगी

### कोहली-कोहली के शोर से गूंजा स्टेडियम

लेकिन कोहली को लेकर उत्साह और उम्मीदें सिर्फ इस गाने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि मैदान में भी ये साफ दिखा. इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर रहने वाले कोहली 17 मार्च को ही वापस लौटे और 18 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी के स्क्वॉड के साथ जुड़े. मंगलवार 20 मार्च को आरसीबी के स्पेशल इवेंट में भी कोहली को लेकर दीवानगी देखने को मिली. हजारों दर्शक इस इवेंट के लिए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूद थे और जैसे ही कोहली का नाम लेकर उन्हें स्टेज पर बुलाया गया, तो पूरा स्टेडियम कोहली-कोहली के शोर से भर उठा.

### क्या खत्म कर पाएंगे आरसीबी का इंतजार?

यहां तक तो ठीक है लेकिन अब नजरें 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट पर होंगी, जहां कोहली को अपने बल्ले का दम दिखाना पड़ेगा. पिछले दो महीने से क्रिकेट नहीं खेलने का असर क्या उनकी फॉर्म पर दिखेगा? टी20 वर्ल्ड कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए उन्हें जोरदार बैटिंग करनी होगी, क्या इसका दबाव उन पर दिखेगा? साथ ही डब्लूपीएल में महिला आरसीबी टीम ने खिताब जीता है, तो क्या आरसीबी को चैंपियन बनाने का दबाव उन पर होगा? 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले मैच से इसकी तस्वीर साफ होने लगेगी. लेकिन इतना तय है, स्टेडियम में फैंस 'कोहली कॉलिंग, गो किंग-गो किंग' जरूर गाएंगे.

## गोल्फर जारा को क्वीन सिरिकिट कप में संयुक्त बढ़त

**क्राइस्टचर्च।** भारतीय गोल्फर जारा आनंद ने कड़ाके की सर्दी के बीच क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे 44वें क्वीन सिरिकिट कप के पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर करके संयुक्त बढ़त बना ली. पंद्रह वर्ष की जारा को 2023 विजेता अवनि प्रशांत के नाम वापिस लेने के बाद भारतीय गोल्फ यूनियन ने टूर्नामेंट में जगह दी. वह चीनी ताइपै की चुन वेइ वू और जापान की ऐना फुजिमोतो के साथ शीर्ष पर है. भारत की विधात्री उर्स संयुक्त 20वें और हीना कांग संयुक्त 32वें स्थान पर है. टीम वर्ग में भारत छठे स्थान पर है, जबकि चीनी ताइपै शीर्ष पर है.

## आईपीएल में अच्छा खेला, तो राहुल की जगह पक्की : लैंगर

भाषा। नयी दिल्ली

लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिये. जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे. उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा. यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनायेंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है. उन्होंने कहा कि अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है. केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी , अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है. राहुल के अलावा लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी चयन की दौड़ में हैं .

लैंगर ने कहा कि केएल या बिश्नोई के लिये साफ संदेश है कि लखनऊ टीम के लिये अच्छा खेलने पर फोकस करें, टी20 विश्व कप टीम में जगह पाने के मौके बढेंगे.

## बाहरी दबाव के आगे घुटने मत टेकिए

### अफगानिस्तान ने श्रृंखला स्थगित करने पर सीए की निंदा की

भाषा। काबुल

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला स्थगित होने के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उनकी सरकार के दबाव के आगे घुटने नहीं टेकने का आग्रह किया है. क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ इस साल अगस्त में होने वाली घरेलू टी20 श्रृंखला स्थगित कर दी. उसने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के बदतर हालात का हवाला देकर यह फैसला लिया. तल्ख लहजे में लिखे गए पत्र में सीए के इस कदम की निंदा करते हुए एसीबी ने कहा कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक और द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने के क्रिकेट आस्ट्रेलिया के फैसले से निराश है. हम क्रिकेट को राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने की पैरवी करते हैं. अफगानिस्तान में क्रिकेट का काफी प्रभाव है और लोगों को यह खुशियां देता है. इससे पहले क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भी रद्द कर दिया था जिसके बाद यूएई में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला भी स्थगित कर दी गई. अफगानिस्तान बोर्ड का मानना है कि सीए आस्ट्रेलिया सरकार के निर्देशों पर काम कर रहा है. इसने कहा कि एसीबी क्रिकेट आस्ट्रेलिया से आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश होने के अपने दर्जे को समझने और उसका सम्मान करने का अनुरोध करता है. इसके साथ ही यह अनुरोध भी करता है कि बाहरी दबाव या राजनीतिक प्रभाव के आगे घुटने टेकने की बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशे.



**खास बातें**

- क्रिकेट को राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने की पैरवी की
- अफगानिस्तान में क्रिकेट का काफी प्रभाव है

## 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत तैयार : अनुराग

भाषा। नयी दिल्ली

खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा. 'राइजिंग भारत' सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिये आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिये तैयार होगा.

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये तैयार है. उन्होंने कहा कि हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है. खेलों के लिये भारत से बड़ा बाजार नहीं है. उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की. पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जायेंगे.



## मियामी ओपन के पहले दौर में हारी सिमोना हालेप

**मियामी गार्डन्स ।** दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिये जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6.1, 4.6, 3.6 से हार गई. रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी. वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है. अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था. उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया. दो दिन बाद मियामी ओपन में हालेप को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला. बाडोसा का सामना एरिना सबालेंका से होगा.

## आईपीएल सीजन में ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी ऑरेंज कैप जीतने में कामयाब रहे हैं

# ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदार 5 भारतीय खिलाड़ी


भाषा। नयी दिल्ली

आईपीएल के अब तक 16 सीजन हो चुके हैं. हर आईपीएल सीजन में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज ने अपनी घातक बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है. अब तक हुए 16 आईपीएल सीजन में ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी ऑरेंज कैप जीतने में कामयाब रहे हैं.


चाहे वह सचिन तेंदुलकर हों या विराट कोहली. शुभमन गिल हों या यशस्वी जायसवाल. इस बार भी कई भारतीय खिलाड़ी ऑरेंज कैप जीतने के दावेदार हैं. चलिए जानते हैं उन 5 खिलाड़ियों के बारे में जो आईपीएल 2024 में ऑरेंज कैप जीत सकते हैं.




**यशस्वी जायसवाल :** राजस्थान रॉयल्स के लिए आगामी आईपीएल सीजन में खेलने वाले युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ऑरेंज कैप जीतने की रेस में सबसे आगे हैं. उन्होंने पिछले आईपीएल सीजन में भी घातक बल्लेबाजी करते हुए 600 से ऊपर रन ठोक दिए थे. ऐसे में वह इस बार भी घातक प्रदर्शन कर ऑरेंज कैप की दावेदारी पेश कर सकते हैं.




**शुभमन गिल :** शुभमन गिल ने आईपीएल 2023 में घातक बल्लेबाजी करते हुए 890 रन ठोक दिए थे. इसमें 3 शतक भी शामिल थे. वह विराट कोहली के एक सीजन में बनाए गए सर्वाधिक रनों के रिकॉर्ड को तोड़ने से कुछ रन दूर रह गए. वह आईपीएल 2024 में भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक बार फिर ऑरेंज कैप अपने सिर सजा सकते हैं.



**विराट कोहली :** विराट कोहली के नाम आईपीएल में कई ऐसे धांसू रिकॉर्ड हैं, जिनका आने वाले कई सीजन में टूटना लगभग नामुमकिन सा लगता है. कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा 7 शतक और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं. आईपीएल 2024 में भी कोहली ऑरेंज कैप जीत सकते हैं. पिछले आईपीएल में भी कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की थी.



**ऋतुराज गायकवाड़ :** चेन्नई सुपर किंग्स के घातक ओपनर बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ भी इस सीजन ऑरेंज कैप जीतने के प्रबल दावेदार हैं. उन्होंने पिछले सीजन कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 590 रन ठोक दिए थे. वह एक बार ऑरेंज कैप जीत भी चुके हैं. उन्होंने 2021 में 635 रन बनाकर अपने सिर ऑरेंज कैप सजाई थी.



**ईशान किशन :** मुंबई इंडियन के दाएं हाथ के धाकड़ बल्लेबाज ईशान किशन भी आईपीएल 2024 में ऑरेंज कैप अपने नाम कर सकते हैं. ईशान पहली ही गेंद से प्रहार करने में माहिर हैं. वह आईपीएल में कई बार मुंबई के लिए मैच विनिंग पारियां भी खेल चुके हैं. पिछले सीजन किशन के बल्ले से 454 रन निकले थे, जोकि टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे.

**फीफा विश्व कप**

## अफगानिस्तान के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबला आज

# भारत की नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर टिकीं

भाषा। सउदी अरब

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी. मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं. दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है. दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में फिलहाल दूसरे स्थान पर है. मौजूदा एशियाई चैम्पियन कतर दो जीत के साथ छह अंक लेकर शीर्ष पर है. वहीं दोनों मैच हार चुकी अफगानिस्तान टीम आखिरी स्थान पर है. कुवैत के खिलाफ जीत दर्ज करके इगोर स्टिमक की भारतीय टीम ने पहली बार तीसरे दौर में जाने की उम्मीदें जगाई है.

### अफगानिस्तान को हराने से भारत के नौ अंक हो जाएंगे

विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान को (घरेलू और बाहर मैच) हराने से 117वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम के नौ अंक हो जायेंगे. कतर की टीम कुवैत को अगले दो मैच में हरा देगी तो भारत के पास दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका होगा. भारत ने कुवैत को कुवैत सिटी में 1.0 से हराया था जबकि भुवनेश्वर में कुवैत ने 3.0 से जीत दर्ज की थी. भारत और अफगानिस्तान के बीच 1949 में पहले मुकाबले के बाद से दोनों टीमें समय समय पर खेलती रही है. विश्व कप क्वालीफायर, एशियाई कप क्वालीफायर और अन्य उपमहाद्वीपीय तथा आमंत्रण टूर्नामेंटों में उनका सामना हुआ है.



**कई खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर हैं :** भारतीय टीम की अगुवाई 39 वर्ष के सुनील छेत्री और मनवीर सिंह करेंगे. छेत्री ने अफगानिस्तान के खिलाफ आठ मैचों में चार गोल किये हैं. वहीं पिछले दो साल में जैकसन ने लगातार 17 मैच खेले हैं. उनकी कमी टीम को कतर में एशियाई कप के दौरान खली थी. वहीं अफगानिस्तान के कई प्रमुख खिलाड़ी अफगानिस्तान फुटबॉल महासंघ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद से टूर्नामेंट से बाहर हैं. अफगानिस्तान के 18 खिलाड़ियों ने कुवैत और कतर के खिलाफ क्वालीफायर नहीं खेले थे.

## त्रिशा-गायत्री स्विस ओपन के दूसरे दौर में

भाषा। बासेल (स्विटजरलैंड)

भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई. पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड ओपन से पहले दौर में बाहर हुई भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट में 21.15, 21.12 से जीत दर्ज की. महिला युगल में तीन अन्य भारतीय जोड़ियों को पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा.

अश्विनी भट और शिखा गौतम को चौथी वरीयता प्राप्त हांगकांग की युंग एंगा तिंग और युंग पुइ लाम ने 21.13, 16.21, 21.14 से हराया. वहीं रितुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा को शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायु और सिति फादिया सिल्वा रामाधंती ने 21 . 4, 21.6 से मात दी. सिमरन सिंघी ओर रितिका ठाकेर को इंडोनिशया की त्रिया मायासारी और रिबका सुगिआर्तो ने 21.17, 21.7 से हराया.



**खास बातें**

- अमेरिका के एनी शू व कैरी शू को सीधे गेम में हराया
- भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट में जीत दर्ज की

## ब्रीफ खबरें

### स्कूल की दीवार के नीचे दबे तीन लोग

**नालंदा ।** नालंदा में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया. बिहार शरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी पहाड़ी मोहल्ले में स्कूल की दीवार गिरने से तीन लोग दबकर घायल हो गए. वहीं घायलों की पहचान सोहसराय के मंसूर नगर निवासी वीरेंद्र शर्मा बिचली अड़ान निवासी मो.शहाबुद्दीन एवं बड़ी पहाड़ी निवासी डोमन ठाकुर के रूप में की गई है. इधर, घायलों को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है.

### प्रत्यय अमृत को गृह सचिव बनाया गया

**पटना ।** बिहार सरकार ने सीनियर आईएएस अधिकारी



प्रत्यय अमृत को गृह सचिव बनाया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दिया है. 1991 के बैच प्रत्यय अमृत सीएम नीतीश कुमार के बेहद करीबी माने जाते हैं. दो दिन पहले ही चुनाव आयोग के निर्देश पर सीनियर आईएएस अधिकारी डॉ एस सिद्धार्थ समेत छह राज्य के गृह सचिव को हटाया गया था.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत


**खगड़िया ।** खगड़िया के पसराहा थाना अंतर्गत एनएच 31 पर मंगलवार देर रात्रि एक बाइक सवार की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई. इसके बाद मृतक के परिजनों में चीत्कार मचा हुआ है. बताया जा रहा है कि दूध लदा टैंकर तेज रफ्तार से नौगछिया की ओर जा रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को उसने कुचल दिया. मृतक की पहचान मधेपुरा जिला के चौसा थाना अंतर्गत कैलाश निवासी मोहम्मद अब्बास खान के पुत्र मो अनवारुल के रूप में हुई है. पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया है.

## बक्सर में किसान और पुलिस के बीच हुई झड़प

# 10 पुलिसकर्मी घायल, 16 गाड़ियों में लगाई आग

**संवाददाता । बक्सर**

बक्सर में जमीन अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर दूसरे दिन किसानों ने फिर जमकर प्रदर्शन किया. मुफस्सिल थाना अंतर्गत चौसा के निर्माणाधीन एसजेवीएन थर्मल पावर प्लांट के मुख्य द्वार को बुधवार सुबह एक हजार की संख्या में किसानों ने जाम कर दिया. पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर उनमें आग लगा दी. इस आगजनी में दस पुलिसकर्मी घायल हो गए. वहीं, एंबुलेंस, फायरब्रिगेड समेत 16 गाड़ियां फूंक दी. प्लांट के गेट पर भी आग लगा दी. आक्रोशित किसानों ने प्रतिनियुक्त अंचलाधिकारी चौसा के साथ झड़प की और उन पर जानलेवा हमला कर दिया. पुलिस हवाई फायरिंग करके भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की. दोनों तरफ से बीच-बीच में पत्थरबाजी भी हुई. इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. पूरे मामले में 24 नामजद तथा ढाई सौ से 300 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है. जिसमें अंचलाधिकारी चौसा को वादी बनाया गया है.



### 85 दिनों से प्रदर्शन चल रहा था

किसान 85 दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. किसानों ने मंगलवार को प्लांट के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए. उस समय पुलिस ने कुछ नहीं किया, लेकिन मंगलवार रात को पुलिस ने बनारपुर गांव में घुसकर मारपीट की. चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया. वहां मौजूद एक शख्स ने घटना का वीडियो बना लिया. पुलिस की ज्यादती के विरोध में बुधवार सुबह लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर प्लांट पर पहुंच गए और हमला कर दिया.

**बक्सर-कोचस रोड को जाम कर दिया :** उत्तेजित किसानों के द्वारा कुछ देर के लिए बक्सर कोचस मुख्य मार्ग को रोक दिया गया था. जिसे प्रशासनिक हस्तक्षेप से समाप्त कर दिया गया है. घटनास्थल पर उपमहानिरीक्षक शाहाबाद क्षेत्र जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक बक्सर कैंप कर रहे हैं. कांड दर्ज कर उपद्रवी तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. पर्याप्त मात्रा में बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर वरीय पदाधिकारियों के द्वारा स्थिति का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है.

**क्या है किसानों की मांगः** किसानों ने बताया कि चौसा में एसजेवीएन के द्वारा पावर प्लांट के लिए उनकी भूमि का अधिग्रहण 2010-11 से पहले ही किया गया था. उस वक्त उन्हें 2010-11 के अनुसार मुआवजे का भुगतान किया गया था. उसके बाद जब कंपनी ने 2022 में किसानों की जमीन अधिग्रहण करने की कार्रवाई शुरू की तब किसानों ने वर्तमान दर के हिसाब से जमीन का मुआवजा मांगा, जो देने के लिए कंपनी तैयार नहीं है. इस बीच मंगलवार की देर रात पुलिस ने घर में घुसकर महिलाओं पुरुषों और बच्चों पर लाठियां बरसाईं, जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हो गए.


## बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का लगेगा दिव्य दरबार

# 10 जून को उदवंतनगर आएंगे धीरेंद्र शास्त्री

- कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं

**संवाददाता । पटना**

जून में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद बिहार में अध्यात्म की धारा बहेगी, ऐसा इसलिए क्योंकि जून में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीसरी बार बिहार आ रहे है. पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 9 जून को भोजपुर के उदवंतनगर आएंगे. 10 जून को उदवंतनगर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य दरबार लगेगा. शास्त्री ने कार्यक्रम के लिए हामी भी भर दी है. कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं. आयोजन समिति इस कार्यक्रम को



लेकर तैयारी में जुट गई है. कार्यक्रम की शुरुआत 9 जून से हो जाएगी. पहले दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी. इसके बाद 10 से 12 जून कर हनुमत कथा का आयोजन होगा. इस बीच दो दिन बागेश्वर बाबा का दिव्य दरबार भी सजेगा. पिछले साल से ही उदवंतनगर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कार्यक्रम होना था लेकिन तिथि निर्धारित नहीं हो पा रही थी लेकिन अब 10 जून की तारीख तय कर ली गई है.

शास्त्री पहली बार पटना के तरेत में आये थे, जिसमें लाखों लोगों ने भाग लिया था. उनके आगमन को लेकर बिहार की सियासत खूब गरमाई थी. पिछले साल अक्टूबर महीने में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिवसीय प्रवास पर मोक्ष नगरी गया पहुंचे थे. गया में पितृपक्ष मेला के कारण उन्हें हनुमत कथा करने की अनुमति नहीं मिली थी, जिसके बाद वे जिस रिसॉट में ठहरे थे वहीं दिव्य दरबार लगा दिया था.

#### मांझी का तंज

### एनडीए के सच्चे सिपाही नहीं थे पशुपति पारस

**पटना ।** बिहार एनडीए में सीट बंटवारे से नाराज होकर रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस ने 19 मार्च को केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. साथ ही भाजपा पर नाइंसाफी का आरोप लगाया था. पशुपति पारस के आरोप को लेकर एनडीए के घटक दल हम के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा कि वो दो तरह की बात बोलते हैं. वो खुद को एनडीए का सिपाही कहते थे. लेकिन अगर वो एनडीए के सिपाही होते तो आदेश का पालन करते.

## लालू के करीबी राजद विधायक के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

#### छापेमारी के बाद राजद खेमे में मची हड़कंप

**संवाददाता । पटना**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बक्सर के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक शंभू नाथ यादव के ठिकानों पर छापेमारी की है. पटना से बक्सर पहुंची ईडी की अलग-अलग टीम राजद विधायक के सात ठिकानों पर छापेमारी की है. बक्सर के सदर, सिमरी, ब्रह्मपुर और चक्की प्रखंड क्षेत्र में विधायक से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की है. इस रेड के बाद राजद खेमे में हड़कंप मचा हुआ है. वहीं राजद नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार जानबूझकर लालू परिवार और राजद नेताओं को परेशान कर रही है. सूत्रों की मानें तो ईडी के अधिकारियों की टीम ने राजद विधायक शंभू नाथ यादव से जुड़ी संपत्तियों की तलाशी ली. यह तलाशी कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ली जा रही है.

### बाइक-हाइवा में टक्कर बीएमपी जवान की मौत

**सहरसा ।** बाइक और हाइवा ट्रक के टक्कर में बीएमपी जवान की मौत हो गई है. घटना बैजनाथपुर सोनवर्षाराज मुख मार्ग पर सौरबाजार नगर पंचायत कार्यालय के पास बुधवार को हुई. जानकारी के अनुसार चन्दौरपूर्वी पंचायत निवासी सीफो यादव का एकलौता पुत्र बीएमपी कांस्टेबल 30 वर्षीय ललन कुमार अपने गांव चन्दौरपूर्वी से सौरबाजार की ओर जा रहा था. जहां नगर पंचायत कार्यालय के सामने एक हाइवा ट्रक की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई है.

## अपराधी-माफियाओं से घिरे रहे लालू प्रसाद

# ईडी की कार्रवाई पर खेल रहे विक्टिम कार्ड : सुशील मोदी

**संवाददाता । पटना**

पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि लालू प्रसाद हमेशा ऐसे लोगों से घिरे रहे, जिनके लिए अपराध, भ्रष्टाचार और माफियागिरी सामान्य व्यवहार है. राजद के लिए भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं है. मोदी ने बुधवार को यहां कहा कि विधायक शंभूनाथ यादव, सुभाष यादव, अरुण यादव, राजबल्लभ यादव (पूर्व विधायक) जैसे लोगों को लालू प्रसाद संरक्षण देते रहे. जब इनके खिलाफ कार्रवाई हुई और ईडी के छापे पड़े तब विक्टिम कार्ड खेला जाने लगा. लालू परिवार भ्रष्टाचारियों को पीड़ित बता कर उनका राजनीतिक बचाव कर रहा है. मोदी ने कहा कि बालू-शराब माफिया के लोग राजद की पॉलिटिकल फंडिंग करते रहे और लालू परिवार के कालेधन को सफेद करने में भी पीछे नहीं रहे. उन्होंने कहा जिस सुभाष यादव की कंपनी पर ईडी का छापा पड़ा, उसने राबड़ी देवी के तीन फ्लैट एक ही दिन खरीदे थे. क्या इस पर जांच एजेंसियों को पूछताछ नहीं करनी चाहिए?

### वाहन चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**सहरसा ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में प्रवेश करने वाले सभी रास्ते पर चेकपोस्ट बनाया गया है. पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी चेकपोस्ट पर वाहनों की सघन तलाशी अभियान चलायी जा रही है. सभी थाना क्षेत्रों में भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. उसी क्रम में जिले के बिहरा थाना की पुलिस ने दिवा गश्ती में गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम विशनपुर एसडीएम कॉलेज के पास से दो व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया. जिसकी पहचान अमित कुमार, सहरसा एवं राहुल कुमार, सुपौल के रूप में हुई है.

# पुलिस ने कस्टडी से फरार हुए दो अपराधी को मारी गोली, घायल

**संवाददाता । मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर पुलिस ने मंगलवार देर रात को एनकाउंटर किया है. सिकंदरपुर पुलिस की गिरफ्त से दो बदमाश फरार हो गये. दोनों को लूट व हथियार के साथ पुलिस ने पकड़ा था. मंगलवार की देर शाम एसकेएमसीएच से इलाज करा कर लौटने के क्रम में दोनों जीरोमाइल के समीप पुलिस जीप से कूद कर भाग गये. इसको लेकर अलग से एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है. वहीं भागे हुए दोनों अपराधी की खोजबीन शुरू हुई. इसी दौरान अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलायी. दोनों अपराधियों के पैर में गोली लगी है. बताया जाता है कि सिकंदरपुर थानेदार देवव्रत कुमार ने अहियापुर के संतोष व सचिन सहित तीन अपराधी को छापेमारी कर दोपहर को गिरफ्तार किया था. पूछताछ के बाद पुलिस तीनों को मेडिकल जांच कराने एसकेएमसीएच ले गयी.

लौटने के क्रम में पुलिस को चकमा देकर संतोष व सचिन फरार हो गये. भागने की सूचना एसएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों को दी गयी. इसके बाद शहर से ग्रामीण इलाकों में वाहन जांच अभियान भी चलाया गया. लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चला.

**दोनों के पैर में लगी गोली :** वहीं पुलिस की खोजबीन के दौरान ही मंगलवार की देर रात दो बजे के करीब दोनों अपराधियों को पुलिस ने इनकाउंटर में गोली मार कर जख्मी कर दिया. पुलिस ने झपहा में घेराबंदी की, इस पर दोनों फायरिंग करने लगे. पुलिस की ओर चली गोली दोनों के पैर में लगी है. दोनों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है.

## कारोबार

### जोमैटो : हरे रंग की वेशभूषा का फैसला पलटा

**नयी दिल्ली ।** खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन आपूर्ति करने वाली कंपनी जोमैटो ने शाकाहारी उत्पादों की आपूर्ति के लिए एक अलग सेवा शुरू करने को लेकर बुधवार को कहा कि उसके सभी कर्मचारी पहले की तरह सिर्फ लाल रंग की वेशभूषा में ही नजर आएंगे. मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शाकाहारी उत्पादों की आपूर्ति करने वाले कर्मचारियों को हरे रंग की वेशभूषा पहनाने का विचार छोड़ा जा रहा है और सभी आपूर्तिकर्ता लाल रंग की वेशभूषा में ही रहेंगे.

### कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है. ब्रेंट क्रूड का मूल्य 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये उपलब्ध है.

### डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे मजबूत


**मुंबई ।** अमेरिकी फेड नीति की घोषणा से पहले बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसे की बढ़त के साथ 83.02 पर पहुंच गया. घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.03 के पिछले बंद स्तर के मुकाबले 83.00 पर खुला. शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था. कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और विदेशी फंड की निकासी के बीच स्थानीय मुद्रा मंगलवार को 13 पैसे लुढ़कते हुए पिछले महीने में पहली बार 83 के स्तर से नीचे आ गई. पिछले सात सत्रों में डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट आई है.

## द्वारका एक्सप्रेसवे के आसपास के जमीन हुए महंगे

# पिछले 10 वर्षों में 83 प्रतिशत तक बढ़ गई घरों की कीमत

**भाषा । नयी दिल्ली**

राजधानी से सटे गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के आसपास की आवासीय परियोजनाओं में घरों की औसत कीमतें पिछले 10 वर्षों में 83 प्रतिशत तक बढ़ी हैं और इस एक्सप्रेसवे का पहला खंड खुलने के साथ कीमतों में आगे और भी तेजी आ सकती है. रियल एस्टेट विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्च की शुरुआत में कुल 29 किलोमीटर लंबे द्वारका एक्सप्रेसवे में से 19 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन किया था. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के संकलित आंकड़ों के मुताबिक, 2013 और 2023 के बीच लगभग 53,000 आवास इकाइयां एक्सप्रेसवे के आसपास शुरू की गईं जिनमें से 80 प्रतिशत से अधिक इकाइयों की बिक्री पहले ही हो चुकी है. द्वारका एक्सप्रेसवे के प्राथमिक आवासीय बाजार में घरों की औसत कीमतें 2013 में 4,530 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2023 में 8,300 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं.



#### खास बातें

- इस साल के अंत तक बिक्री 50 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद
- अगले 2-3 वर्षों में 20-40% मूल्य वृद्धि का संकेत मिलता है

रियल्टी फर्म सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर मांग-आपूर्ति मजबूत रहेगी, जिससे कीमतों में बढ़ोतरी होगी.

उन्होंने कहा, अगले दो-तीन वर्षों में 20-40 प्रतिशत मूल्य वृद्धि का संकेत मिलता है. रियल्टी फर्म क्रिसुमी कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा कि इस क्षेत्र में संपत्ति की कीमतें पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी हैं और एक्सप्रेसवे के चालू होने से आने वाले महीनों में दरें 10-15 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं. एलन ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत डावर ने कहा कि लगभग 10-15 प्रतिशत मूल्य वृद्धि की संभावना दिख रही है. एमवीएन इन्फ्रा के उपाध्यक्ष और बिक्री एवं विपणन प्रमुख धीरज डोगरा ने कहा, लक्जरी घरों के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बना हुआ है. इस साल के अंत तक बिक्री लगभग 50 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है. एनारॉक के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा, 2020 और 2023 के बीच इस क्षेत्र में घरों की औसत कीमतों में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. अब एक्सप्रेसवे के चालू होने के साथ इसके और बढ़ने की संभावना है.

#### ब्रिटेन मुद्रास्फीति

### खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में ढाई साल के निचले स्तर पर

**लंदन ।** ब्रिटेन में खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में अनुमान से कहीं कम 3.4 प्रतिशत रही है, जो सितंबर, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को फरवरी के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत रही है. जनवरी में यह चार प्रतिशत थी. फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर, 2021 के बाद सबसे कम है. खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट के पीछे खाद्य कीमतों में आई नरमी की अहम भूमिका रही है. फरवरी में मुद्रास्फीति का आंकड़ा विश्लेषकों के अनुमान से कहीं अधिक है. विश्लेषकों ने 3.6 प्रतिशत मुद्रास्फीति का अनुमान जताया था. हालांकि, यह आंकड़ा अब भी बैंक ऑफ इंगलैंड के दो प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है. रूस-यूक्रेन संघर्ष की वजह से वर्ष 2022 में मुद्रास्फीति के 11 प्रतिशत पर पहुंच जाने के बाद से इसे नीचे लाने के लिए कोशिशें की जा रही हैं. खुदरा मुद्रास्फीति में आई इस गिरावट से ब्रिटिश केंद्रीय बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर के मोर्चे पर राहत की उम्मीदें बढ़ गई हैं. हालांकि, जानकारों का मानना है कि बैंक ऑफ इंग्लैंड ब्याज दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है.

#### इवेंट




**मुंबई ।** नवविवाहित जोड़ी जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह मुंबई में प्राइम वीडियो प्रजेंट इवेंट की पार्टी के दौरान.

#### अवाडा डीवीसी

### अवाडा ने बिजली खरीदने के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली ।** अवाडा एनर्जी की शाखा अवाडा इनक्लीन ने गुजरात में 421 मेगावाट की अपनी सौर परियोजना से दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) को बिजली की आपूर्ति करने का समझौता किया है. कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह गुजरात में 421 मेगावाट की सौर बिजली परियोजना स्थापित करने की योजना बना रही है. इस परियोजना में पैदा होने वाली बिजली डीवीसी को बेचने के 25 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं. अवाडा ग्रुप के चेयरपर्सन विनीत मित्तल ने कहा अवाडा एनर्जी तापीय/पनबिजली स्टेशनों के उत्पादन और शेड्यूलिंग में लचीलेपन के लिए बिजली मंत्रालय की योजना के तहत बिजली खरीद समझौता करने वाली पहली कंपनी बन गई है.

# जेएसडब्ल्यू 5,000 करोड़ रुपये करेगी निवेश

**भाषा । मुंबई**

#### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और सितंबर के बाद हर तीन से छह महीने में एक नया मॉडल पेश करेगी. जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने बुधवार को साझेदारी को अंतिम रूप देने की घोषणा करते हुए कहा कि नवीन ऊर्जा खंड में चीन की एसएआईसी और भारत की जेएसडब्ल्यू ग्रुप का नया बना संयुक्त उपक्रम इस खंड में 'मारुति' जैसा माहौल पैदा करना चाहेगा. संयुक्त उद्यम का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत में 10 लाख यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों को बेचने का है. कंपनी को उस समय तक कुल बाजार एक करोड़ वाहन सालाना का होने की उम्मीद है.

## अध्ययन — कचरे का लगभग 67% पांच राज्यों राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश व तमिलनाडु से आएगा

# भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलो टन होगा

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है. बुधवार को जारी एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, यह ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल (तरणताल) को भरने के बराबर है. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और स्वतंत्र शोध संस्थान काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया कि इस कचरे का लगभग 67 प्रतिशत पांच राज्यों राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से आएगा. भारत के सौर उद्योग में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को सक्षम करना सौर



#### खास बातें

- सौर कचरा 2030 तक बढ़कर 340 टन हो जाएगा
- वहीं 2050 तक बढ़कर 19,000 किलोटन हो जाएगा

अपशिष्ट मात्रा का आकलन शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया है कि भारत में मौजूदा (बीते वित्त वर्ष तक) स्थापित 66.7 गीगावाट क्षमता से पहले से ही 100 किलोटन कचरा पैदा हो रहा है, जो 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा. इसमें लगभग 10 किलोटन सिलिकन, 12 से 18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम और टेलरियम होगा. इन सामग्रियों को दोबारा प्राप्त करने के लिए सौर कचरे का पुनर्चक्रण करने से आयात निर्भरता कम होगी और भारत की खनिज सुरक्षा बढ़ेगी. शोध में पाया गया कि शेष 260 किलोटन कचरा 2024 से 2030 के बीच स्थापित होने वाली नई क्षमताओं से पैदा होगा. अध्ययन में कहा गया है कि सौर कचरा 2050 तक बढ़कर 19,000 किलोटन हो जाएगा, जिसमें से 77 प्रतिशत नई क्षमताओं से पैदा होगा. सीईईडब्ल्यू ने कहा कि यह भारत के लिए सौर उद्योग के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था के अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने और जुझारू सौर आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने का एक अवसर है. भारत ने 2030 तक लगभग 292 गीगावाट सौर क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है, जिससे सौर पीवी कचरा प्रबंधन पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक कारणों से महत्वपूर्ण हो जाएगा.

#### शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स

# 1,000 करोड़ के निवेश होगा

**भाषा । नयी दिल्ली**

शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स बढ़ती घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने और एक कंडक्टर इकाई लगाने के लिए लगभग 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है. कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एन विश्वेश्वर रेड्डी ने कहा कि इस निवेश राशि का उपयोग वाईएसआर जिले (पूर्व में कडपा जिला) में कंडक्टर विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भी किया जाएगा. रेड्डी ने बातचीत में कहा कि कंपनी अगले 8-12 महीनों में इन व्यावसायिक योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए आंतरिक संसाधनों का उपयोग करेगी. उन्होंने कहा कि शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (एसएसईएल) ट्रांसफॉर्मर निर्माण की अपनी सालाना क्षमता को 33,500 एमवीए से बढ़ाकर 53,000 एमवीए तक ले जाएगी. कडपा इकाई की मौजूदा क्षमता 10,000 एमवीए है, जबकि उत्तर प्रदेश के नैनी में स्थित इकाई की क्षमता 20,000 एमवीए है. वहीं समूह की सूचीबद्ध इकाई इंडो टेक ट्रांसफॉर्मर्स लिमिटेड की स्थापित क्षमता 3,500 एमवीए है. रेड्डी ने कहा कि कंपनी की योजना कडपा संयंत्र की क्षमता को 25,000 एमवीए तक बढ़ाने और चेन्नई के पास इंडो टेक ट्रांसफार्मर इकाई की क्षमता को 8,000 एमवीए तक बढ़ाने की है. वहीं नैनी संयंत्र में क्षमता उपयोग को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना है.

## ब्रीफ खबरें

### राहत शिविर में रह रहे चार बच्चे नदी में डूबे

**चुराचांदपुर।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में अपने परिवार के साथ रह रहे चार बच्चे नदी में डूब गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है. वे राज्य में जातीय संघर्ष के कारण तुईबुओंग में 'ईसीए कनान' राहत शिविर में रह रहे थे. वे अपने शिविर के पास तुइथा नदी में नहाने गये थे. जब वे काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो उनके परिवार वालों ने शिविर में रह रहे अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी तलाश शुरू कर दी.

### परभणी में बस पुल से गिरी, 30 यात्री घायल

**मुंबई ।** परभणी जिले में बुधवार सुबह राज्य परिवहन की एक बस पुल से गिर गई, जिससे बस में सवार लगभग 30 यात्री घायल हो गए हैं. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. दुर्घटना के समय बस परभणी के जिंतूर से सोलापुर की ओर जा रही थी. अधिकारी ने बताया कि बस चालक के नियंत्रण खो देने से यह हादसा हुआ. उन्होंने बताया कि मुंबई से लगभग 500 किमी दूर स्थित परभणी के जिंतूर तालुका के अकोली में बस एक पुल से नीचे गिर गई. पुलिस अधीक्षक रवींद्रसिंह परदेशी ने कहा, इस हादसे में 30 यात्री घायल हो गए हैं.

### टीएमसी नेता के घर पर आईटी ने की छापेमारी

**कोलकाता ।** आयकर (आईटी) विभाग की जांच शाखा के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता स्वरूप विश्वास के यहां स्थित आवास पर बुधवार को छापा मारा. आयकर सूत्रों ने यह जानकारी दी. स्वरूप पश्चिम बंगाल के बिजली मंत्री अरूप विश्वास के भाई हैं. उन्होंने बताया कि आईटी अधिकारी कर चोरी और आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में शहर में स्वरूप के छह परिसरों पर तलाशी अभियान चला रहे हैं. उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान बुधवार सुबह शुरू किया गया है.

### सत्ता में आएंगे तो सीएए खत्म कर देंगे : द्रमुक

**चेन्नई ।** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल सत्तारूढ़ दल द्रमुक ने बुधवार को जारी अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी गठजोड़ सत्ता में आया तो सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा. द्रमुक ने अपने घोषणापत्र में केंद्र सरकार द्वारा स्थापित नीति आयोग को भंग करने और फिर से योजना आयोग का गठन करने का भी वादा किया है. किसानों के लिए ऋण और ब्याज माफ करना, छात्रों के लिए शिक्षा ऋण माफ करना आदि शामिल है. द्रमुक ने राष्ट्रीय राजमार्गों से टोल बूथ पूरी तरह हटाने का भी वादा किया है.

### असम की पांच लोस सीट के लिए अधिसूचना जारी

**गुवाहाटी ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में असम में पांच सीटों पर होने वाले मतदान के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी की गई. निर्वाचन कार्यालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. असम की 14 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को होंगे. पहले चरण में काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़ और लखीमपुर में 19 अप्रैल को मतदान होगा.



वाराणसी में रंगभरी एकादशी के अवसर पर बुधवार को एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते भक्त.

होलियाना मूड में आए लोग : बुधवार को मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में होली उत्सव के दौरान भक्त रंगों के साथ जश्न मनाते हुए.

#### आईसीएआई ने जारी किया नया शिड्यूल

## सीए फाइनल व इंटर परीक्षा की तारीखों में हुआ बदलाव

**भाषा। नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव को लेकर चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) के फाइनल और इंटरमीडिएट परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया गया है. द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने नया शिड्यूल जारी कर दिया है. नये शिड्यूल के अनुसार, सीएम इंटर और फाइनल की परीक्षा मई में ही आयोजित की जायेगी. लेकिन सिर्फ तारीखों में बदलाव किया गया है.

ग्रुप 1 के लिए इंटरमीडिएट कोर्स की परीक्षा 3, 5 और 9 मई को होगी. इससे पहले परीक्षा 3, 5 और 7 मई को होने वाली थी. वहीं ग्रुप 1 के लिए इंटरमीडिएट कोर्स की परीक्षा 11, 15 और 17 मई को आयोजित की जायेगी, जो पहले 9, 11 और 13 मई को होनी थी.

### फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा की तिथियों में बदलाव नहीं

सीए फाइनल ग्रुप 1 की परीक्षा 2, 4 और 8 मई को होगी, जो पहले 2, 4 और 6 मई को निर्धारित थी. वहीं सीए फाइनल ग्रुप 2 के की परीक्षा 10, 14 और 16 मई को आयोजित की जायेगी, जो पहले 8, 10 और 12 मई को होने वाली थी. हालांकि आईसीएआई ने सीए फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाओं की तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया है. सीए फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं 20, 22, 24 और 26 जून को ही होंगी.

#### पीएम बोले-भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा

# रोजगार व वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा होंगे

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे. उन्होंने कहा, हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा. अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें. उन्होंने कहा कि एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है.

**बेहतर तंत्र बनाने की तैयारी भी होगी :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने हजारों करोड़ रुपये के निवेश के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन बनाने का फैसला किया है और स्टार्टअप के वित्तपोषण के लिए एक बेहतर तंत्र बनाने की तैयारी भी कर रहा है. उन्होंने कहा, देश ने हजारों करोड़ के निवेश के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन बनाने का फैसला किया है...अंतरिम बजट में शोध एवं नवाचार के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष की घोषणा की गई है. इससे उभरते क्षेत्रों में दीर्घकालिक अनुसंधान में मदद मिलेगी. प्रधानमंत्री ने यह भरोसा भी जताया कि उनकी सरकार आगामी आम चुनाव के बाद पूर्ण बजट लेकर आएगी. प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 100 स्टार्टअप भी नहीं थे और अब यह संख्या लगभग 1.25 लाख हो चुकी है. उन्होंने कहा, लगभग 12 लाख युवा उन स्टार्टअप से सीधे जुड़े हुए हैं. हमारे पास 110 से अधिक यूनिकॉर्न हैं. हमारे स्टार्टअप ने 12,000 से अधिक पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं.





### युवा अब नौकरी देने वाले बन रहे हैं

प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप कंपनियों को पेटेंट आवेदन में तेजी दिखाने की सलाह देते कहा कि ऐसा न करने पर कोई दूसरा उनके नवोन्मेषण का उपयोग करना शुरू कर देगा. उन्होंने कहा कि भारत में युवा अब नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाले बन रहे हैं. उन्होंने कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप कंपनियों का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि नवाचार संस्कृति न केवल विकसित भारत के लिए बल्कि दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है. उन्होंने यूनिकॉर्न कंपनियों से अपील की कि वे नए विचारों का उसी तरह समर्थन करें जैसा उन्हें तब मिला था जब वे आगे बढ़ रही थीं. प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपने चुनाव अभियान में भी एआई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं और तमिल, तेलुगू और अन्य भाषाओं में अपने बयान साझा कर रहे हैं.

### कई देशों की समस्याओं का समाधान करेंगे

उन्होंने कहा, एआई क्षमताओं का नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा और रहना चाहिए. मुझे विश्वास है कि 'वैश्विक अनुप्रयोगों (एप्लिकेशन) के लिए भारतीय समाधान' की धारणा एक ताकत होगी. भारतीय नवप्रवर्तकों के समाधान कई देशों की समस्याओं का समाधान करेंगे. उन्होंने कहा कि एआई उद्योग के आने से युवा नवप्रवर्तकों के लिए कई नौकरियां पैदा हो रही हैं और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा हो रहे हैं. पीएम ने अपने भाषण में राष्ट्रीय क्वॉन्टम मिशन, भारत एआई मिशन और सेमीकंडक्टर मिशन का भी उल्लेख किया. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पहले सुपरकंडक्टिंग और फोटोनिक प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न मंचों में आठ वर्षों में 50-1000 भौतिक क्यूबिट के साथ मध्यवर्ती पैमाने के क्वॉन्टम कंप्यूटर विकसित करने के लिए राष्ट्रीय क्वॉन्टम मिशन को मंजूरी दी.

### केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी ने आज बुलाया

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शराब नीति घोटाला मामले में केजरीवाल द्वारा दायर की गयी याचिका पर बुधवार को पूछा कि वह ईडी के सामने पेश क्यों नहीं हो रहे हैं? प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केजरीवाल को नौवां समन जारी कर आज पूछताछ के लिए तलब किया है. सीएम ने ईडी के समन के खिलाफ मंगलवार को याचिका दायर की थी, जिस पर हाई कोर्ट ने यह बात केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से बुधवार को सुनवाई के क्रम में पूछी. अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट के समक्ष अपनी बात रखी कि केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन आशंका जताई कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है. सिंघवी ने सीएम केजरीवाल का पक्ष रखते हुए कहा कि वह पूछताछ के लिए वर्चुअली पेश होने को तैयार हैं.

## असामाजिक तत्वों ने जुलूस पर पथराव, दर्जनभर घायल

**भाषा। जयपुर**




राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में मंगलवार रात एक हिंदू धार्मिक जुलूस पर किए गए पथराव में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए. इसके बाद इलाके में तनाव पैदा हो गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अन्य घायल लोगों के साथ प्राथमिक इलाज करा रहे एक व्यक्ति की भी देर रात मौत हो गई और प्रथम दृष्टया उसकी मौत का कारण हृदयाघात बताया जा रहा है. अधिकारियों के अनुसार, यह घटना राशमी पुलिस थाना क्षेत्र में हुई जहां मंगलवार रात एक हिंदू जुलूस (ठाकुर जी के बेवाण) निकाला जा रहा था. अधिकारियों ने बताया कि विवाद तब हुआ जब कुछ मुस्लिम पुरुषों ने उनके धार्मिक स्थल से जुलूस निकाले जाने पर आपत्ति जताई. विवाद के बाद उन्होंने पथराव शुरू कर दिया, जिसमें करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए. कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन बाद में एक व्यक्ति की मौत हो गई और प्राथमिक तौर पर मौत का कारण हृदयाघात बताया जा रहा है. मरने वाले शख्स की पहचान श्याम लाल छीपा के रूप में हुई. जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि घटना के सिलसिले में 18 लोगों को पकड़ा गया है.

#### भारतीय मूल की पूर्व गवर्नर निक्की हैली ने 14% मत हासिल किए

## बाइडन-ट्रंप ने प्राइमरी चुनाव जीते

**भाषा। वाशिंगटन**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अपने दलों के प्राइमरी चुनाव जीत लिए हैं जिससे इन दोनों नेताओं के बीच इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में फिर से मुकाबला होने की संभावना बढ़ गई है. दोनों ही नेता अपने-अपने दलों के संभावित उम्मीदवार हैं.

77 वर्षीय ट्रंप और 81 साल के बाइडन ने मंगलवार को एरिज़ोना, इलिनोइस, कन्सास और ओहायो में जीत हासिल की. ट्रंप ने फ्लोरिडा में भी रिपब्लिकन प्राइमरी में जीत हासिल की जहां डेमोक्रेट अपने प्राइमरी चुनाव नहीं करा रहे हैं. फ्लोरिडा में ट्रंप ने रिपब्लिकन प्राइमरी में सभी 125 डेलीगेट हासिल किए. दक्षिण कैरोलिना की भारतीय मूल की पूर्व गवर्नर निक्की हैली ने 14 प्रतिशत मत हासिल किए जबकि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस को चार फीसदी मत मिले. हेली और डेसेंटिस दोनों ही राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट गए हैं. ट्रंप फ्लोरिडा के मतदाता हैं और उन्होंने पाम बीच पर स्थित एक मनोरंजन केंद्र में मंगलवार को वोट डालने के बाद मुस्कुराते हुए पत्रकारों से कहा, मैंने डोनाल्ड ट्रंप को वोट दिया है. ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार ब्रायन ह्यूजेस ने कहा कि नतीजों पर पूर्व राष्ट्रपति का असर पूरी तरह से दिखा. उन्होंने कहा कि फ्लोरिडा में उनका असर नवंबर तक जारी रहेगा. एरिज़ोना में हेली ने आश्चर्यजनक रूप से 20 फीसदी मत हासिल किए. ट्रंप को 76.2 प्रतिशत वोट के साथ दांव पर लगे सभी 43 डेलीगेट हासिल हुए.

#### चुनाव के दौरान मुफ्त सौगातों का वादा करने का मामला

## उच्चतम न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**भाषा। नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई. आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे



राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द करने और चुनाव चिह्न जब्त करने के अपने अधिकारों का उपयोग करे. मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा, यह महत्वपूर्ण है. हम इसे कल लेंगे.

### यूट्यूबर एल्विस यादव के दो साथी गिरफ्तार

**नोएडा ।** रेव पार्टी आयोजित करने और नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव के दो साथियों को नोएडा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया. पुलिस उपायुक्त ने यह जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि ईश्वर और विनय को मंगलवार की रात को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था. पूछताछ में पता चला कि ये लोग एल्विश से संबद्ध थे. इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, पूछताछ में यह भी पता चला कि ईश्वर पूर्व में पकड़े गए सपेरे राहुल के संपर्क में था. ईश्वर और विनय को बुलाकर उससे सांप का जहर निकलवाते थे.

#### बदायूं में दो भाइयों की हत्या का मामला

## मुख्य आरोपी साजिद का एनकाउंटर, इंस्पेक्टर घायल

**बदायूं (यूपी) ।** बदायूं की मंडी समिति पुलिस चौकी से 500 मीटर दूर बाबा कॉलोनी में मंगलवार शाम साढ़े छह बजे ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बेटों आयुष (13) और अहान (6) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई. उनके मकान के सामने हेयर सैलून चलाने वाले साजिद ने अपने दो साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया. वारदात के तीन घंटे के बाद पुलिस ने मौके से करीब दो किमी दूर घेराबंदी कर आरोपी साजिद को मुठभेड़ में मार गिराया. मुठभेड़ में इंस्पेक्टर गौरव विश्नोई भी घायल हुए हैं. साजिद ने बड़ी ही बेरहमी से दोनों बच्चों का कत्ल कर दिया. उसके हाथ बच्चों के खून से सने हुए थे. उसके पूरे शरीर पर खून ही खून लगा था. पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी साजिद उनके घर से निकलकर भागा था. जब थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने बताया कि हत्यारोपी खून से सना हुआ घर से बाहर निकलकर भागा हुआ है. इससे पुलिस उसके पीछे लग गई. इंस्पेक्टर गौरव बिश्नोई और एसओजी टीम उसे खोजती हुई शेखूपुर के जंगल में पहुंच गई. पुलिस के मुताबिक पहले आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिससे पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी.

### रेवाड़ी कारखाना विस्फोट 4 श्रमिकों की मौत

**रेवाड़ी (हरियाणा)।** रेवाड़ी में धारूहेड़ा के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक कलपुर्जा विनिर्माण कंपनी के कारखाने में बॉयलर में विस्फोट होने से घायल हुए चार श्रमिकों की मौत हो गई है, वहीं 10 से अधिक लोगों की हालत गंभीर है. पुलिस निरीक्षक जगदीश चंदर ने कहा कि रोहतक के पीजीआईएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार रात को तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की सफदरजंग अस्पताल में मृत्यु हो गई.





### कॅरियर-काउंसिलिंग

# बिग डाटा में बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

बिग डाटा में भारी मात्रा में डाटा शामिल होता है, जिसे प्रोसेस और मैनेज करने के लिए बिग डाटा इंजीनियर की आवश्यकता होती है. इसमें अनस्ट्रक्चर्ड, सेमी-स्ट्रक्चर्ड और स्ट्रक्चर्ड डाटा का उपयोग आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग प्रोजेक्ट, मॉडल प्रेडिक्शन और एडवांस्ड एप्लीकेशन में किया जा सकता है. हर दिन इंटरनेट यूजर्स एक्सपोनेंशियल ग्रोथ के साथ, व्यूवर या सब्सक्राइबर वीडियो, इमेज, आर्टिकल्स, कमैंट्स, ऑर्डर्स आदि के रूप में मल्टीप्ल क्लिक जनरेट करते हैं. आमतौर पर, इन सभी गतिविधियों के कारण अनस्ट्रक्चर्ड डाटा प्रोड्यूस होता है. बिग डाटा इंजीनियर उस अनस्ट्रक्चर्ड डाटा को स्ट्रक्चर्ड डाटा में बदल देते हैं.



### बिग डाटा इंजीनियर बनने के लिए कोर्सेज

- एमएससी डाटा इंजीनियरिंग
- एमएससी डाटा साइंस
- एमएससी डिजिटल एंड बिग डाटा फोर वेल्यू
- एमएससी डाटा अनालाइटिक्स एंड इन फॉरमेशन सिस्टम
- एमएससी डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी बिग डाटा
- एमएससी बिग डाटा टेक्नोलॉजी
- एमएससी बिग डाटा टेक्नोलॉजी
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी ह्युमन सेंटेरेड बिग डाटा एंड आर्टिफिशिअल इंटिलेलिजेंस
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी कंप्यूटर साइंस- साइबर सिक्यूरिटी
- एमएससी बिग डाटा टेक्नोलॉजी
- एमएससी बिग डाटा एंड बिजनेस अनालाइटिक्स
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स अप्लाइड मोडलिंग एंड क्वानटिटेटिव मेथड
- एमएससी बिग डाटा

### भारतीय संस्थान

- सभी आईआईटी
- लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर
- विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुरथकाली
- एपीजी शिमला विश्वविद्यालय, शिमला
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- अखिल भारतीय श्री शिवाजी मेमोरियल सोसाइटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे
- विग्नन विश्वविद्यालय, गुंटुरी
- सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)